आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 101, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 15

अनुष्का ने ननद के पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन 16




**एक पेड़ मां के नाम**

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

# बदलेगी मलिन बस्तियों की सूरत, बनेंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस तरह चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में मलिन बस्तियों की तस्वीर बदल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तमाम भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिंता प्रकट की कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बन गई है।

**मुख्यमंत्री का निर्देश**



● हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन, पास में हो बाजार, पार्क

### नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन हो

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी किसी की रिक्तता न हो। हर काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने विशेष केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किए जाने की कवायद चल रही है। हर एक योजना समय से पूरी हो, हर एक कार्य की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी कराएं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

### होर्डिंग नहीं, एलईडी डिस्प्ले को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें।

## एक नजर

### कोटा में छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पेइंग गेस्ट (पीजी) में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले का मूल निवासी संदीप कुमार कुर्मी दो साल से कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए तैयारी कर रहा था और महावीर नगर-3 में पीजी में रहता था। महावीर नगर पुलिस थाने के प्रभारी महेंद्र मारू ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग सात बजे किशोर का सहपाठी उसके कमरे में गया जहां उसने देखा कि कुर्मी छत के पंखे से लटका हुआ है।

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

### नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है।

# हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

## गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

● सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

**आगरा।** हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

# टीएमयू में छात्र ने फंदे पर लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, पाकबड़ा/मुरादाबाद



● एमडी एनेस्थीसिया द्वितीय वर्ष का छात्र था डॉ. ओशो राग

● फॉरेंसिक टीम ने कमरे से एकत्र कीं दवाइयां और अन्य साक्ष्य

**अमृत विचार** : टीएमयू में झारखंड के रहने वाले एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ने गुरुवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। टीएमयू में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी घटना है। पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से कुछ दवाइयां कब्जे में ली हैं। झारखंड (रांची) के रहने वाले डॉक्टर ओशो राग चौधरी (28) ने दो साल पहले तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में एमडी एनेस्थीसिया के कोर्स में प्रवेश लिया था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि चौधरी हॉस्टल के कमरा नंबर 106 में रहता था।

गुरुवार को ओशो के रूम पार्टनर डॉ. आशीष ने ओशो को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। इससे पहले भी वह कई बार फोन कर चुके थे। आशीष ने सुबह 8:40 बजे हॉस्टल में जाकर चेक किया तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद आशीष ने अपने दोस्त नितेश के साथ दरवाजा तोड़ दिया। दोनों कमरे में गए तो ओशो का शव पंखे से लटका हुआ था। घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ओशो के घर वालों को सूचना दे दी गई। वह शुक्रवार तक पहुंचेंगे। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। टीएमयू में एक जुलाई को पैथोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अदिति मल्होत्रा (31) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उनका शव टीएमयू के गेस्ट हाउस के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि एनेस्थीसिया में एमडी कर रहे डॉक्टर ओशो राग चौधरी ने टीएमयू में फंदा लगाकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।



● राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

## बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

**पटना।** बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में दो छोटे पुल ढह गए थे।

# प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबाशी दी। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

# बस से भिड़ी कार, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● हज कर दिल्ली पहुंचे माता-पिता को लेकर रामपुर लौट रहे थे बेटे

● कार के चालक को झपकी आना बताया जा रहा हादसे का कारण



नक्शे अली | हाजी अशरफ | आरिफ | अहसान | इंतेखाब

**अमृत विचार** : मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर गुरुवार तड़के दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर फांद कर रोडवेज बस से टकरा गई। जिससे पिता व तीन बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मां और एक बेटा गंभीर हैं। हज यात्रा करके दिल्ली पहुंचे माता-पिता को लेकर बेटे कार से रामपुर लौट रहे थे। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

रामपुर के मुकरमपुर निवासी हाजी अशरफ अली और पत्नी जैतून हज करने सऊदी अरब गए थे। वहां से बुधवार देर शाम दिल्ली पहुंचे। उन्हें लेने के लिए चार बेटे नक्शे अली, आरिफ उर्फ महबूब अली, इंतेखाब अली और आसिफ अली गांव के ही चालक एहसान अली के साथ दिल्ली पहुंचे थे। वहां से देर रात माता-पिता को साथ लेकर सभी रामपुर लौट रहे थे। दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर पार करते ही चालक एहसान अली को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर पहले नीम के पेड़ से टकराई, फिर डिवाइडर फांद कर सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। हादसे में नक्शे अली (45), आरिफ उर्फ महबूब अली (38) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पिता अशरफ अली (60), बेटे इंतेखाब अली (20) और चालक एहसान अली (30) को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीनों ने दम तोड़ दिया। अशरफ की पत्नी जैतून बेगम और छोटे बेटे आसिफ का इलाज चल रहा है।

# चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

नैनीताल कार्यालय

## ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत

**अमृत विचार** : जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।



● तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

## शहर में आज



☞डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक रामगंगा विहार स्थित सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में शाम 4 :30 बजे।

☞27वीं अंतर वाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन की भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन 23वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 4 :30 बजे।

☞अपना दल (के) द्वारा टीएमयू में हो रही मौतों की जांच की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन 11 :00 बजे।

☞अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर इकाई द्वारा टीएमयू में हो रही मौतों की जांच की मांग लेकर रैली निकाली जाएगी 11 :00 बजे।



आपातकाल के विरोध में निकले मौन मार्च में शामिल भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## भाजपाइयों ने आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा करने वालों को नमन किया

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे दुखद और काले अध्याय आपातकाल (काला दिवस 25 जून 1975) के विरोध में अगवानपुर में मौन मार्च निकाला।

कांठ तहसील में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह मौजूद रहे। उन्होंने आपातकाल से जुड़ी दुखद यादों का साझा किया। लोकतंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए आवाज उठाने व संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को नमन किया। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजयभान सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, हरज्ञान सिंह, चौ. हुकुम सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री चकित चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला पंचायत सदस्य विनोद सैनी, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, शिवकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रामकिशोर सिंह, सूरज सिंह, जीवन सिंह पाल, दीपक चौधरी, अभिनव गुप्ता सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से प्रशिक्षित गोताखोरों की ली जाएगी मदद, सर्वाधिक प्रभावित होते हैं 122 गांव

# बाढ़ की विभीषिका में मदद करेंगे 18 नाविक और 41 गोताखोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मानसून के सक्रिय होने के बाद जिले में संभावित बाढ़ की विभीषिका से निपटने की तैयारी तेज हो गई है। 193 बाढ़ संभावित गांवों को चिह्नित किया गया है। जिसमें सर्वाधिक सदर तहसील के 122 गांव शामिल हैं। रामगंगा व गागन नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले गांवों व महानगर के कई मोहल्लों में लोगों को अभी से अलर्ट किया गया है। बाढ़ आने पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए तहसील वार कुल 18 नाविक और 41 गोताखोर तैनात किए गए हैं। इन्हें पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से दिया गया है।

जिले में बाढ़ के दायरे में आने वाले संभावित 193 गांव चिह्नित किए गए हैं। जिसमें सर्वाधिक 122 गांव सदर तहसील के अन्तर्गत हैं। तहसीलवार कंट्रोल रूम व कुल 35 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इन चौकियों पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तहसील स्तर पर नाविकों को तैनात किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए 47 गोताखोर भी लगाए गए हैं। जो बाढ़ से घिरने पर लोगों की सहायता करेंगे। जिले में तहसीलवार सदर में 12, कांठ और ठाकुरद्वारा में 3-3, बिलारी में शून्य सहित कुल 18 नाविकों को तैनात किया गया है। इसके अलावा सदर तहसील में 12, कांठ में 19 सहित कुल 41 गोताखोर लगाए गए हैं। जो बाढ़ में लोगों को सुरक्षित करेंगे।



भोजपुर पीपलसाना रोड तक पहुंचा रामगंगा नदी का पानी। ● अमृत विचार

- सदर तहसील क्षेत्र में सर्वाधिक 12 नाविक रहेंगे तैनात, 12 गोताखोर भी देंगे साथ
- मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में सर्वाधिक 122 गांव संभावित बाढ़ की सूची में हैं शामिल

**तहसील वार नाविक, गोताखोरों की संख्या और संभावित बाढ़ के दायरे में आने वाले गांव**

| तहसील | नाविक | गोताखोर | बाढ़ के दायरे में आने वाले गांव |
|---|---|---|---|
| मुरादाबाद सदर | 12 | 12 | 122 |
| कांठ | 3 | 19 | 18 |
| बिलारी | – | 6 | 23 |
| ठाकुरद्वारा | 3 | 4 | 30 |
| योग | 18 | 41 | 93 |

"कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय से हर पल नदियों के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। बाढ़ बचाव के सभी प्रबंध एसओपी के अनुसार हो रहे हैं। जिला स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम सक्रिय कर उसके लिए नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। सभी तहसीलों को मिलाकर 35 बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। इन पर राहत व बचाव के सभी उपाय मौजूद रहेंगे।

–सुजीत गौतम, जिला आपदा विशेषज्ञ

## एक नजर

### रोटरी क्लब ने मनाया अधिष्ठापन समारोह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट का वर्ष 2024–25 का अधिष्ठापन समारोह गुरुवार को एक होटल में संपन्न हुआ। सभा का आरंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपा खन्ना व अधिष्ठापन अधिकारी पायल गौरने श्री गणेश के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। वर्तमान अध्यक्ष विपिन कुमार अग्रवाल द्वारा वर्ष 23–24 में किए गए कार्यों व प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई। सचिव संजय गुप्ता ने पूरे वर्ष में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सचिव एडवोकेट संजय किशोर के साथ समस्त बोर्ड के सदस्यों को अधिष्ठापन अधिकारी पायल गौर द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान नीरज अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश सिंघल, प्रवीण अग्रवाल, एके सिंघल, मुकेश त्यागी, प्रशांत गर्ग, अमरीश जैन, दीपक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, गौरव गोयल, विवेक अग्रवाल, योगेश कोठीवाल आदि मौजूद रहे।

### मृतकों के परिजनों को मिले 50 लाख मुआवजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिक एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नईम रजा ने दो दिन पूर्व जनपद हाथरस में हुए हादसे पर गहरा दुख जताया है। नईम रजा ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि हाथरस में हुए हादसे की जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि हादसे में मरने वाले लोगों के परिजनों को 50–50 लाख का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग से मरीजों-तीमारदारों में अफरा-तफरी

### दगा दे गए अस्पताल के अग्निशमन यंत्र, पानी की सप्लाई भी पाइप से नहीं थी जुड़ी, ट्रामा सेंटर में दो बंदी समेत भर्ती थे सात रोगी, सभी सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार सुबह करीब 10 बजे के दौरान जिला अस्पताल में ओपीडी के सामने ट्रॉमा सेंटर के बैटरी रूम में धमाके होने लगे और आग भड़क उठी। ट्रॉमा सेंटर में मौजूद रोगी और उनके तीमारदारों में भगदड़ मच गई। मेडिकल स्टॉफ भी जान बचाकर ट्रॉमा सेंटर के बाहर भाग आया।

आनन-फानन में सूचना मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) कृष्णकांत ओझा को फोन पर दी गई। फिर 15 मिनट के अंतराल में ही कुल पांच फायर वाटर टेंडर अस्पताल पहुंच गए थे। अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्र काम नहीं कर रहे थे। पानी की सप्लाई भी पाइप से जुड़ी नहीं थी। दमकल कर्मियों की टीम के साथ सीएफओ ओझा व सहायक अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा भी मौजूद थे। दमकल कर्मियों ने जिला अस्पताल के टैंक से पानी की सप्लाई ली और करीब घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन, आग बुझाने तक ट्रामा सेंटर में काफी कुछ जल गया था।

बताया जा रहा है कि ट्रामा सेंटर में हर रोज की तरह गुरुवार को भी सुबह के 10 बजे के दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निर्मल ओझा रोगियों का सीटी स्कैन करने बैठे थे। मशीन चालू ही हुई ही थी कि अचानक बराबर वाले बैटरी रूम में तेज धमाका हुआ। कुछ ही पलों में पूरे ट्रॉमा सेंटर में आग की लपटों के साथ धुआं छा गया। सीटी स्कैन कक्ष के बराबर वाले कमरे में रखीं 34 बैटरियां एक-एक कर फटती चली गई। नर्सेज ड्यूटी रूम से स्टाफ दौड़कर आया और उन्होंने रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओझा को बाहर निकालकर सुरक्षित किया। इसके बाद सभी महिला कर्मी ट्रामा सेंटर से बाहर भाग निकलीं। ट्रॉमा सेंटर के वार्ड में भर्ती सात रोगी भी तीमारदारों की मदद से बाहर सुरक्षित कर लिए गए थे। भगदड़ की स्थिति में दो से तीन मिनट में पूरा भवन खाली हो गया था। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। गनीमत रही कि कोई मेडिकल कर्मी या रोगी अंदर नहीं रहा। बंदी उपचार कक्ष में भी दो रोगी भर्ती थे, उन्हें भी सुरक्षित कर लिया गया था। इस अनहोनी के दौरान हॉस्पिटल मैनेजर रजनीश ने साहस दिखाया और हेलमेट लगाकर ट्रॉमा सेंटर के अंदर घुस गए थे। उन्होंने जल्द ही ऑक्सीजन के चार जंबो सिलेंडर बाहर निकाल लिए, ताकि उनमें आग न लगे। स्टॉफ नर्स ने बताया कि ट्रामा सेंटर में एक वार्ड है, इसमें 12 बेड हैं। इसमें पांच रोगी भर्ती थे। ट्रामा सेंटर में ही बंदी उपचार कक्ष भी है। इसमें दो बंदी भी भर्ती थे।



ट्रामा सेंटर में आग लगने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।

### जिलाधिकारी ने जानी स्थिति

जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता को फोन कर ट्रामा सेंटर में आग लगने से हुए नुकसान और वहां रोगियों के बारे में जानकारी ली। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर डीएम के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी। दोपहर दो बजे के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य (चिकित्सा एवं परिवार कल्याण) डॉ. रीतु कत्याल भी जिला अस्पताल पहुंची थीं। उन्होंने सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता के साथ ट्रामा सेंटर में हुए नुकसान के संबंध में बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमएस ने बताया कि ट्रामा सेंटर में भर्ती रोगियों को सुरक्षित निकालकर जिला अस्पताल के हड्डी वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

### ओपीडी छोड़ बाहर आए डॉक्टर

ट्रामा सेंटर के सामने ओपीडी है। यहां रोगियों व तीमारदारों की भीड़ थी। ट्रामा सेंटर में आग लगने के कुछ ही पल में परिसर में भीड़ जुट गई थी। बचाव के लिए अस्पताल की बिजली काट दी गई, ताकि शॉर्ट–सर्किट की स्थिति में आग न फैले। ओपीडी से भी डॉक्टर व मरीज–तीमारदार निकलकर बाहर आ गए थे। मौके पर सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह भी पहुंच गए थे।

## बाधित हुईं सीटी स्कैन की सेवाएं, हड्डी रोगियों के उपचार में भी आई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में आग लगने के बाद से स्वस्थ्य सेवाएं व्यवस्थाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं। यहां सीटी स्कैन की सुविधा भी बंद हो गई है। आग लगने के बाद गुरुवार रात तक जिला अस्पताल प्रशासन को यह तक पता नहीं चल पाया था कि सीटी स्कैन मशीन सुरक्षित है या वह भी जल गई है अथवा उसमें कोई फाल्ट आया है।

ट्रामा सेंटर के अंदर दीवारें, छत व कमरे सब धुआं और आग की लपट से काले और जर्जर हो गए हैं। खिड़कियों से शीशे टूट गए हैं। आग बुझने के बाद भी अपराह्न के तीन बजे के दौरान ट्रामा सेंटर के भवन के अंदर धुआं की दुर्गंध के कारण सांस ले पाना मुश्किल हो रहा था। सीटी स्कैन मशीन जिला अस्पताल में वर्ष 2018 में आई थी। इसका संचालन ओपीडी के सामने स्थित ट्रामा सेंटर में जनवरी 2019 से शुरू हुआ था। यहां वैकल्पिक बिजली व्यवस्था के तौर पर 34 ड्राई बैटरियां लगी थीं, जो जलकर राख हो चुकी हैं।

### बिजली वायरिंग, बैटरी सिस्टम सहित जनरेटर भी जल गया

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं मंडलीय अपर निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि आग की चपेट में आए ट्रामा सेंटर की स्वास्थ्य सेवाएं 10–12 दिन के लिए बाधित हो गई हैं। अब फिर से ट्रामा सेंटर की व्यवस्था दुरुस्त करानी पड़ेगी। अंदर की दीवारें, छत और कमरे धुआं व आग की लपट से काले गए हो हैं। खिड़कियों के शीशे भी टूट गए हैं। बिजली वायरिंग, बैटरी सिस्टम सब जल गया है। सीटी स्कैन मशीन के मामले में उन्होंने बताया कि इसके बारे में वह अभी कुछ कह नहीं सकती हैं कि मशीन सुरक्षित बची है या वह भी जल गई है। बताया कि कार्यदायी संस्था को खबर की गई है।

### ट्रामा सेंटर में रोजाना 20-25 रोगियों के होते थे सीटी स्कैन

ट्रामा सेंटर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन का लाभ हर रोज औसतन 20–25 रोगियों को मिल रहा था। लेकिन, अब फिलहाल के लिए ये सेवाएं बंद रहेंगी। इससे जरूरतमंद रोगियों और उनके तीमारदारों को परेशानी ही नहीं होगी बल्कि अब बाहर बाजार से उन्हें सीटी स्कैन करना पड़ेगा। इससे उनकी आर्थिक रूप से भी परेशानी बढ़ेगी।

# मलेरिया को लेकर एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बारिश प्रारंभ होते ही जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग संक्रामक रोगों के प्रति अलर्ट मोड में आ गया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह की ओर से लक्षण-बचाव आदि के संबंध में एडवायजरी भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि डेंगू रोग की जांच जिला अस्पताल में एसएसएच लैब (सेंटिनल सर्विलांस लैब) में निशुल्क की जाती है। डेंगू जांच के लिए एलाइजा टेस्ट करने के बाद ही धनात्मक पाए जाने पर ही कंफर्म कैसे घोषित किया जाता है।

### डेंगू से बचाव

डेंगू रोग की जांच एवं उपचार सरकारी अस्पताल में शीघ्र एवं निशुल्क कराएं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर (एडिस एजिप्टाई) रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कहीं आपके घर में या आसपास साफ पानी जमा नहीं होना चाहिए। कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों और पशुओं के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन, पुराने टायर, प्लास्टिक डिस्पोजल बर्तन व गिलास आदि में पानी एकत्र न होने दें। पानी के भरे हुए बर्तनों व टंकियां को ढक कर रखें। प्रत्येक सप्ताह कूलर को खाली कर सुखाकर ही उपयोग में लाएं। डेंगू मच्छर दिन के समय काटता है। डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है। बुखार उतारने के लिए पैरासिटामोल ले सकते हैं। अन्य किसी दवा का प्रयोग न करें। डॉक्टर की सलाह लें, डेंगू के हर रोगी को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं पड़ती है। प्लेटलेट्स चढ़ाने में शीघ्रता न करें।

### मलेरिया रोग के लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ एक–दो दिन छोड़कर बुखार आना।
- तेज बुखार उल्टियां और सिर दर्द होना।
- बुखार उतरने के समय बदन का पसीना–पसीना होना।
- बुखार उतारने के बाद थकावट और कमजोरी होना।

### ऐसे करें बचाव

बुखार आने पर रक्त की जांच अवश्य कराएं। मलेरिया की पुष्टि होने पर दवा नियमित रूप से लें। मलेरिया जांच की सुविधा और दवाई सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क उपलब्ध हैं। जल भराव वाले स्थान पर मिट्टी का तेल व जला हुआ मोबिल ऑयल की कुछ मात्रा पानी में डालें।

### डेंगू रोग के लक्षण

अचानक तेज सिर दर्द व बुखार का होना। मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना। जी मिचलाना, उल्टी होना और गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़े से खून आना या त्वचा पर चकत्ते उभरना।

## सभी ग्रंथों का सार है श्रीमद्भागवतः मुरली

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** नवाबपुरा स्थित प्राचीन शिव दुर्गा मंदिर में एक दिवसीय सत्संग आयोजित किया गया। कथा व्यास मुरली मनोहर दास ने सत्संग में श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी ग्रंथों का सार है। कलियुग में मात्र इसके श्रवण से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। भागवत में स्वयं भगवान कृष्ण के साक्षात दर्शन होते हैं। भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य भी प्रभु की कृपा से ही प्राप्त होता है। इसे प्राप्त करने को सत्संग जरूरी है। जो श्रद्धालु सांसारिक वस्तुओं और मोह माया का त्याग कर सत्संग में आता है। उसमें स्वतः ही भक्ति भाव जागृत हो जाता है। व्यवस्था में राजेश शर्मा, प्रदीप भाटिया, शकुंतला देवी, राधे श्याम, सीमा गुप्ता, सुमन शर्मा आदि शामिल रहे।

# इंस्पायर अवार्ड योजना में आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 के ऑनलाइन नामांकन एक जुलाई से प्रारम्भ हो गए हैं। इसमें समस्त बोर्ड के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी नामांकन कर सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गयी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि इस योजना में एक विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थियों के बेस्ट आइडियाज अपलोड किए जा सकते हैं। विद्यालयों से अधिक से अधिक नामांकन कराने के निर्देश दिए हैं। योजना की जनपदीय नोडल प्रभारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में स्कूल के प्रधानाचार्य इस बात का ध्यान रखें। जिस विद्यार्थी का ऑनलाइन नामांकन करवाना हो उस विद्यार्थी के नाम का बैंक में स्वयं का सक्रिय बैंक खाता होना अनिवार्य है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में एक आइडिया बॉक्स स्थापित किया जाएगा। जिसमें बच्चे अपने विभिन्न बाल नवाचारी विचारों को इकट्ठा करेंगे और उसमें से बेस्ट 5 आइडिया को इंस्पायर अवार्ड मानक की साइट पर फीड करवाया जायेगा। नामांकन के बाद जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर भारत सरकार की ओर से प्रति छात्र प्रति माडल दस हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से संबंधित विद्यार्थी के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किये जाते हैं।



आइडिया बाक्स के साथ छात्राएं व साथ में नोडल बबिता मेहरोत्रा। ● अमृत विचार

- समस्त बोर्ड के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी कर सकते हैं नामांकन

## जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय ने संभाला कार्यभार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय ने कार्यभार संभाल लिया। इसके अलावा सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भी अपना कार्यभार संभाला गया। दोनों अधिकारियों का तीन दिन पूर्व स्थानांतरण हुआ है।

चार दिन पूर्व शासन द्वारा शिक्षा विभाग में बड़े स्तर पर फेरबदल किए गए हैं। जिसके चलते मुरादाबाद में भी कई पदों पर फेरबदल हुआ है। जिसके तहत जनपद मेरठ के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार को मुरादाबाद का जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय बनाया गया है। गुरुवार को सर्वेश कुमार अपने कार्यालय पहुंचे और उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय का कार्यभार संभाला। इसके अलावा ठाकुरद्वारा के जीआईसी कालेज के प्रधानाचार्य सतानंद शर्मा को मुरादाबाद में ही सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया गया है।

**सुविधा** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन लगने से भी दूर होगी क्षेत्रीय लोगों की परेशानी

# रतनपुर कला सीएचसी में लगेगी डिजिटल एक्स–रे मशीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रतनपुर कला सीएचसी में जल्द ही कई स्वास्थ्य सेवाओं वाले नए उपकरण उपलब्ध होने वाले हैं। इसके लिए शासन से धन भी उपलब्ध करा दिया गया है। उम्मीद है कि इसी महीने में स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड मशीन आ जाएगी और रोशनी के इंतजाम भी हो जाएंगे।

रतनपुर सीएचसी से पाकबड़ा से लेकर महमूदपुर माफी, डींगरपुर तक के गांव कवर होंगे। सीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाओं के इंतजाम होने का लाभ आसपास के करीब 100 गांवों की करीब 2.50 लाख आबादी को लाभ मिलेगा। अस्पताल में 25केवीए जनरेटर की भी व्यवस्था हो रही है। यही नहीं, डिजिटल एक्स-रे मशीन व ड्राई व्यू प्रिंटर की भी सुविधा होने जा रही है। इसे खरीदने के लिए शासन ने जिले को 18,91,374 रुपये उपलब्ध कराए हैं। पैथोलॉजी को भी दुरुस्त करने को कई तरह के उपकरण खरीदने को हरी झंडी हो गई है। इसमें ऑटोमेटेड एचवी एनालाइजर, को-एग्लोमीटर, ईएसआर एनालाइजर शामिल है। ऑटोमेटेड एचवी एनालाइजर में डॉयरेक्ट फिंगर प्रिंट कैपिलरी और सीबीसी-एचबी एस्टीमेशन की भी सुविधा रहेगी। इसकी कीमत 2,37,740 रुपये है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपकरणों की खरीद के लिए दो दिन पहले ही शासन ने हरी झंडी दी है। शासन की तरफ से कहा गया है कि उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव में अंकित अनुमानित दरों के आधार पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्देश हैं कि दो लाख रुपये से अधिक कीमत वाले उपकरणों की खरीद जेम पोर्टल से करना अनिवार्य है।

### सीएचसी पर लैब टेक्नीशियन न ही पैरामेडिकल स्टॉफ

सीएचसी प्रभारी डॉ. वरुण भारती ने बताया कि रतनपुर कलां में पीएचसी भी है। इसका स्टॉफ भी सीएचसी में सहयोग करता है। सीएचसी में ओपीडी अभी खास रूप से क्रियाशील नहीं है। एक्स–रे और लैब टेक्नीशियन भी नहीं है। पैरामेडिकल स्टॉफ नहीं है। वार्ड ब्वॉय, स्वीपर तक नहीं हैं। वैसे स्टॉफ नर्स मंजू सैनी हैं तो संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। वर्तमान में सीएचसी पर कुल तीन डॉक्टर तैनात हैं। इनमें दो नियमित डॉ. वरुण भारती और डॉ. प्रतिभा सिंह हैं, एक अन्य डॉ. अमन चौधरी संविदा के हैं। डॉ. वरुण भारती खुद सोनोलॉजिस्ट हैं, जबकि डॉ. प्रतिभा सिंह दंत चिकित्सक हैं। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि ईएसआर एनालाइजर की सुविधा हो जाने से टीवी, बुखार, अर्थराइटिस वाले रोगियों की जांचे होने लगेंगी।

"रतनपुर कलां की सीएचसी का भवन नया है। यहां पर पिछले छह महीने से चिकित्सा सेवाएं शुरू भी करा दी गई हैं। उपकरणों की खरीद के लिए शासन से स्वीकृति और बजट मिल गया है। अब रतनपुर कलां सीएचसी पर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाया जा सकेगा। स्टॉफ की भी तैनाती के प्रबंध किए जाएंगे।

– डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ

### सीएचसी को मिलेंगे ये उपकरण

- को–एग्लोमीटर, इसकी कीमत 1,73,072 रुपये है।
- ईएसआर एनालाइजर, इसकी कीमत 2,46,175 रुपये है।
- 25 केवीए का डीजल जनरेटर, यह 3,70,650 रुपये में खरीदा जाएगा।
- डिजिटल एक्स–रे मशीन व ड्राई व्यू प्रिंटर मिलेगी। इसे 18,91,374 रुपये से खरीदा जाना है।
- इलेक्ट्रोलाइट और यूरिन एनालाइजर की सुविधा के लिए 2–2 लाख रुपये दिए गए हैं।
- अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए 9,99,000 रुपये मिले हैं।

## परिवर्तन दी चेंज संस्था को मिला सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** परिवर्तन दी चेंज संस्था को ग्रेट ग्लोबल क्लीनअप हीरोज अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया।

संस्था ने आईआईसीसी यशोभूमि द्वारका नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस और अर्थ-डे आर्गेनाइजेशन की ओर से क्रिएटिव कैंपेन अवॉर्ड 2024 के रूप में ग्रेट ग्लोबल क्लीनअप हीरोज अवॉर्ड 2024 प्राप्त किया।

इस अवॉर्ड के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक संस्थाओं ने अपना आवेदन किया था। अर्थ डे नेटवर्क इंडिया की निदेशक अरुणा सिंह, देवप्रिया, विनायक, राहुल वालावलकर ने प्रदान किया। संस्था अध्यक्ष कपिल कुमार एवं सचिव आदित्य कुमार ने ये पुरस्कार ग्रहण किया।

### इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में तीन घंटे बिजली बाधित रहेगी। एक्सईन सुधाकर कुमार ने बताया कि जिगर कॉलोनी स्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में सुबह तीन घंटे बिजली बाधित रहेगी। इसमें रामगंगा बिहार, डिप्टी गंज, गोल कोठी, बारादरी और कलेक्ट्रेट पर सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक बाधित रहेगी।



Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers


KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

### आज का मौसम

हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

29.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:17

## एक नजर

### प्राथमिक विद्यालय रतनपुर कला में जांच को पहुंची टीम

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** बुधवार को रतनपुर कला के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में बारिश से लिंटर का प्लास्टर टूटकर गिर गया था। जिससे स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक बाल-बाल बच गए थे। अभिभावक अपने बच्चों की कुशलता जानने के लिए स्कूल में पहुंच गए थे। गुरुवार को ग्राम प्रधान नजाकत अली, ब्लॉक कार्यालय से आए शशांक व टीम के अन्य सदस्य जांच के लिए पहुंचे। टीम ने प्रधानाध्यापक विनीत कुमार गुप्ता से पूछताछ करने के अलावा बच्चों और शिक्षकों से भी जानकारी ली। प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस जर्जर विद्यालय के बारे में उच्चाधिकारियों को पहले ही सूचना भेज दी गई थी। पानी भरने से लेंटर में सीलन के चलते प्लास्टर भरभरा कर गिर पड़ा था। इससे बच्चे और शिक्षक बुरी तरह से डर गए थे। कहीं स्कूल का पूरा लेंटर गिर ना जाए। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि जल्द ही नये भवन की निर्माण प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

# पांच लोगों की मौत की खबर से गांव में मची चीख पुकार

## कार चालक की नींद की झपकी बनी पांच लोगों की मौत की वजह, कार में सवार थे सात लोग

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

**अमृत विचारः** मुरादाबाद क्षेत्र के मूंढापांडे में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार सुबह कार चालक की नींद की झपकी पांच लोगों की मौत की वजह बन गई। चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। इससे डिवाइडर फांद कर कार रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में कार सवार सात लोगों में से पांच की जान चली गई। घायल मां-बेटे का उपचार चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी के बाद मूंढापांडे पुलिस और लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बाद में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में पांच की मौत की खबर गांव में पहुंची तो कोहराम मच गया।

अशरफ अली (60) और उनकी पत्नी जैतून बेगम (56) 20 मई को हज करने गए थे। दोनों बुधवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। चार बेटे उन्हें लेने दिल्ली गए थे। गुरुवार को उनके बेटे अहसान की कार से मां-बाप को लेकर आ रहे थे। परिवार के लोग हज करके आ रहे अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून बेगम के आने का इंतजार कर रहे थे, घर में खुशी का माहौल था। लेकिन मूंढापांडे में हुए हादसे में पांच लोगों के मौत की खबर मिली तो गांव में कोहराम मच गया। एक ही गांव के पांच लोगों की मौत से ग्रामीण गमगीन हैं। गांव में चूल्हे तक नहीं जल सके। गांव में हादसे के बाद सूचना पर मृतकों के घर पर आने वाले रिश्तेदार व परिचितों का तांता लगा है।


हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

### मरने वाले तीनों भाई सूरत में करते थे सिलाई

**स्वार, अमृत विचार :** घर में इंतजार कर दो भाइयों को जब पता चला कि हादसे में पिता और तीन भाइयों की मौत हो गई है तो वे मौके की ओर दौड़ पड़े। दुर्घटनास्थल पर पहुंचे तो शवों को देखकर बेहोश हो गए। मृतक अशरफ अली के छह बेटे और एक बेटी है। तीन बेटे उनके साथ गांव में ही रहकर खेती किसानी करते हैं, जबकि नक्शे अली, आरिफ अली व इंतकाब अली गुजरात के सूरत में सिलाई का कारखाना चलाते हैं। 20 मई को छह भाइयों और रिश्तेदारों ने माता-पिता को हज करने के लिए भेजकर खुद सूरत चले गए थे। उनके वापस आने की जानकारी मिलने के बाद तीनों भाई कुछ दिन पहले ही घर पहुंचे थे। इसके बाद उनको लेने के लिए चार भाई रवाना हो गए थे। दो भाई और उनके बच्चे माता-पिता के आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन तीन भाई और पिता की मौत की खबर सुनकर दोनों भाई बेहोश गए।

## दंपति की हज यात्रा सफल होने की खुशियां मातम में बदली

- किसी की आंखों में आंसू तो कोई दंपति को याद कर बिलखता रहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मूंढापांडे क्षेत्र में हुए भीषण हादसे का शिकार हुए एक ही परिवार के चार लोगों समेत पांच की मौत की खबर सुनकर मुकरमपुर के लोगों में मातम छा गया। पांच शवों को एक साथ देखकर गांव के लोगों में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोगों की आंखों में आंसू तो कोई उनको याद करके बिलखता रहा। हादसे से पहले कई तो दंपति की हज यात्रा सफल होने की खुशी मनाने का इंतजार कर रहे थे। हादसे की खबर सुनकर चंद मिनटों में लोगों की खुशी में गम की लहर दौड़ पड़ी। वहीं घटनास्थल पर सुबह की चीख पुकार मच गई। वाहनों की लंबी कतार लगने और बड़े हादसे की सूचना में पुलिस कर्मी पहुंचे। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजने का प्रबंध किया गया।

रामपुर के मुकरमपुर निवासी हाजी अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून पिछले महीने हज यात्रा करने के लिए सऊदी अरब गए थे। हज यात्रा से वापस लौटने पर दंपति बेटों के साथ कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में नक्शे अली(45), आरिफ उर्फ महबूब अली (38) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अशरफ अली (60), बेटा इंतेकाफ अली (20) और चालक एहसान अली (30) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं अशरफ अली की पत्नी जैतून बेगम और उनका छोटा बेटा आसिफ अली गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों अस्पताल में उपचाराधीन हैं। हादसे की एक साथ पांच लोगों की मौत की खबर सुनकर गांव के लोगों में मातम छा गया। अशरफ के परिवार में कई लोग बेहोश कर जमीन पर गिर पड़े। परिवार के कुछ लोग तो दंपति की हज यात्रा सफल होने की खुशी मनाने का इंतजार ही करते रहे। चंद मिनटों में खुशियां मातम में बदल गई।

## टीएमयू में पहले भी हो चुकी हैं कई लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** संदिग्ध हालत में आत्महत्या व हत्या को को लेकर तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) जांच का विषय बन गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लोगों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पुलिस की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रह गई है। अब डॉक्टर ओशो राग चौधरी ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। चार दिन पहले हरियाणा की महिला प्रोफेसर का संदिग्ध हालत में टीएमयू में मौत हुई थी। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकतर शवों के पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

पाकबड़ा थाना क्षेत्र में स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) में आए दिन हो रहीं घटनाओं को लेकर चर्चा में आ गया है। कॉलेज स्टाफ या छात्रों की संदिग्ध हालत में हो रहीं मौतों के मामले में टीएमयू अब जांच का विषय बन गया। बता दें कि एक महीने में तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो चुकी है। 9 जून को बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र ने फंदे से लटक कर आत्महत्या की थी।

### 9 जून को बीबीए छात्र ने की थी आत्महत्या

टीएमयू में लगातार एक के बाद एक आत्महत्याओं की घटनाएं हो रही हैं। इससे पहले 9 जून को बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र ने हॉस्टल में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। छात्र के कमरे से भी फोरेंसिक टीम ने दवाइयां व अन्य सामग्री जब्त की थी। मृतक आगरा के ग्वालियर रोड के ब्राह्मण सिटी का रहने वाला था। अब अदिति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। टीएमयू में एक माह के भीतर यह दूसरी घटना है।

इसके बाद एक जुलाई को हरियाणा की रहने वाली अदिति का शव कमरे से बरामद किया गया था। कमरे से एक चाकू और कुछ दवाइयां बरामद की गईं थी। वहीं गुरुवार को डॉक्टर ओशो राग चौधरी ने पंखे से लटक कर जान दे दी। दोनों की ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। दोनों के शवों का विसरा सुरक्षित किया गया। इससे पहले भी हुई कई लोगों की मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं लगा। लगातार हो रही आत्महत्याओं की वजह से कॉलेज प्रबंधन को जांच के कठघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की कार्रवाई भी सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रह जाती है।

# डीएम ने नायब तहसीलदार को लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुज सिंह के औचक निरीक्षण से गुरुवार को मुरादाबाद सदर तहसील में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने कमियों पर नायब तहसीलदार और कानूनगों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने सदर तहसील का निरीक्षण किया। तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय में पत्रावलियों को चेक कर उसकी प्रगति देखी। अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिया। लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के लिए कहा। जिलाधिकारी निरीक्षण के क्रम में रिकॉर्ड रूम पहुंचे। यहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया। कहा कि अभिलेखों की निगरानी गंभीरता से होनी चाहिए। कहा कि मिशलबंद रजिस्टर ऑनलाइन के साथ ही एक आफलाइन रजिस्टर भी बनाया जाए।



सदर तहसील में निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड चेक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

- ऑनलाइन के साथ आफलाइन भी बने मिशलबंद रजिस्टर

तहसील परिसर में मौजूद लोगों की समस्या सुनकर उसके निस्तारण का निर्देश अधिकारियों को दिया। पत्रावलियों में कमियां मिलने पर नायब तहसीलदार और कानूनगो को फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी। परिसर में साफ-सफाई ठीक मिलने पर इसकी सराहना की। इस दौरान एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, तहसीलदार सदर, सभी नायब तहसीलदार, पटल सहायक आदि मौजूद रहे।

# बिहार, पश्चिम बंगाल समेत लंबी दूरी की ट्रेनों का फिर संचालन शुरू

- दिल्ली की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल, रुड़की स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रद की गईं थी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को जून में मुसीबत झेलने के बाद अब जुलाई में राहत मिलेगी। मुरादाबाद रेल मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान समेत लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन फिर शुरू कर दिया गया है। इन ट्रेनों में दिल्ली की ओर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल है।

मुरादाबाद रेल मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से पिछले महीने काफी ट्रेनों को रद कर दिया गया था। जिसके चलते ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों हो रही थी। लेकिन, अब ट्रेनों के शुरू होने से रेल यात्रियों को काफी राहत मिली है। दिल्ली, हरियाणा, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड राज्यों से आने और यहां से जाने वाली ट्रेनों का संचालन चार जुलाई गुरुवार से सामान्य हो गया। रुड़की स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते दून की कुछ ट्रेनें रद चल रही थीं। ट्रेनों का संचालन सामान्य होने के बाद रेल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। ट्रेनों के संचालन दोबारा शुरू होने से रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली है। लंबी दूरी में सफर करने वाले रेल यात्रियों को सबसे ज्यादा लाभ पहुंचा है। देहरादून-सहारनपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 27 जून से रद थीं। जबकि देहरादून-दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस एक जुलाई से रद चल रही थी। दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस हरिद्वार तक आ रही थी और वहीं से लौट रही थी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल के देहरादून रेलवे स्टेशन से गुरुवार से सभी ट्रेनों का संचालन सामान्य हो गया है। ट्रेनों का संचालन सामान्य होने से रेल यात्रियों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी।




### वेटिंग टिकट पर न करें सफर, होगी परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगर आप ट्रेन का सफर करने जा रहे हैं और आपके पास रेलवे की विंडो से खरीदा हुआ वेटिंग टिकट है तो सफर के दौरान आपको परेशानी हो सकती है। इसलिए आप वेटिंग टिकट का रिफंड ले लें। क्योंकि पिछले काफी समय से ट्रेनों में भीड़ के कारण रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफ ने स्लीपर कोच में भी वेटिंग वाले यात्रियों को रियायत देनी बंद कर दी है। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। एक सप्ताह में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। रेलवे की टिकट विंडो से खरीदे हुए एसी व स्लीपर क्लास के वेटिंग टिकट पर अब तक सफर के दौरान यात्रियों को स्लीपर कोच में खड़े होकर या फिर व्यवस्था अनुसार बैठकर यात्रा करने की छूट दी जाती थी। जबकि रेलवे के नियम में ऐसा उल्लेख नहीं है। लेकिन, पिछले काफी दिनों से गर्मी के छुट्टियों के कारण ट्रेनों में यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई दिनों से रेलवे की चेकिंग टीम वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्लीपर कोच में खड़े होकर भी नहीं जाने दे रहे हैं। चेकिंग स्टाफ वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को एसी व स्लीपर कोच से उतार कर जनरल में भेज रहे हैं। जिससे यात्रियों को दुश्वारियां हो रही है। इसलिए अगर आप के पास वेटिंग टिकट है तो आप उसे रिफंड करा लें।

### बिना टिकट 74 हजार यात्रियों से वसूला 4.45 करोड़ का जुर्माना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल ने जून में अनारक्षित व आरक्षित टिकट और बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों से करोड़ों रुपये की कमाई की है। रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल ने जून में अनारक्षित व आरक्षित टिकट द्वारा 53.82 लाख यात्रियों से 99.19 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया। उन्होंने बताया कि रेल मंडल में अपने अधिकृत यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके द्वारा अधिकृत यात्रियों से साथ-साथ रेल राजस्व में क्षति को भी रोका जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जून में टिकट चेकिंग द्वारा 74 हजार अनधिकृत एवं बिना टिकट यात्रियों के मामले में 4.45 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

**भारोत्तोलन** | 49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर की टीम रही उपविजेता, समापन समारोह आज

# दूसरे दिन 45वीं वाहिनी अलीगढ़ की टीम बनी विजेता

- तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं 300 खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पश्चिमी जोन पीएसी की 27वीं अंतर वाहिनी भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता की मेजबानी 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद कर रहा है। प्रतियोगिता में दूसरे दिन अलीगढ़ की टीम ने विजेता का गौरव हासिल किया है। वहीं 49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर उपविजेता रही। दो दिन से चली रही प्रतियोगिता का आज अंतिम दिन है। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के डीआईजी मुनिराज जी उपस्थित रहेंगे।

बुधवार को 23वीं वाहिनी के कमांडेंट अमित कुमार ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया था। प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन पीएसी के सभी 14 वाहिनी से करीब 300 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 225 अंक पाकर 43वीं वाहिनी एटा की टीम विजेता रही, जबकि 201 अंक पाकर मेजबान 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद की टीम उपविजेता बनी थी। गुरुवार को 48 अंकों के साथ 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ की टीम विजेता रही है। वहीं 44 अंकों के साथ 49वीं वाहिनी गौतमबुद्धनगर उपविजेता रही। आखिरी दिन शुक्रवार को भी कई खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। डीआईजी मुनिराज जी भी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। आयोजन के सहायक सचिव डिप्टी कमांडेंट मोहम्मद परवेज आलम ने बताया ने बताया कि आखिरी दिन प्रतियोगिता के अन्य मुकाबले खेले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि समापन समारोह में डीआईजी सभी टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करेंगे। इसी दौरान मनोज कुमार, जगदीश जोशी, सूबेदार शिविरपाल, सूबेदार मेजर निमेश, पीसी अजीत सिंह समेत पश्चिमी जोन की सभी 14 वाहिनियों से आए प्रतियोगी उपस्थित रहे।


23वीं वाहिनी पीएसी में प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## निजी शिक्षण संस्थाओं में निशुल्क प्रवेश पर चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागार में बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत राजकीय व अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र छात्रों को फ्रीशिप कार्ड के आधार पर निशुल्क प्रवेश आदि पर चर्चा की गई।

बैठक में राजकीय व अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अनुमोदित पाठ्यक्रम में पात्र व सही डाटा वाले अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्रों को निशुल्क प्रवेश की सुविधा अनुमन्य होगी। निशुल्क प्रवेश की सुविधा निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं में अनुमन्य नहीं होगी। संस्थान में छात्र को निशुल्क प्रवेश मिलने के बाद छात्र व संस्थान के मध्य शुल्क जमा करने के संबंध में अनुबंध पत्र जारी किया जाएगा।



दीनदयाल नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में मैंगो पार्टी में शामिल वैश्य समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

## वैश्य महिलाओं ने मनाई मैंगो पार्टी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** वैश्य समाज की ओर से गुरुवार को मैंगो पार्टी रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई। इसमें सभी सखियों ने मिलकर आम का आनंद लिया। आम खाने के लाभ बताने के साथ ही कविता भी सुनाई।

कार्यक्रम का आयोजन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रभारी सुनीता गुप्ता ने किया। सभी अपने घर से पेपर पर आम बनाकर लाईं। इस अवसर मैंगो क्वीन भी बनाई गई। इस दौरान महिला संगठन की जिला अध्यक्ष सोनिया गुप्ता, महामंत्री श्रेया गुप्ता, उपाध्यक्ष भावना गुप्ता, रेनू, शेफाली रस्तोगी, अलका गुप्ता, रिंकी, रूपम, दीपा, रुचि अग्रवाल, श्वेता रस्तोगी, उषा गुप्ता, कृष्णा, शर्मिला, दिव्यांशी, शुभी रस्तोगी, दीपिका, शीतल, मिलन गुप्ता, अंजली गुप्ता, सोनी अग्रवाल, विमला अग्रवाल, अर्पिता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, शोभना, शालिनी रस्तोगी, ज्योति रस्तोगी, शालिनी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर



लखनऊ में सम्मान ग्रहण करते मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक अमित दत्त।

### लखनऊ में सम्मानित हुए वरिष्ठ डाक अधीक्षक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्पीड पोस्ट राजस्व, पंजीकृत पोस्ट राजस्व व अधिक सुकन्या समृद्ध खाता खोलने के उत्कृष्ट कार्य के लिए मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक अमित दत्त लखनऊ में सम्मानित किए गए। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से डाक विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल व मेले लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साल 2023-24 में मंडल में 30 चौपालें आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि अभी डाक संबंधी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए चौपाल लगाईं जाएंगी।



पुजारी सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

## सात जुलाई को होगा पुजारी सम्मेलन, सभी तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक गुरुवार को माता अन्नपूर्णा मंदिर मंडी चौक में हुई। इसमें 7 जुलाई को लाल बाग स्थित काली माता मंदिर पर होने वाले पुजारी सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी कहा कि कार्यक्रम में महंत सज्जन गिरि महाराज, पीठाधीश्वर पंडित कृष्ण स्वामी, साध्वी राघवेंद्री, महामंडलेश्वर संजय नंद गिरि, आचार्य मुकुल शास्त्री, आचार्य पुष्पराज शास्त्री, मनोज व्यास आदि का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। अध्यक्षता पंडित सतीश खंडूरी व संचालन पं. अंकित तिवारी ने किया। इसमें पुजारी महेन्द्र, पंडित विनोद शर्मा, आचार्य विनीत शर्मा, पंडित कार्तिक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### महानगर के आशियाना, हिमगिरी, नवाबपुरा समेत कई मोहल्लों में खुले में रखे हैं बिजली के ट्रांसफार्मर

## खुले में रखे ट्रांसफार्मर बन सकते हैं हादसों का कारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के अंदर व बाहरी क्षेत्र में जगह-जगह बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं। सड़क के किनारे लगे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में करंट का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और उसके पास सुरक्षा के लिए लोहे की जाली तक नहीं लगाई है। जिससे इन ट्रांसफार्मर के आस पास के लोगों में हादसे को लेकर हमेशा भय बना रहता है।

महानगर में खुले में ट्रांसफार्मर रखकर विद्युत विभाग आम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। अधिकांश ट्रांसफार्मरों बिना जालियों की लगे हैं। इनके खुले तार लटक रहे हैं। बरसात के मौसम में हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। इसके बाद भी विभाग का इस ओर ध्यान नहीं है। आशियाना आरआरके स्कूल के सामने ट्रांसफार्मर के बाहर लगी जाली गायब है। इस समय ट्रांसफार्मर खुले में रखा है। जिससे आस-पास के लोगों को इसके पास से गुजरने पर करंट का भय लगता है। बच्चों के चपेट में आने की संभावना रहती है, जिससे उनकी अधिक देखरेख करना पड़ती है।

पास ही में स्कूल होने से खतरा और बढ़ रहा है। वहीं हिमगिरी में पार्क में लगे ट्रांसफार्मर की जाली भी गायब है। जिस वजह से यहां पर आम लोगों को करंट का भय बना रहता है। महानगर में लटक रहे जर्जर तारों के कारण भी खतरा बना रहता है। वहीं नवाबपुरा में भी खुले में ट्रांसफार्मर रखा है। यह भीड़ वाला इलाका है। इसलिए यहां सबसे अधिक कोई अनहोनी होने का खतरा बना रहता है। बिजली विभाग की इस और कोई ध्यान नहीं है।



आशियाना फेज 2 आरआरके स्कूल के सामने रखा ट्रांसफार्मर।



हिमगिरि में ट्रांसफार्मर की जाली गायब है। ● अमृत विचार

### बरसात में बढ़ जाता है करंट का खतरा

बारिश के चलते जमीन में नमी होने से करंट का खतरा रहता है। ऐसे में खुले में रखे ट्रांसफार्मरों के पास से गुजरने पर हादसे की आशंका बनी रहती है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि खुले में रखे ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराएंगे। जल्द ही इस समस्या का समाधान जल्द कराएंगे।

# अतिक्रमण हटाने का विरोध कर मकान स्वामी ने खुद पर डाला पेट्रोल

### चंद्रनगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थीं नगर निगम की टीमें, मची अफरा तफरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम चंद्रनगर में चिह्नित किए अतिक्रमण को तोड़ने गुरुवार को पहुंची तो वहां के स्थानीय निवासी राकेश आहूजा के घर के बाहरी हिस्से पर जेसीबी चलने पर उन्होंने इसका विरोध किया। कार्रवाई न रुकने पर उन्होंने खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। उनका आरोप है कि स्थानीय पार्षद के इशारे पर बिना अतिक्रमण के दायरे में आए भी उनके घर को तोड़ा जा रहा है। हालांकि अपर नगर आयुक्त आदि ने नियमानुसार कार्रवाई की बात की।

बुधवार को भी संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा व अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने चंद्रनगर में अभियान के तहत अतिक्रमण चिह्नित कर लाल निशान लगाया था। इस दिन भी टीम से लोगों ने नोकझोंक की थी। गुरुवार को जब टीम संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा आदि के नेतृत्व में जब अतिक्रमण ध्वस्त करने पहुंची तो चंद्र नगर निवासी राकेश आहूजा के मकान पर हथौड़ा चलते ही उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि उनका मकान अतिक्रमण के दायरे में नहीं है। न ही उनके द्वारा नाले पर कोई निर्माण किया गया है। लेकिन टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह की कोशिश की जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। टीम के हाथ पांव फूल गए। आसपास के लोगों ने बीचबचाव कर मामले में सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टाल दिया। इस दौरान प्रवर्तन दल के सदस्य भी मौजूद रहे। मकान स्वामी राकेश का कहना है कि स्थानीय पार्षद के इशारे पर उनके घर पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जा रही है। जबकि उन्होंने इसके पूर्ववर्ती जिलाधिकारी और अब वर्तमान जिलाधिकारी के अलावा मंडलायुक्त, नगर आयुक्त से मिलकर अपनी बात रखी थी। जिसमें आश्वासन दिया गया था कि नियम से परे जाकर कोई कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन, इसके बाद भी उनके घर पर निगम की टीम ने तोड़ फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने मनमानी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा पार्षद कमला वर्मा पर भेदभाव का आरोप लगाया। अतिक्रमण के दायरे में न होने के बाद घर के बाहर नाले के ऊपर निर्माण का आरोप लगाया। उनके घर के बाहर नारेबाजी भी की।

मामले में पार्षद कमला वर्मा का कहना है कि वह तीन दिन से बाहर हैं। राकेश आहूजा के द्वारा मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। नगर निगम की टीम अपने नियमों के अनुसार अतिक्रमण चिह्नित कर कार्रवाई कर रही है। यदि कहीं गलत होगा तो हम स्वयं इस पर आपत्ति जताएंगे।



चंद्रनगर में पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास करते राकेश आहूजा।

### अतिक्रमण अभियान में बाधा डालने वाले राकेश पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चंद्रनगर में अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम के अधिकारियों व टीम के सदस्यों के काम में बाधा डालने वाले राकेश आहूजा व उनके परिवार के लोगों पर निगम प्रशासन ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और लोक सेवकों को अपने पद के कर्तव्यों से विरत रहने के लिए धमकाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

नगर निगम की टीम ने गुरुवार को राजस्व ग्राम भोगपुर मिठौनी उर्फ शिरीकुई तहसील सदर के मोहल्ला चंद्रनगर में अतिक्रमण हटाने गए थी। नाली निर्माण कार्य में रुकावट डालकर अतिक्रमण को चिह्नित कर लाल निशान मोहल्ले में लगाया गया था। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि चन्द्र नगर में नाली निर्माण में बाधक बने राकेश आहूजा पुत्र किशनलाल आहुजा निवासी 32 चन्द्र नगर सिविल लाइंस ने सार्वजनिक सड़क से अपने मकान का अतिक्रमण हटाने से इनकार कर दिया। राकेश आहूजा की आपत्ति पर सम्पत्ति विभाग ने भवन के बैनामे के अनुसार उनकी मौजूदगी में भवन की पैमाइश की थी। जिसमें भवन की लम्बाई/गहराई 17.07 मीटर दर्ज है। जबकि मौके पर 17.32 मीटर में निर्माण हुआ है। जो बैनामे के सापेक्ष 0.25 मीटर अधिक सड़क के भाग पर अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल व गेट लगाया गया था। बैनामे में मकान के सामने के सड़क की चौड़ाई 9 मीटर दिखाई गई है। लेकिन मौके पर सड़क की चौड़ाई 8.55 मीटर पाई गई। जिसके क्रम में नगर निगम की टीम ने बाउण्ड्रीवाल व गेट को हटाने की कार्रवाई की तो भवन स्वामी व उनके परिवार के लोगों ने विरोध कर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे अपर नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराते हुए अतिक्रमण (बाउण्ड्रीवाल व गेट) को हटवा दिया।

संयुक्त नगर आयुक्त ने बताया कि भवन स्वामी राकेश कुमार ने उच्चाधिकारियों को एक जुलाई को शिकायती पत्र देकर भवन की फिर से पैमाइश की मांग की। जिसके क्रम में एक जुलाई को पैमाइश के लिए टीम पहुंची तो उन्होंने फिर हंगामा कर विरोध किया। जिससे दोबारा पैमाइश नहीं हो पाई। जिसके बाद नगर आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा व सहायक अभियंता निर्माण रईस अहमद, अवर अभियंता शिवमोहन ने संयुक्त रूप से दो जुलाई को भवन स्वामी व उनके परिवार की उपस्थिति में पैमाइश की तो भवन की लम्बाई 17.37 मीटर मौके पर मिली। उन्होंने मोहल्ले की अन्य औरतों व लोगों को जुटा कर हंगामा करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाला। जिस पर अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइंस को सूचना दी गई।



चंद्रनगर में अतिक्रमण हटवाने के दौरान मौजूद संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा व अन्य।

### ट्रेन की चपेट में आने से दिल्ली के युवक की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को भी सूचना दी गई । दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला सलमान पुत्र यूनुस शाहजहांपुर से ट्रेन में सवार होकर दिल्ली अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह मूंढापांडे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आ गया। आनन-फानन में जीआरपी के जवानों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने सलमान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, सलमान के परिजनों की सूचना दी गई है। वह दिल्ली से रवाना हो गए हैं। पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएग। घर वालों की तहरीर पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डींगरपुर में झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से मारपीट

संवाददाता, कुंदरकी/मैनाठेर

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के डींगरपुर गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को झगड़ा कर रहे लोगों ने पकड़ कर जमकर पीटा और घायल कर दिया। किसी तरह जान बचाकर पुलिसकर्मी थाना मैनाठेर पहुंचे। दोनों पुलिसकर्मियों की शिकायत पर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम में लगा दी हैं।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर में नासिर के परिवार के लोगों में झगड़ा होने की सूचना पुलिस चौकी को दी गई थी। जहां से कांस्टेबल विकास और विनीस सिंह मौके पर पहुंच गए। जहां झगड़ा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने दोनों पुलिसकर्मियों को बंधक लिया और उनपर ही हमलावर हो गए। जिन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में किसी तरह जान बचाकर थाने मैनाठेर पहुंचे कांस्टेबल विकास और विनीस की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कासिम, जाबिर और साजिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक मैनाठेर किरन पाल सिंह ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए उनकी ओर से तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फिलहाल आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं, जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पता चला है कि नासिर की पत्नी द्वारा ही पुलिस को झगड़े की सूचना दी गई थी। इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। आरोपियों ने नासिर को भी चाकू मार कर घायल कर दिया था जिसका भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। नासिर की शिकायत पर पुलिस ने जाबिर, साजिद, कासिम व तीन महिलाओं सना, परवीन व हिना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं नासिर का आरोप है कि गुरुवार दोपहर को अपनी पत्नी नूरे शमा व बच्चों के साथ घर पर था। तभी उसके सगे भाई कासिम, जाबिर और साजिद से ट्रक के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि कासिम, जाबिर साजिद ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।

वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेश तिवारी ने बताया कि मामले में छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

● **घर छोड़कर फरार हुए आरोपी पुलिस की टीमें दे रही हैं दबिश**

### व्यापारियों ने डीएम और एसएसपी से की मुलाकात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को संयुक्त व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से दोनों अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने व्यापारियों की किसी भी समस्या का निराकरण करने का भरोसा दिलाया। एसएसपी ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था का राज कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अरविंद अग्रवाल जॉनी, आशुतोष गुप्ता, रिजवान कामिल, विपिन गुप्ता, गौरव चौधरी, आदेश गुप्ता, अनुज गुप्ता एडवोकेट, सुप्रीत खन्ना आदि मौजूद रहे।

## आधा दर्जन गावों के खेतों में भरा पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन और लगातार बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन, बुधवार सुबह से हुई बरसात दोपहर तक रुक गई, जबकि बृहस्पतिवार को मौसम सुहाना हुआ। हालांकि आसमान में दिनभर काली घटा छाई रही। कुछ घंटों बाद फिर आसमान से बादल साफ हुए और चिलचिलाती धूप के बाद हुई बरसात से मौसम सुहाना हो गया।

बरसात से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल रही है तो वहीं इस बरसात से रामगंगा नदी का बढ़ता जलस्तर नदी से सटे गांवों के लिए चिंता का सबब बन रहा है। रामगंगा नदी का जलस्तर 24 घंटों में 94 सेमी बढ़कर 188.98 मीटर हो गया है। जबकि खतरे के निशान से रामगंगा अभी भी 1.62 मीटर दूर है। रामगंगा के खतरे का निशान 190. 60 मीटर है। रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से काफियाबाद, घोसीपुरा,अक्का भीकनपुर, शाहपुर, खइया, काफियाबाद, इस्लामनगर, बसावनपुर, मंसूरपुर, अहमनपुर, गनीनगर समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों के खेतों में रामगंगा का पानी आने से सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद होने के अंदेशा लगाया जा रहा है। जबकि पीपलसाना भोजपुर में सड़कों तक पानी उतर आया है।

अक्का भीकनपुर निवासी किसान महेंद्र सिंह ने बताया की रामगंगा नदी का पानी खेतों में आने से उनकी 10 बीघा धान की फसल बर्बाद हो गई है। इसके अलावा खेतों में पानी भर जाने से पशुओं का चारा भी खराब हो गया है।



रामगंगा नदी का बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

● **सैंकड़ों बीघा फसल बर्बाद होने का अंदेशा, भोजपुर पीपलसाना की सड़कों पर भरा पानी**



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते महावीर प्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

## आंबेडकर युवक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की ओर से गुरुवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। इसमें एमडीए द्वारा आशियाना स्थित आंबेडकर पार्क को निजी हाथों में लीज पर दिए जाने का विरोध किया गया।

संघ की ओर से मांग की गई कि आशियाना के आवंटियों से वार्ता होने तक पार्क की लीज की प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। पार्क में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाए। इस दौरान अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य, विमल धीर, नेतराम सिंह, प्रेम सिंह, करन सिंह, मुन्नी देवी, लक्ष्मी देवी, राजो देवी, प्रेमलता, राखी, जयप्रकाश सिंह, ओपी सागर आदि मौजूद रहे।

तैयारियां | नई समय सारिणी में ट्रेन के सफर को आसान बनाने पर चल रहा मंथन

## रेलवे अब जनवरी में लागू करेगा नया टाइम टेबल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस बार रेलवे ने अपना नया टाइम टेबल एक जुलाई से लागू नहीं किया। ढांचागत सुधार और विकास योजनाओं के चलते रेल मुख्यालय ने नए टाइम टेबल को अगले छह महीने के लिए टाल दिया है। जिसके चलते रेलवे अब अपना नया टाइम टेबल अगले साल एक जनवरी को लागू करेगा।

रेलवे ट्रेनों के नए संचालन को लेकर हर बार नया टाइम टेबल जारी करता है। कुछ समय से रेलवे का टाइम टेबल एक जुलाई को जारी हो रहा था। केंद्र में सरकार बनते ही रेल संचालन को पटरी पर लाने के लिए पहले दिन से तैयारी की जा रही है। अश्विनी वैष्णव के रेल मंत्रालय संभालते ही बड़ौदा हाउस टाइम टेबल को लेकर तैयारी पर मंथन करने लगा। जिसके लिए जून में तैयारी भी हुई। दिल्ली मुख्यालय में एक जोन से दूसरे जोन तक चलने वाली ट्रेनों के संचालन को लेकर माथा पच्ची हुई, लेकिन टाइम टेबल जारी होने से पहले हुए रेल हादसे के चलते तैयारी पर मंथन रुक गया। बड़ौदा हाउस ने जून के मध्य में नए टाइम टेबल की तैयारी पर विराम लगा दिया। विभाग का कहना है कि नया टाइम टेबल अब छह महीने बाद जारी होगा। एक जनवरी 2025 को भारतीय रेलवे अपना नया टाइम टेबल जारी करेगा। हालांकि रेल मुख्यालय के इस फैसले को विभाग में चल रही नई तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि रेलवे में ट्रैक और स्टेशनों के पुनर्विकास को लेकर चल रही तैयारी प्रमुख है। पुराने ट्रैक अब अपग्रेड हो रहे हैं। मुरादाबाद मंडल में ही इस साल 148 किमी रेल खंड में ट्रेनों की गति बढ़ी है। गजरौला-मुअज्जमपुर, लक्सर-हरिद्वार सेक्शन में 100 से बढ़कर 110 और नजीबाबाद- कोटद्वार सेक्शन में 50 से 80 किमी के बाद रोजा-सीतापुर सिटी, मुरादाबाद-सहारनपुर, रोजा- आलमनगर (लखनऊ) और खुर्जा सिटी से मेरठ सिटी सेक्शन में ट्रेनों की गति 110 हो चुकी है। ट्रैक अपग्रेड होने के साथ ही देहरादून से लखनऊ और लखनऊ से आनंद विहार के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलने लगी हैं।



### मुरादाबाद-सहारनपुर सेक्शन में बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद- सहारनपुर सेक्शन में ट्रेनों को 120 किलोमीटर प्रति घंटा और मुरादाबाद- गाजियाबाद सेक्शन में 130 किमी की रफ्तार से चलाने की योजना प्रस्तावित है। इसके अलावा गोंडा तथा रुड़की में एनआई का काम चल रहा है। इसके बाद रोजा यार्ड की रिमाडलिंग का बड़ा काम है। रुड़की में एनआई पूरी होते ही रेल प्रशासन रोजा की तैयारी शुरू की जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलवे में हर मंडल में टैंक सुधार, सिगनलिंग और अपग्रेडेशन के काम चल रहे है। इसलिए हुए नया एक जनवरी से लागू किया जाएगा। नई समय सारिणी में ट्रेन के सफर को आसान बनाने पर भी मंथन चल रहा है।



ढाप वाले मंदिर में कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही होगा कल्याण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आशियाना स्थित ढाप वाले मंदिर के सामने दो दिवसीय श्रीराम चरित मानस अमृत कथा में गुरुवार को आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीराम भारत के भाग्य विधाता है। उन्हीं के आदर्शों पर चल कर हमारा कल्याण होगा। हमें उनके चरित्र को जनमानस तक पहुंचाना है।

कथा व्यास ने बताया कि स्वर्ण के चमचमाते पात्र में अगर जहर पीओगे तो मृत्यु निश्चित है, वही साधारण लोहे के पात्र में पानी पीने से प्यासे को नया जीवन मिल सकता है। व्यवस्था में रमन कुमार अग्रवाल, प्रवीन रानी, मुकेश ज्योति, सहज, वंशिका, रतिका, श्वेता, नीलम, प्रियंका, आशा अग्रवाल, शैफाली, सविता, श्रुति सिंह, मोहित, दीपिका, त्रिशा गर्ग, मुदिता, आशीष, सुमित आदि मौजूद रहें।

## एक नजर

### दो पक्षों में संघर्ष, महिला समेत तीन घायल

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव काजीपुरा में दो पक्षों में संघर्ष होने से अफरातफरी मच गई। लगभग 4 वर्ष पूर्व गांव निवासी युवती रेशमा ने गांव निवासी युवक हाकम के साथ प्रेम विवाह किया था। घटना गुरुवार दोपहर की है। जब रेशमा के मायके वाले और ससुराल वालों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसमें रेशमा, अरमान, हाकम गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। दोनों पक्षों ने थाना डिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### किशोरी का अपहरण, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चंदूपुरा गुलडिया में किशोरी के अपहरण मामले में पीड़ित पिता ने थाना डिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में बताया कि गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी जरूरी सामान खरीद लेने के लिए चौराहे पर गई हुई थी। तभी उत्तराखंड के महुआ खेड़ा निवासी छोटू, अर्जुन, महिपाल ने किशोरी को जबरन उठाकर कार में डाल लिया और मुंह दबोचकर अपहरण कर ले गए। जिसको ले जाते हुए ग्रामीणों ने देख लिया। बाद में किशोरी के पिता ने थाने में बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी डिलारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। किशोरी की बरामदगी के लिए दबिश जारी है।

### आज चार्ज संभालेंगे गन्ना समिति के नए सचिव

**कांठ, अमृत विचार :** 6 वर्ष से सहकारी गन्ना समिति के सचिव रहे मुकेश कुमार सक्सेना का स्थानांतरण जनपद सीतापुर में होने पर उनके स्थान पर कासगंज से आ रहे नए सचिव खेत सिंह चार्ज संभालेंगे। सहकारी गन्ना समिति के सचिव मुकेश कुमार सक्सेना का 6 वर्ष दो माह की अवधि पूर्ण करने के बाद उनका स्थानांतरण जनपद सीतापुर के लिए हो गया है। उनके स्थान पर कासगंज से आ रहे नए सचिव खेत सिंह शुक्रवार को कार्यभार संभालेंगे। सहकारी गन्ना समिति के अंतर्गत चार शुगर मिल आती हैं जिसकी देखरेख सक्सेना के पास थी।

# राहुल गांधी के बयान से आक्रोश, फूंका पुतला

## भाजपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, कार्रवाई की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा में राहुल गांधी का पुतला लेकर नारेबाजी करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में कांग्रेस के सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए उनका पुतला फूंका। साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए भाजपाइयों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

नगर में भाजपा कार्यकर्ता गुरुवार को तिकोनिया पार्क के निकट सेंट मार्क स्कूल पर एकत्रित हुए। यहां से भाजपा नेता अजय प्रताप के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ता राहुल गांधी का पुतला लेकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे, जहां राहुल गांधी के पुतला फूंका गया। वही उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को राष्ट्रपति संबंधित ज्ञापन देकर राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे किसी नेता को हिंदुओं के खिलाफ ऐसा बयान देने शोभा नहीं देता। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, कमलेश कुमार, पवन पुष्पद, जयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी, अंकित शर्मा, अरुण प्रताप, हेमेंद्र प्रताप, शरद पुठिया, शिवेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बिलारी में राहुल गांधी का पुतला फूंकते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका

**बिलारी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच उत्तर प्रदेश और त्रिमूर्ति अमरनाथ कावड़बेड़ा के बैनर तले संयुक्त रूप से कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। साथ ही संसद में हिंदुओं को हिंसक बताने के बयान की निंदा कर कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में बताया कि कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिंदुओं के प्रति विवादित बयान दिया। साथ ही राहुल गांधी ने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए हिंदुओं के साथ अभय मुद्रा का भी मजाक उड़ाया। उन्होंने जानबूझकर पूरे हिंदू समाज का अपमान किया है। इसको लेकर सभी ने आक्रोशित होकर नगर के महाराणा प्रताप चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पं. रामनिवास शर्मा, जीतू शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, छवि राज चावला, जयदेव मौर्य, आकाश, मनीष, सिद्धार्थ शेखर, आरके गर्ग, धर्मेंद्र गांधी, अखिलेश शर्मा, आकाश शर्मा, त्रिमूर्ति अमरनाथ कांवड़बेड़ा के महंत तरुण कपूर, मुकेश कुमार मौर्य, शिव शंकर, राकेश, कैलाश, शोभित सिंह दिवाकर, आकाश शर्मा, राकेश, भानु प्रताप सिंह, लोचन सिंह, अरुण, कुलदीप, मुकेश कुमार आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया काला दिवस

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर काला दिवस के रूप में मनाया।

गुरुवार को रामूवाला गणेश स्थित वीएस गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश मत्स्य बोर्ड के क्षेत्रीय संयोजक आचार्य नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि आपातकाल के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जनता तथा राजनीतिक पार्टी के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने बताया कि रायबरेली लोकसभा से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद कर दिया था। इस कारण उन्होंने आपातकाल रातों रात घोषित कर दिया था। साथ वक्ताओं ने संसद में राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने के वक्तव्य की आलोचना की गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिंह, सत्यपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, अखिलेश बिश्नोई, सचिन राणा, मनोज कुमार चौहान, हर ज्ञान सिंह, कमलेश कुमार, डॉ ओपपाल सैनी, जितेंद्र सिंह चौहान, आशुतोष अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नरेंद्र आचार्य। ● अमृत विचार

# किसानों की समस्याओं का समाधान हो

संवाददाता, बिलारी


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू मुलायम के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भारतीय किसान यूनियन मुलायम ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- मांगों का समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार :** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन मुलायम के प्रदेश अध्यक्ष मिर्जा गालिब आजाद के नेतृत्व में मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 11 लोगों का प्रतिनिधि मंडल किसानों की जनसमस्या को लेकर मिलना चाहता है। जो स्वामीनाथन रिपोर्ट एवं एमएसपी गारंटी कानून जोकि केंद्र सरकार ने अभी तक लागू नहीं किया है उसको लागू किया जाए, किसान आयोग का गठन किया जाए, मुरादाबाद में निजी अस्पतालों द्वारा डॉक्टरों की फीस जोकि 1500 से 2000 रुपये तक है उसे ढाई सौ रुपए किया जाए, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों जैसी व्यवस्था लागू कराई जाए एवं प्राइवेट स्कूलों की किताबों की कीमतों पर अंकुश लगाया जाए, बिलारी में आजादी से लेकर आज तक बुनकर समाज के लिए सूत डिपो का आवंटन नहीं हुआ, बिलारी में सूत डिपो का आवंटन कराया जाए आदि मांग शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में सौरव कश्यप, नाजिम उर्फ मुजफ्फर, डॉ. बिलाल अकबर, राजेंद्र कश्यप, फैसल बिन रईस, सोनू, अतर सिंह, हंसराज, रईस, इशहाक अंसारी, शाकिर, इश्तियाक, आरिफ, हरदयाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# दो दिन की बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ पुल, दुर्घटना की आशंका

संवाददाता, कांठ


क्षतिग्रस्त पुल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांठ-करनपुर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित रामगंगा नदी का पुल दो दिन की वर्षा में ही नीचे धंस गया है जिस कारण इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना होने की संभावनाएं प्रबल हो गई है।

लगभग एक दशक पूर्व कांठ-करनपुर मार्ग पर रामगंगा नदी पर पुल का निर्माण कराया गया था। यह मार्ग सीधा ठाकुरद्वारा होकर काशीपुर, उत्तराखंड को जोड़ता है। इससे पूर्व ही यात्रियों को काशीपुर आवागमन के लिए वाया स्योहारा होकर लगभग 50 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर जाना होता था। पुल निर्माण के दौरान यहां लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया एवं सड़क का निर्माण किया गया था।

इस मार्ग पर त्रिवेणी शुगर मिल भी स्थित है। यह ठाकुरद्वारा एवं काशीपुर उत्तराखंड के लिए काफी दूरी कम होने के कारण अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग पर सीजन में गन्ने से ओवरलोड ट्रक एवं ट्रैक्टर मिल जाते हैं। दो दिन हुई वर्षा से ही राम गंगा नदी के पुल की साइड नीचे धंस गयी है। जिसकी शिकायत की जा चुकी है। संजय कुमार, आकाश कुमार, बुन्दू अहमद आदि ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप


पौधरोपण करते विधायक मोहम्मद फहीम इरफान। ● अमृत विचार

### विधायक ने किया पौधरोपण

**बिलारी, अमृत विचार :** हज यात्रा के बाद लौटे बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने पैतृक ग्राम मोहम्मद इब्राहिमपुर में पौधरोपण किया। इस दौरान विधायक मोहम्मद ने ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधे लगाएंगे। विधायक ने कहा कि बिलारी डार्क जोन में होने की वजह से जल की अनावश्यक बर्बादी न करें। इसके बाद विधायक ने ग्राम मोहम्मद फहीम इब्राहिमपुर के अफजल हायर सेकेण्डरी स्कूल में भी पौधरोपण किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, मोहसिन कमाल, राहत अली, मोहम्मद गालिब, जर्रार गोस अशरफी, सैयद अहमद, नोशे हुसैन, बाबू हुसैन, लईक अहमद, बाबू, मुनाजिर असलम, अहसन, आदिल, कल्लू, नफीस, कासिम, शमीम मियां आदि मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा में साप्ताहिक बंदी के दौरान भी खुली दुकानें। ● अमृत विचार

### साप्ताहिक बंदी के बाद भी खुला रहा बाजार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में साप्ताहिक बंदी के दौरान गुरुवार को नगर के सभी बाजार खुले रहे। इसे लेकर श्रमिकों और व्यापारियों में आक्रोश रहा। पिछले कई सप्ताह से नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है। पूर्व में श्रम अधिकारी की सख्ती के चलते नगर के बाजार पूर्णतया बंद रहते थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी समय-समय पर छापेमारी कर व्यापारियों का चालान करते थे। पिछले कई माह से श्रम प्रवर्तन अधिकारी के तहसील मुख्यालय न पहुंचने से व्यापारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। साप्ताहिक बंदी पर नगर के शत-प्रतिशत बाजार खुले नजर आते हैं। गुरुवार को भी नगर के गंज बाजार, बुध बाजार, कदीर तिराहा, तिकोनिया बस स्टैड, बाबूरामपाल सिंह द्वार, कमालपुरी चौराहा, शगुन चौराहा, अस्पताल रोड, मोहल्ला ताली, बड़ा बाजार, मीना बाजार आदि खुले रहे और लोगों की भीड़ नजर आई। इससे दुकानों पर काम रहे मजदूरों और नियमों का पालन करने वाले व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।



गांव जलालपुर खालसा में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार/डिलारी :** वन महोत्सव के अवसर पर उप वन क्षेत्राधिकारी एमपी सिंह द्वारा एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय जलालपुर खालसा में आयोजित किया गया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा आठ के शक्ति कुमार, द्वितीय स्थान पाखी चौहान कक्षा 6 एवं तृतीय स्थान मंताशा कक्षा 6 ने हासिल किया। विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने पौधरोपण करने का आह्वान किया। एक पौधा मां के नाम के कार्यक्रम के तहत तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक हर्ष चौहान, वन विभाग से पीयूष जोशी, वन दरोगा संजय चौहान, वन दरोगा राजेंद्र सिंह, केपी सिंह, गणेश राम, नरेश उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन नाला बारिश में ढहा, ग्रामीणों का ठेकेदार पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र से क्षेत्र के गांव माधोवाला में बनाए जा रहा नाला अत्यधिक बारिश का पानी आने से गिर गया। ग्रामीणों ने ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर निर्माण की जांच कराकर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि नाले का निर्माण 10 दिन पूर्व कराया गया था, लेकिन नाले के दोनों तरफ मिट्टी का भराव न होने के कारण अचानक मूसलाधार बारिश से नाला गिरकर ध्वस्त हो गया। गांव के वेद प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, रमन सिंह, राजीव कुमार आदि ने प्रदर्शन कर ठेकेदार द्वारा निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने की जांच कराने की मांग की ।



दवाखाने पर सील लगाती आयुर्वेदिक विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# देशी दवाखाने पर आयुर्वेदिक चिकित्सा टीम ने लगाई सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आयुर्वेदिक चिकित्सा टीम द्वारा गुरुवार को नगर के पैंठ बाजार ईदगाह रोड स्थित यामीन पहलवान देशी दवाखाने पर छापेमारी की गई। संचालक द्वारा उचित कागजात नहीं दिखाने पर टीम ने दवा के नमूने लेकर दवाखाने का सील कर दिया।

यूनानी आयुर्वेदिक अधिकारी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में शिकायत के आधार पर जांच करने टीम पहुंची थी। टीम ने दवाखाने पर दवाइयों के नमूने लिए, साथ ही वहां मौजूद स्टाफ से दवाखाने के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कागजात मांगे। कागजात नहीं दिखाने पर टीम ने दवाखाने पर सील लगा दी। इस दौरान दवाखाना संचालक यामीन पहलवान मौके से फरार हो गया।

### कुएं में गिरी गाय को बाहर निकाला

**कांठ, अमृत विचार :** गोसेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कुएं में गिरी गाय को ग्रामीणों व कर्मचारियों की मदद से बाहर निकाला गया।

गोसेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संयोजक विकास शर्मा को बुधवार शाम एडवोकेट विजयवीर सिंह बिश्नोई द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि उनके गांव में चामुंडा के पास खेत में बने कुएं में एक निराश्रित गाय गिर गई है। जिस पर विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान एवं गांववालों की मदद ली। तहसीलदार आनंद कुमार नायक को घटना की जानकारी देकर नगर पंचायत उमरी से जेसीबी मंगा कर गाय को सकुशल कुएं निकलवाया गया। बाद में पशु चिकित्साधिकारी से गाय का उपचार कराकर गाय को गांव में ही सुरक्षित कराया गया है।

# पुलिस ने बंद कराए कोचिंग सेंटर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


कोचिंग सेंटर बंद होने के बाद बाहर खड़े छात्र। ● अमृत विचार

- साप्ताहिक बंदी के बावजूद खुले थे कोचिंग सेंटर
- विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की थी शिकायत

**अमृत विचार :** नगर में कोचिंग संस्थानों के साप्ताहिक अवकाश के बाद भी खुले होने पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने कोचिंग संस्थानों को बंद कराकर साप्ताहिक अवकाश में खोलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

नगर में साप्ताहिक बंदी को प्रशासन ने 2018 में गुरुवार का दिन निर्धारित किया था। कुछ समय तक इसका पालन किया गया, लेकिन कुछ कोचिंग सेंटरों के संचालकों द्वारा बनाए गए नियम का खुला उल्लंघन कर गुरुवार को भी इनका संचालन किया गया। जब इसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली तो उन्होंने पुलिस प्रशासन से शिकायत की। जिस पर कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी ने मौके पर पहुंच कर कोचिंग सेंटरों को बंद कराया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि साप्ताहिक बंदी में कोचिंग सेंटर खोले गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान बजरंग दल जिला विद्यार्थी प्रमुख साजन शर्मा भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर पंकज सिंह, रवि चौधरी, शुभम राजपूत, अनिरूद्ध चौधरी, विक्की, विशाल, देवेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

**नाराजगी** — नगरवासियों ने लगाया नपा अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप, जिम्मेदार बने अनजान

# नगर पालिका से हो रही दूषित पानी की आपूर्ति

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा


मुंशिफ कोर्ट रोड पर लगी टोटी से निकले दूषित पानी को दिखाते दुकानदार।

- कई बार शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई
- दूषित पानी पीने से संक्रामक बीमारियां होने की संभावना

**अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही व उदासीनता के चलते पिछले 15 दिन से नगर क्षेत्र की जगह-जगह लगी सार्वजनिक पानी की टोटियों से दूषित पानी आ रहा है। शिकायत के बाद भी गंदे पानी की आपूर्ति को नहीं रोका गया। जिससे नगर के लोगों व राहगीरों में आक्रोश व्याप्त है।

बताते चलें कि गर्मी के चलते प्यास लगने पर लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। लगातार दूषित पानी की आपूर्ति पर दुकानदारों, राहगीरों व स्थानीय निवासियों ने इसकी शिकायत नगर पालिका में की। मुंशिफ कोर्ट रोड पर नगर पालिका द्वारा लगी टोंटी में पिछले एक महीने से 24 घंटे में मात्र दोपहर 1:00 बजे के आसपास पानी आता है। वह भी मात्र आधा घंटे के लिए। वह भी दूषित पानी होता है।

इसकी शिकायत नगरपालिका में की तो जल निगम विभाग के कर्मचारी लापरवाह बने रहे। इस समय ठाकुरद्वारा का जल स्तर निरंतर घट जाने के कारण नगर पालिका द्वारा रात्रि 8:00 बजे दोपहर 1:00 बजे के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन पालिका द्वारा दूषित पानी की आपूर्ति से नगरवासियो में आक्रोश व्याप्त है। लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

एसडीएम कोर्ट के आसपास रहने वाले दुकानदारों ने इसकी शिकायत नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ललित आर्य से की। जिस पर उन्होंने जल निगम के सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि तत्काल पानी की पाइप लाइनों की जांच कराकर नागरिकों को स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जाए।



रैली निकालते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# रैली निकाल कर पौधरोपण के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गांव में वन विभाग के अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

गुरुवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम हरकिशनपुरा के श्यामू देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा पौधरोपण करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांव में प्रभात फेरी निकाली और ग्रामीणों को वृक्षों का महत्व बताया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह, वनरक्षक अमरजीत सिंह, दरोगा बबीता, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कार्ड बांटने जा रहे युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत

## बाइक से साले की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था शीशराम

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** बाइक सवार युवक को दिल्ली दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा बुधवार देर रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नीलीखेड़ी पुल हुआ। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी शीशराम (45) पुत्र नन्हे अपनी बाइक से जोया की ओर आ रहे थे। वह अपने साले की शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। जैसे ही वह



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

- **बुधवार देर रात नीलीखेड़ी पुल पर हुआ हादसा, कार चालक फरार**

नीलीखेड़ी पुल के उपर पहुंचा तभी दूसरी तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में शीशराम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक गलत दिशा में



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक।

आ रही थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था तथा परिजनों को सूचना दी है। दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया गया है। चालक का पता लगाया जा रहा है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### नगर से हटेगा स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाया जाएगा। सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को समाप्त करने क लिए से जिलाधिकारी के निर्देश पर हसनपुर में शुक्रवार से पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान से पहले पालिका द्वारा नगर में मुनादी कराई जा रही है कि जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है वह स्वयं हटा ले नहीं तो पालिका टीम द्वारा हटाया जाएगा।

### जलभराव से छुटकारे को पालिकाकर्मियों ने की सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में पालिका कर्मियों ने सफाई की। चेतन चौहान मार्ग पर जलभराव से छुटकारे के लिए बुधवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ चेयरमैन ने रूपरेखा तैयार की थी। वहीं, गुरुवार सुबह चेयरमैन के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की टीम नगर के बाईपास मार्ग पर स्थित नालों की सफाई के लिए उतरी। पालिका की टीम ने नालों के ऊपर रखे पत्थरों को हटाकर सफाई कराई। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

### फुंका ट्रांसफार्मर बदलने को ग्रामीणों का प्रदर्शन

**आदमपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खड़कानी उर्फ रानीवाला में चामुंडा मंदिर के पास 10 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले 10 दिन से फुंका पड़ा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से फुंके ट्रांसफार्मर की शिकायत कई बार कर चुके हैं, लेकिन फुंके ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवाया गया। प्रदर्शन करने वालों में ओंकार सिंह, देवेंद्र सिंह, विकास कुमार, भीमसेन, टेकचंद, मूलचंद, सतपाल रहे।

### डॉ. संदल को व्यापारियों ने किया सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने डॉ. संदल अग्रवाल का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अर्पण गुप्ता, अमित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, राज कुमार अग्रवाल, इमरान रहे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान परिवहन निगम चलाएगा विशेष बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो कांवड़ यात्रियों के लिए हरिद्वार को विशेष बसें चलाएगा। इसके लिए परिवहन निगम ने सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों को बढ़ाया जाएगा।

अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए परिवहन निगम द्वारा हरिद्वार के लिए स्पेशल बसों को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्पेशल बस के लिए चालक परिचालकों की तैनाती कर दी गई है। बसों को वर्कशॉप में मरम्मत के लिए भेज दिया है।

उन्होंने बताया की शुरू में हरिद्वार के लिए 10 बसों को चलाया जाएगा और उसके बाद जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती रहेगी। वैसे-वैसे बसों को भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था में बदलाव की वजह से बसों को मार्ग बदलकर चलाया जाएगा। जिससे हरिद्वार से जल लेकर आने वाले शिव भक्तों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सैदनगली थाना प्रभारी सहित कई चौकी इंचार्जों का तबादला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **पुलिस अधीक्षक ने निशांत राठी को बनाया स्वाट प्रभारी**

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने सैदनगली थाना प्रभारी निशांत राठी को हटाकर अशोक वर्मा को प्रभारी निरीक्षक तैनात किया है। निशांत राठी को स्वाट प्रभारी बनाया। कई चौकी इचांर्जों और दरोगाओं के तबादले हुए हैं।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने सैदनगली थाना प्रभारी निशांत राठी का तबादला करते हुए उन्हें प्रभारी स्वाट टीम बनाया। चुनावी सेल के प्रभारी अशोक कुमार वर्मा को सैदनगली थाने की कमान सौंपी है। महिला थाना गजरौला के परिवार परामर्श केंद्र पर तैनात कोमल तोमर को अमरोहा नगर की कोट चौकी इंचार्ज बनाया है। कैलसा चौकी इंचार्ज विनोद गोले को हसनपुर के वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर भेजा है। वहीं थाना नौगांवा सादात में सतवीर सिंह को उझारी चौकी की कमान सौपी है। जबकि वरिष्ठ उप निरीक्षक सैदनगली में तैनात अनुज कुमार को थाना अमरोहा देहात के अंतर्गत कैलसा चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा थाना डिडौली में तैनात दरोगा देवानंद शुक्ला को थाना रहरा में भेजा है जबकि रहरा में तैनात परशुराम को अमरोहा नगर के वासुदेव चौकी इंचार्ज बनाया है। वहीं, यहां तैनात कपिल कुमार को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना सैदनगली बनाया है। उधर, कुमराला चौकी में तैनात मनोज बाबू को रहरा के जल्लोपुर प्रभारी चौकी इंचार्ज रूप बनाया है। इसके अलावा रसूलपुर चौकी प्रभारी संजीव कुमार को थाना अमरोहा नगर में भेजा है। अमरोहा नगर की रज्जाक चौकी पर तैनात राकेश बंसल को धनौरा की रसूलपुर चौकी पर तैनात किया है। महेंद्र कुमार शर्मा को मछरट्टा चौकी से हटाते हुए थाना रहरा में भेजा है। उझारी चौकी इंचार्ज चांदवीर सिंह को थाना नौगांवा सादात में तबादला किया है। वहीं, पुलिस लाइन से दरोगा देशपाल को कुमराला चौकी इंचार्ज बनाया है। थाना अमरोहा नगर में तैनात दरोगा संजीव कुमार को मछरट्टा चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा पुष्पेंद्र राठी को जल्लोपुर चौकी से हटाते हुए रज्जाक चौकी इंचार्ज बनाया है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

बछरायूं निवासी दोस्त मोहम्मद व फुरकान गुरुवार सुबह बाइक से किसी काम से गजरौला जा रहे थे। रास्ते में गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास सामने से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। हादसा देखकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि दुर्घटना के मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा चालक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** मोहल्ला अल्लीपुर निवासी शराफत का 35 वर्षीय बेटा असलम ई-रिक्शा चलाता था। वह 14 जून को ई-रिक्शा चलाने के लिए घर से निकला था। शनिवार सुबह असलम गंभीर घायल अवस्था में गदापुर रेलवे फाटक के निकट पड़ा मिला था। अस्पताल ले जाते समय असलम की मौत हो गई थी।

मामले में प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि असलम गजरौला निवासी हनीफ से किराये पर ई-रिक्शा लेकर चलाता था। वहीं से रहरा थाना क्षेत्र के पोरारा गांव निवासी अनिल शर्मा भी ई-रिक्शा किराये पर लेकर चलाता था। असलम व अनिल के बीच ई-रिक्शा चार्ज करने को लेकर कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। तभी से आए दिन दोनों के बीच



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

गाली-गलौज होती रहती थी। 14 जून की शाम को अनिल ने असलम की ई-रिक्शा स्टेशन पर खड़ी करा दी तथा अपनी ई-रिक्शा से उसे शराब पिलाने के लिए ले गया। वहां शराब पीने के बाद आपस में मारपीट हो गई थी। इसके बाद अनिल ने असलम के सिर में पत्थर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अनिल फिलहाल मोहल्ला सुल्ताननगर में रह रहा था। उसे गिरफ्तार करके चालान कर दिया है।

# रोडवेज बस में हार्टअटैक से यात्री की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बिजनौर से अलीगढ़ जा रही रोडवेज बस में बैठे यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रोडवेज बस चालक ने बस को रोककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दी है।

गुरुवार सुबह बिजनौर से अलीगढ़ जा रही बिजनौर डिपो की बस में सवार यात्री को हसनपुर के निकट हार्ट अटैक आ गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख पास बैठी सवारियों ने इसकी सूचना बस कंडक्टर मनोज कुमार को दी। जिस पर बस कंडक्टर ने बस चालक सुधीर कुमार को बस रोकने को कहा। जिस पर बस चालक ने गांव शाहपुर कलां के नजदीक बस को रोक लिया और पास ही एक नर्सिंग होम में यात्री को भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने यात्री की जांच



घटना की जानकारी करती हसनपुर पुलिस। ● अमृत विचार

- **चालक-परिचालक ने यात्री को निजी अस्पताल में कराया था भर्ती**

की उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृत यात्री की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ। जिससे पता चला कि मृतक 50 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी रघुवीरपुरी जिला अलीगढ़ का निवासी था। वहीं, मृतक की जेब से उसके बेटे का फोन नंबर मिला। पुलिस ने फोन नंबर पर कॉल कर परिजनों को इसकी सूचना दी है।

कंडक्टर मनोज कुमार ने बताया कि रोडवेज बस बिजनौर से अलीगढ़ जा रही थी। मृतक चांदपुर से अलीगढ़ के लिए बस में सवार हुआ था। रहरा-हसनपुर मार्ग पर हसनपुर से निकलते ही तबीयत खराब हो गई। जिस पर शाहपुर कलां में बस रोककर निजी नर्सिंग होम में उसे दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने हार्ट अटैक आने से यात्री की मौत की पुष्टि की है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है।

# 26 जून से मोबाइल नेटवर्क ठप, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव गंगवार में मोबाइल टावर के नीचे बारिश का पानी भर जाने के कारण नेटवर्क ठप हैं। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में 26 जून से नेटवर्क ठप है और इस और कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में लोगों ने तत्काल समस्या दूर करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी टावर की मशीनों में भर जाने से मोबाइल नेटवर्क ठप है। टावर में एक सप्ताह से पानी भरा है, लेकिन कर्मचारियों द्वारा अभी तक मशीनों की साफ सफाई नहीं की गई है। नेटवर्क ठप होने से मोबाइल शो पीस बनकर रह गए हैं। एक ही टावर तीन कंपनियों की सेवा दे रहा है। लोगों का कहना



बुरावली में मोबाइल टावर के नीचे भरा पानी।

है कि मोबाइल कंपनियों को इस और ध्यान देना चाहिए। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समय समस्या को दूर करने की मांग की है। मांग करने वालों में यूसुफ, पूर्व प्रधान गुड्डू उर्फ परवेज आलम, मोहम्मद फराज, नवेद आलम, दिलशाद, नदीम, नन्हे, जावेद, इमरान, नौशाद, तनवीर, डॉ. माजिद, मुशाहिद आदि हैं।

# निरीक्षण में डीएम को मिलीं खामियां

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली खामियों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए।

नगर स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार के साथ औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सीएचसी के सभागार का भी निरीक्षण करते हुए सभागार निर्माण कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। वहीं, निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर, लेबर रूम, ओटी, दवाओं का स्टॉक एवं अस्पताल परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था को चेक




सीएचसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

- **जिलाधिकारी ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण**

किया। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह को सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी मरीज सीएचसी में आए उसे किसी बात की दिक्कत नहीं होनी चाहिए और हर समय सीएचसी में स्टाफ मौजूद होना चाहिए।

# अगर तुम न आते मेरी जिंदगी में, मेरी जिंदगी खूबसूरत न होती

संवाददाता, सैदनगली/ उझारी

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में दूर दराज के क्षेत्रों से भी अकीदतमन्द आ रहे हैं। उर्स के 13वें दिन महिला कव्वाल जारा डिस्को ने कव्वाली पेश कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह है। यहां लोग मुरादें मांगने के लिए दरगाह पर हाजिर होते हैं। मान्यता है कि अगर किसी व्यक्ति के मस्से हो जाते हैं तो वह दरगाह पर झाड़ू एवं चादर पेश करता है, तो उसके मस्से खत्म हो जाते हैं। बुधवार रात महिला कव्वाल जारा डिस्को ने कव्वाली पेश करते हुए पढ़ा- मोहब्बत से हम लोग मिलजुल के रहते, अगर जालिमों की हुकूमत न होती, अगर मेरे आंखें संवारने के लायक होती, मुझे आइने की जरूरत



उझारी में कव्वाली पेश करती महिला कव्वाल।

न होती, अगर तुम न आते मेरी जिंदगी में, मेरी जिंदगी खूबसूरत न होती। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, अदनान महल, हाजी बब्बन, फहीम महल, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आदिल, तबरेज अहमद, भूरे मिस्त्री, अलाउद्दीन सैफी, देवकी पाल, हेमराज सैनी, राशिद अली, नसीम अहमद, वहाब अहमद आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में मीसा बंदियों को सम्मानित करते विधायक राजीव तरारा व अन्य। ● अमृत विचार

# विधायक ने मीसा बंदियों का किया सम्मान

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** नगर के बैंक्वेट हॉल में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में संगोष्ठी कर मीसा बंदियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने मीसा बंदियों का माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि इस दिन

एक परिवार के लालच एवं अहंकार ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। रातों-रात पूरा देश जेल में तब्दील कर दिया गया, मीडिया को दबाया। देश के महापुरुषों एवं राष्ट्रभक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया। लोकतंत्र की नृशंस हत्या कर दी गई। प्रेस, अदालतें, भाषण सब पर पाबंदी लगागई। गरीबों और दलितों पर अत्याचार किए गए। उन्होंने कहा आपातकाल के संघर्ष और यातनाओं को सहन करने वालों के साथ देश हमेशा खड़ा है। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों के प्रयासों से देश में लोकतंत्र बहाल हुआ। जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को पुनर्स्थापित करने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले एवं आपातकाल का प्रखर विरोध करने वाले मीसा बंदियों का सम्मान कर वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस अवसर पर कमल अग्रवाल, रोहित आर्य, नरेंद्र जाटव, गौरव अग्रवाल, सुरेंद्र ओलख आदि रहे।

**निरीक्षण** गांव में गंदगी देख जिलाधिकारी ने बीडीओ को लगाई फटकार, एएनएम से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए

# गांवों में नियमित रूप से कराएं फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गांव रहरा के निरीक्षण के दौरान गंदगी देख खण्ड विकस अधिकारी से नाराजगी जताई और फटकार लगाई। साथ ही कहा कि अभियान चलाकर गांव में साफ सफाई कराकर छिड़काव कराया जाए।

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकास खंड गंगेश्वरी के ग्राम रहरा का संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत साफ-सफाई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान गलियों में साफ-सफाई न मिलने, गंदगी का अंबार लगे होने तथा नालियां चोक होने तथा मार्गों पर जलभराव मिला। इस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से नाराजगी जताई और कड़ी फटकार



गांव रहरा में निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

लगाई। उन्होंने कहा कि गांव में जो भी सफाई कर्मचारी नियुक्त है, वह प्रतिदिन नालियों की सफाई करे। रास्तों पर जलभराव न हो, नालियों व मार्गों तथा जलभराव वाले स्थलों पर एन्टी लार्वा, फॉगिंग, चूने का छिड़काव कराया जाए। किसी भी गांव में जलभराव की स्थिति न हो। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चल रहे दस्तक अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा आशा व एएनएम को बुलाने पर भी उनके उपस्थित न होने पर खण्ड विकास अधिकारी को फटकार लगाई और आशा व एएनएम से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। कहा कि यदि स्पष्टीकरण सन्तोषजनक न मिला तो एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

### गुरैठा गोशाला का किया निरीक्षण

**रहरा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने विकास खंड गंगेश्वरी के गुरैठा गोशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गोशाला में गंदगी देख गोशाला प्रभारी से नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाई। उन्होंने हिदायत दी कि 15 दिनों के अंदर स्थिति सही नहीं की गई तो टेंडर निरस्त कर अन्य व्यक्ति को आवंटित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोशाला में गोवंश का रख-रखाव गम्भीरता के साथ किया जाए। प्रत्येक पशु का ध्यान रखना होगा, पशुओं को समय से चारा-पानी, बीमार पशुओं का उपचार कराया जाए। भूसे के साथ हरा चारा, खली, चूनी, चोकर मिलाकर अवश्य दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आती है तो कड़ी कार्यवाही होगी। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को गोशाला परिसर के मुख्य रास्तों पर खड़ंजा बिछवाने के निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी ने गोशाला परिसर में पौधरोपण पर भी किया।

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से किए सवाल-जवाब

**रहरा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय रहरा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अध्यापकों और बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर कक्षाध्यापक को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से कक्षा में बोर्ड पर सवाल जवाब कर कक्षा अध्यापक को रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को समझाएं कि सभी बच्चे ड्रेस में आए और स्कूल सभी चलो अभियान के तहत घर-घर जाकर सर्वे करें। जो बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं, इधर-उधर घूम रहे हैं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक बच्चों को पंजीकरण कराएं।

# बिजली उपभोक्ताओं को विभाग नहीं दे रहा बिल

**रहरा, अमृत विचार :** बिजली विभाग की स्थिति दिन पर दिन बिगड़ा रही है। उपभोक्ता बिजली के कार्यालयों में चक्कर लगाते-लगाते थक जाते हैं। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी समस्या सुनने को तैयार नहीं है। बिजली विभाग के कर्मचारी समय से उपभोक्ता को बिल नहीं दे रहे हैं।

उपभोक्ता को कहना है कि बिजली विभाग के मीटर रीडर हर महीने बिजली का बिल नहीं निकालते हैं। अधिकारियों से बार-बार कहने के बावजूद भी मीटर रीडर उपभोक्ताओं के पास बिजली का बिल निकालने छह महीने में एक दो बार ही आते हैं। जिससे उपभोक्ता को इकट्ठा बिल मिलने पर काफी रुपयों का भुगतान करना पड़ता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर हर महीने बिल मिल जाए तो आसानी एवं समय से बिजली का बिल जमा हो जाएगा। लेकिन इस समस्या का कोई समाधान करने मे अधिकारियों की दिलचस्पी नहीं है।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

# उपचुनाव से पहले पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** वार्ड सभासद के उपचुनाव से पहले पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देकर शांतिपूर्ण से मतदान कराने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को तीन पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 के सभासद पद के उपचुनाव के लिए आठ जुलाई को मतदान होगा। मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय के सभागार एआरओ द्वारा दिया गया।

मतदान के लिए तीन पोलिंग पार्टियों बनाई गई हैं। एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय व मतदान अधिकारी तृतीय कुल चार सदस्य होते हैं। एआरओ नीरज कुमार घर द्वारा बताया गया है की पोलिंग पार्टियों को शासन के निर्देश अनुसार प्रशिक्षण दिया गया है।

# ताजियों के जुलूस, कांवड़ मार्ग की होगी कड़ी सुरक्षा

## पालिका के ईओ ने मुख्य मार्गों की सफाई शुरू कराई, रात्रि प्रकाश व्यवस्था होगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देश पर प्रशासन के अधिकारियों ने 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि बिजनौर मार्ग पर कांवड़ यात्रा को देखते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि बिजनौर मार्ग पर जहां-जहां कूड़े के ढेर लगते थे।

वहां कूड़ेदान रखवा दिया है और पेयजल एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान रात्रि के समय बिजनौर मार्ग स्ट्रीट लाइट से जगमगाएगा।


मंडी धनौरा में रास्तों का भ्रमण करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

उधर, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए बिजनौर मार्ग पर बिजली के खंबों पर प्लास्टिक लगा दी जाएगी और जहां-जहां पर ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। वहां पर बल्लियां लगाकर उनको बंद कर दिया जाएगा।

इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था के लिए नौगांवा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे और पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात को बंद किया जाएगा और ट्रैफिक को मार्ग बदल कर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन-जिन मार्गों से कांवड़ यात्री निकलते हैं। उन मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जाएगी।

## निर्धारित मार्गों से ही निकालें ताजियों का जुलूस : एसडीएम

संवाददाता, मंडी धनौरा

**निर्देश**
- एसडीएम और सीओ ने की ताजिया कमेटी के साथ बैठक
- नई परंपरा नहीं शुरू करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** गुरुवार को एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर ने मंडी धनौरा व चुचैला कलां में मोहर्रम के जुलूस को लेकर ताजिया कमेटी के आयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने नई परंपरा डालने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि निर्धारित मार्ग पर ही ताजियों का जुलूस निकाला जाए।

चुचैला कलां में एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर ने पंचायत भवन पर ताजिया कमेटी व गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मोहर्रम को आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की। चेतावनी दी कि कोई भी नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। वहीं, एसडीएम व सीओ ने थाना प्रभारी मनोज कुमार संग ताजियों के जुलूस के रूट का भी जायजा लिया। कई जगह रास्तों में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान को रास्तों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं, मंडी धनौरा में भी ताजिया कमेटी के साथ एसडीएम व सीओ ने वार्ता कर जुलूस के मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरान चमन सैफी, इरफान अंसारी, बाबू अंसारी, जरीफ अंसारी, मुमताज मलिक, मोहम्मद अली सैफी सहित आदि रहे।

## बारिश के बाद तिगरी में गंगा का 20 सेमी और बढ़ा जलस्तर

संवाददाता, गजरौला

**परेशानी**
- गुरुवार को तिगरी में गंगा का जलस्तर पहुंचा 199 मीटर
- दुकानदारों और पुरोहितों ने अपनी दुकानें पीछे कीं

**अमृत विचार :** पहाड़ों व मैदानी क्षेत्र में हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा धाम तिगरी में जलस्तर में 20 सेमी का इजाफा हुआ है। जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के दुकानदारों व पुरोहितों ने अपनी दुकानें और अपनी झोपड़ियां पीछे की ओर खिसका ली हैं।

बता दें कि बुधवार को गंगा का जलस्तर 198.80 मीटर गेज था तो वहीं गुरुवार को इसमें 20 सेमी. की वृद्धि के बाद स्तर 199 मीटर गेज पर पहुंच गया। गंगा धाम तिगरी में हालांकि जलस्तर 202 मीटर गेज से अधिक पर है, मगर जलस्तर बढ़ने के बाद तिगरी सहित आसपास के लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। फसलों में पानी खड़ा होने के कारण किसानों को काफी समस्या हो जाती है। इन दिनों जलस्तर बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को बिजनौर बैराज से लगभग 19 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है। जिन किसानों की खेती गंगा पार करके है, उन्हें गंगा के बढ़े जलस्तर के बीच नाव से खेतों पर जाना होता है। इतना ही नहीं बल्कि खादर क्षेत्र के गांव जैसे शीशोवाली, ओसीता जगदेवपुर, चकनवाला ऐतमाली, टीकोवाली, जाटोवाली आदि सहित धनौरा क्षेत्र व हसनपुर क्षेत्र के खादर गांवो के लोगों की परेशानी बढ़ जाती है, क्योंकि जलस्तर कई बार तो गांव के करीब, तो कई बार गांव के मुख्य मार्गों तक पहुंच जाता है। बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा गंगा के बढ़े जलस्तर पर पूरी नजर रखी जा रही है। प्रतिदिन यहां से जलस्तर के आंकड़े लेकर मुख्यालय को भेजे जा रहे हैं। बाढ़ खंड विभाग के जेई बताते हैं कि गंगा में जलस्तर में इजाफा है लेकिन खतरे जैसी स्थिति नहीं है। क्योंकि तिगरी में खतरे का निशान 202 मीटर गेज से ऊपर है। उन्होंने बताया कि बैराज से छोड़े जा रहे पानी से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है।

**एक नजर**

### भाकियू ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं के संबंध में कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। बताया कि रजबपुर में आठ जुलाई को होने वाली किसान पंचायत में समस्याओं के समाधान की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रजबपुर बिजली घर से बनाई गई ग्रामीण लाइन के जर्जर तारों की जांच करने, कपूरपुर मार्ग की मरम्मत करने और खतौनी की त्रुटियों को सही करने की मांग की है। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए आठ जुलाई को पंचायत स्थल पर अधिकारियों को भेजने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जिम्मेदार अधिकारी पंचायत स्थल पर नहीं पहुंचेंगे तो चक्का जाम किया जाएगा। इस मौके पर जगदीश सिंह, अजय चौधरी, मुदित कुमार, सत्येंद्र सिंह, रामवीर सिंह, दयाराम, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### नशे में धुत सिपाही को एसपी ने किया निलंबित

**गजरौला, अमृत विचार :** नशे में धुत सिपाही को जमीन पर लेटना महंगा पड़ गया। वीडियो में वह जमीन पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। मामला संज्ञान में आने पर एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। गजरौला थाने के हल्का नंबर एक में तैनात सिपाही नवीन कुमार का बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि वीडियो में वह नशे में धुत जमीन पर पड़ा है। उसने वर्दी भी पहन रखी है। वीडियो वायरल होने पर प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामला एसपी के संज्ञान में डाला, साथ ही रिपोर्ट बनाकर एसपी कार्यालय में भी भेजी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि सिपाही नवीन कुमार को निलंबित कर दिया है।

### निपुण विद्यालय बनाने की शिक्षकों को दिलाई शपथ

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा ब्लाक के न्याय पंचायत खेड़ा में बीईओ सोनू कुमार ने प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक एवं शिक्षा मित्रों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने निपुण विद्यालय बनाने की शपथ दिलाई गई। गुरुवार को स्कूल में बैठक के दौरान नामकरण बढ़ाने पर जोर दिया गया। स्कूल चलो अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं अभिभावकों से संपर्क कर नामांकन बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन टैबलेट के जरिए छात्रों की उपस्थिति एवं एमडीएम की सूचना भेजने के निर्देश दिए गए।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत हो गई। परिजनों ने मौके पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाया।

किसान राकेश 40 वर्ष नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा का रहने वाला था। उसके परिवार में पत्नी उर्मिला के अलावा तीन बेटी और एक बेटा है। देहात थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कचिया में राकेश की मौसी का घर है। 13 दिन पहले उसकी मौसी स्वरुपिया की मौत हो गई थी। गुरुवार को उनकी तेहरवीं थी। जिसमें शामिल होने के लिए राकेश भी अपनी पत्नी उर्मिला के साथ आया था। दोपहर वह घर की छत पर गया तो वहां हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राकेश की मौत के बाद परिवार के लोग भड़क गए और उन्होंने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया।

## भाकिसं ने समाज कल्याण के लिपिक पर लगाए आरोप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समाज कल्याण विभाग के लिपिक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

पत्र के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाया है कि समाज कल्याण विभाग कार्यालय में तैनात अशोक कुमार भ्रष्टाचार में लिप्त है। जिसकी वजह से सरकार की योजनाओं को पलीता लग रहा है। योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा है। ये बाबू करीब 22 सालों से तैनात है। शिकायत होने पर पहले इसकी तैनाती मुरादाबाद कार्यालय में कर दी गई थी। लेकिन फिर से इसने अपने को अमरोहा कार्यालय में संबद्ध करा लिया। आरोप है कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के पिछले चार साल तक के फार्म कार्यालय में दबा रखे हैं। धनौरा क्षेत्र के गांव कमेलपुर निवासी उषा ने दो साल पहले योजना के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक लाभ नहीं मिला।

गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव सुतावली निवासी जैतून, सांथलपुर निवासी शांति, सांथलपुर निवासी चमन कुमारी के चार साल पहले आवेदन किया था। लेकिन अभी तक लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा हजारों लोगों ने आवेदन किया। लेकिन किसी को भी लाभ नहीं मिला। योजना का लाभ नहीं मिल पाने की वजह से पात्र परेशान है।

भारतीय किसान संघ द्वारा मांग की जाती है कि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। बाबू को यहां से हटाया जाए जिससे योजनाओं के लिए लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हो सके।

## सीएमओ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**रहरा, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने सीएचसी रहरा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी में सब ठीक-ठाक मिला। निरीक्षण के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने विशेष संचारी रोगों के नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी, आंगनबाड़ी एवं एडीओ पंचायत के साथ बैठक कर गांव में साफ सफाई, तालाबों में कीटनाशक का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक चौधरी, चिकित्सा अधिकारी सौरभ त्यागी, एडीओ पंचायत राजेंद्र सिंह, विक्रमजीत सिंह, बीपीएम गौरव गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

## जुलूस के मार्ग का अधिकारियों ने लिया जायजा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला काला शहीद में निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस के मार्ग का विद्युत एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मस्जिद के इमाम के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

17 जुलाई को मोहल्ला काला शहीद स्थित मस्जिद से मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। जो मोहल्ले में ही भ्रमण करते हुए मस्जिद पर पहुंचकर समाप्त होता है।

मस्जिद के इमाम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तारों के लटकने की शिकायत की गई थी, जिसको लेकर गुरुवार को कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार एवं टीजीटू रवीश कुमार त्यागी ने जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया। मस्जिद इमाम द्वारा बताई गई दिक्कतों को दूर करने का आश्वासन दिया। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार द्वारा बताया कि मोहर्रम के जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया गया है।


ताजिया मार्ग का निरीक्षण करते पुलिस व विद्युत विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### पालिका ने शुरू कराई सड़कों की मरम्मत

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका ने सड़कों की मरम्मत शुरू करा दी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि 21 जुलाई को मोहर्रम है। इस अवसर पर नगर में कई ताजिए निकाले जाते हैं। मोहर्रम को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका ने सड़कों में हो रहे गढढों को भरने का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन मार्गों से ताजिए निकाले जाएंगे। उस मार्ग पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

## तीन घरों से साढ़े तीन लाख रुपये का माल चुराया

**स्वार, अमृत विचार:** चौकीदार के घर समेत तीन मकानों में कूमल लगाकर चोर 96 हजार रुपये की नकदी सहित साढ़े तीन लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। गृहस्वामियों ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली के गांव महुआ खेड़ा निवासी इरशाद मंगलवार रात बारिश के दौरान घर के बरामदे में सो रहे थे। रात किसी समय चोर दीवार में कूमल लगाकर घर में घुस आए। कमरे के अंदर रखी अलमारी से पांच हजार रुपये की नकदी, डेढ़ तोले सोने के आभूषण व आधा किलो चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। इसके बाद गांव के ही मोहम्मद हसन के घर में कूमल लगाकर घुस गए। संदूक में रखी 90 हजार रुपये की नकदी, आधा किलो से अधिक चांदी के आभूषण, तांबे के बर्तन व अन्य सामान चोरी कर ले गए। बाद में चोर गांव के ही चौकीदार छुन्नू के घर में घुस गए।


हसनपुर में सीए पीयूष रस्तोगी को सम्मानित करते क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार


मंडी धनौरा में लायनेस क्लब के कार्यक्रम में सम्मानित चिकित्सक। ● अमृत विचार

## रोटरी क्लब के राजीव बने अध्यक्ष, सीए का किया सम्मान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की बैठक में अगले सत्र के लिए राजीव अग्रवाल को अध्यक्ष एवं राजीव कंसल को सचिव बनाया गया। दोनों पदाधिकारियों ने शपथ ली।

सतीश टॉकीज में रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की एक बैठक हुई। बैठक में राजीव अग्रवाल को अध्यक्ष एवं राजीव कंसल को सचिव चुना गया। निवर्तमान अध्यक्ष पुनीत कुमार अग्रवाल ने अध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं निवर्तमान सचिव ब्रह्म दत्त त्यागी द्वारा नवनिर्वाचित सचिव राजीव कंसल को कालर पहनकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद सीए दिवस पर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल द्वारा सीए पीयूष रस्तोगी का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। डॉक्टर डे पर डॉ. ऋषभ अग्रवाल का सम्मान किया। कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बजट प्रस्तुत किया। संचालन विशाल अग्रवाल ने किया। बैठक में विनय गुप्ता, विनोद कुमार सक्सेना, सुनील कुमार भटनागर, डॉ. तीर सिंह सिरोही, अक्षी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सत्यवती सक्सेना, सुनीता अग्रवाल, नेहा सक्सेना, सुमन त्यागी, अरविंद कुमार मौजूद रहे।

### लायनेस क्लब ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** डॉक्टर डे पर लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल के अध्यक्षता में क्लब की सदस्यों ने नगर के चिकित्सकों को सम्मानित किया। श्वेता अग्रवाल ने क्लब की सदस्यों के साथ नगर के चिकित्सक डॉ. दिनेश नागर, डॉ. राजेश सारस्वत व डॉ. नरेश आर्य को प्रतीक चिह्न, प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर उनको सम्मानित किया। श्वेता अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। एकता त्यागी, कंचन दत्त, सिम्मी अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, कल्पना शर्मा मौजूद रहीं।

## खाद की कमी से जूझ रहे किसानों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**यूरिया पहुंचा**
- जिले को मिला 2600 टन खाद समितियों को भेजा रहा
- बारिश के बाद फसलों में डालने के लिए खाद की मांग बढ़ी

**अमृत विचार :** जिले में यूरिया और खाद की कमी से जूझ रहे किसानों को जल्द राहत मिलेगी। 2600 टन यूरिया जिले को उपलब्ध कर दिया गया है। किसानों के वितरण के लिए सभी समितियों को खाद भेजी जा रही है।

बारिश के बाद यूरिया और खाद की मांग बढ़ गई है। किसान इसके लिए काफी परेशान थे। समितियों पर खाद की कमी होने से किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही थी। बारिश के बाद गन्ने की फसल में खाद डाली जाती है। इसके अलावा धान की रोपाई के चलते भी मांग बढ़ गई है। किसानों को कहना है कि कुछ समितियों पर खाद की कमी बनी हुई है। जिस कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि सहकारी समितियों ने खाद की कमी होने की जानकारी शासन को देकर खाद की मांग की थी। इसके बाद 2600 टन यूरिया और खाद जिले को पहुंचा दिया गया है। सभी समितियों को मांग के अनुसार खाद भेजी जा रही है। खाद की कमी से परेशान किसानों को जल्द राहत मिल जाएगी। एआर कोऑपरेटिव के वरुण अग्रवाल ने बताया कि बारिश के चलते यूरिया की मांग बढ़ गई है। जिले में यूरिया का पर्याप्त स्टॉक है। सीजन में खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

## अलीगढ़, हरिद्वार व बरेली मार्ग पर चलेंगी ई बसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर अमरोहा डिपो को जल्द ई बसें मिलेंगी। अलीगढ़, मेरठ, हरिद्वार और बरेली मार्ग पर ई बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए डिपो के अधिकारियों से मार्गों का प्रस्ताव मांगा है।

अमरोहा डिपो के क्षेत्र सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि परिवहन निगम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ई बसों के संचालन के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। उन्होंने बताया कि जो प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उनमें हरिद्वार, मेरठ, बरेली, अलीगढ़ और मुरादाबाद मार्ग पर ई बसों को चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। बताया कि जल्द ही अमरोहा डिपो से ई बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। डिपो को 10 ई बस मिलेंगी। जबकि पूरे प्रदेश में 5000 ई बसों को चलने का लक्ष्य रखा गया है।

## हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, बुरावली/रहरा

- मृतक के परिजन लगा रहे पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढ़किया खादर के किसान जगपाल की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इस मामले में गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मामले में पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप है।

किसान की हत्या के मामले में मुकदमे में धारा बढ़ाने व हत्या आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार शाम थाने में प्रदर्शन किया। मृत किसान जगपाल के पुत्र संजय व परिजनों का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले राजवीर व भूप सिंह ने अपने खेत में बिजली का करंट छोड़ रखा था। जिससे बिजली के करंट से जगपाल की मौत हो गई थी। आरोपियों ने उनकी हत्या की है। पुलिस ने गैर इरादतन की धारा 106 में रिपोर्ट दर्ज की है, जबकि हत्या की गई है। पुलिस ने अब तक हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कहा कि मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जाएं व हत्यारोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मृतक के भाई भूप सिंह, वीर सिंह पुत्र संजय व अमित, पत्नी कश्मीरी, मृतक की मां दयावती, लाखन सिंह, मानसिंह, सुभाष सिंह, नैन सिंह, धन सिंह आदि रहे। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नायब तहसीलदार के विरोध में धरना

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** तहसील में नायब तहसीलदार द्वारा लेखपाल को जेहादी कहने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। धरने पर बैठे लेखपालों का कहना है कि जब तक नायब तहसीलदार वीरेंद्रपाल का स्थानांतरण नहीं होता। उनका धरना जारी रहेगा।

बताते चलें कि बीते दिनों नायब तहसीलदार वीरेंद्रपाल ने धनौरा तहसील में कार्यरत लेखपाल इस्तकार अली को फोन किया। उन्होंने उर्दू पढ़ने के संबंध में जानकारी की थी। जिस पर लेखपाल ने उर्दू नहीं पढ़ पाने की बात कही। लेखपाल ने आरोप लगाया है कि उर्दू पढ़ने से इनकार करने पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने उन्हें कह दिया कि कैसे जेहादी हो जो उर्दू पढ़नी नहीं आती। जिस पर लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने इस बात पर नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सभी काम काज ठप करने करने की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील प्रांगण मे नायब तहसीलदार के खिलाफ धरने पर बैठ गया और मांग करते हुए कहा कि जब तक नायब तहसीलदार वीरेंद्रपाल का स्थानांन्तरण नहीं होता तब तक लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव, बिंटेश कुमार, मुजम्मिल खान ,प्रमोद कुमार, अमित कुमार इस्तेकर, अनुज सैनी, निशांत, रोहित यादव, सचिन, शंकर, रमेश सैनी सहित आदि लेखपाल मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में धरने पर बैठे लेखपाल। ● अमृत विचार

- लेखपालों ने नायब तहसीलदार पर लगाया अभद्रता का आरोप
- लेखपाल कर रहे नायब तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग


उर्स का उद्घाटन करते अभिनव कौशिक व अन्य। ● अमृत विचार

## दादे हाजी हरमैन की दरगाह पर सालाना उर्स हुआ शुरू

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सादात में दादे मियां हाजी हरमैन की दरगाह पर लगने वाला उर्स शुरू हो गया। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने उर्स का फीता काटकर आरंभ किया।

दादे मियां की दरगाह पर मुल्क में भाईचारे, शांति व तरक्की की दुआ मांगी। उर्स के मेले में मिठाई, खिलौने व झूले आदि की दुकानें लगी हैं और दरगाह पर अकीदतमंद आ रहे हैं। बता दें कि ये उर्स हर साल उनकी दरगाह पर लगता है जिन्होंने सैदनगली को आबाद किया था। ईरान के त्रिमिज शहर से सैय्यद मुहम्मद हुसैन अल हुसैनी बाकरी यहां आए थे। उन्होंने ही सैदनगली को बसाया था। उनका मशहूर लकब दादे हाजी हरमैन है, उनकी कब्र पर ये सालाना उर्स लगता है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 घन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### रुपये मांगने पर बंटाईदार ने की गाली गलौज

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के सुरपुर निवासी रामचरन ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के एक व्यक्ति को जमीन पर बंटाई पर देकर बाहर मजदूरी करने गया था। व्यक्ति ने खेत में सरसों की फसल लगाई थी। आरोप है कि फसल तैयार होने के बाद व्यक्ति ने काटकर सारी फसल को बेच दिया, लेकिन रामचरन को व्यक्ति ने फसल में आधा हिस्सा नहीं दिया। घर आने के बाद रामचरन ने सरसो फसल बेचने के आधे रुपये मांगे तो व्यक्ति गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारु हो गया।

### कुत्ते ने हमला कर बालक को किया जख्मी

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव परियावली निवासी शाने आलम का 8 वर्षीय बेटा आकिब रजा गुरुवार को घर के बाहर खेल रहा था। अचानक से आकर कुत्ते ने आकिब रजा पर हमला कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन आकिब रजा को कुत्ते से छुड़ाकर जिला अस्पताल लेकर आ गए और उपचार कराया।

# बरसात से सैकड़ों बीघा सब्जियों की फसल बर्बाद

## शहजादी सराय और नई बस्ती के खेतों में जलभराव से टमाटर, लौकी, तुरई, भिंडी आदि हो गईं खराब

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मौसम ने करवट की ली तो कई दिनों तक बरसात होने पर जहां लोगों ने राहत महसूस की, वहीं तमाम किसानों में मायूसी का माहौल बन गया। संभल के शहजादी सराय और नई बस्ती में सैकड़ों बीघा टमाटर, लौकी, तुरई, भिंडी आदि सब्जी की फसलें बर्बाद हो गईं। लाखों रुपये का नुकसान होने से किसानों में मायूसी है। किसानों का कहना रहा कि अगर मौसम का मिजाज ठीक रहता तो शायद ऐसे हालात नहीं बनते। किसानों ने भरपाई कराने की मांग भी उठाई।

संभल के शहजादी सराय और नई बस्ती में सैकड़ों किसान सब्जियों की खेती करते हैं। यहां से सब्जियां राजस्थान, उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गोंडा, बहराइच आदि को जाती हैं। किसानों ने महंगाई के दौर में



संभल में बरसात से खराब हुई टमाटर व मिर्च की फसल। ● अमृत विचार

### धान को लेकर किसानों में खुशी

**संभल, अमृत विचार :** संभल में हुई बरसात से सबसे ज्यादा फायदा धान की फसल को हुआ है। क्षेत्र में अब भी धान के खेतों में जलभराव के नजारे दिख रहे हैं। तमाम किसान पौध लगाने और धान लगाने के काम में जुटे हैं। किसानों का कहना है कि धान के लिए आसमान से अमृत वर्षा हुई है।

टमाटर, करेला, गोभी, तुरई, भिंडी आदि की फसलें तैयार की। जून के महीने की शुरुआत से भीषण गर्मी थी लेकिन पिछले सप्ताह भर से जैसे ही झमाझम बारिश शुरू हुई तो किसानों के सपने भी बिखरने लगे। खेतों में जलभराव होने से लौकी, तुरई, भिंडी खराब हो गई तो टमाटर की फसल भी बर्बाद हो गई। गोभी की फसल के साथ-साथ पौध भी जलभराव होने से प्रभावित हुई। टमाटर को ज्यादा नुकसान हुआ है। पहले खेत से टमाटर दो रुपये किलो उठ रहा था लेकिन अब फसल बर्बाद होने पर यह रकम भी किसानों के हाथ नहीं लग पाएगी। आकलन के मुताबिक नई बस्ती और शहजादी सराय के खेतों में जलभराव होने के कारण सैकड़ों बीघा जमीन में सब्जियों की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि बड़ी उम्मीदों के साथ फसल की पैदावार की थी लेकिन मौसम के बदले मिजाज से सपने टूट गए।



बरसात से करेला व टमाटर की फसल बर्बाद हो गई। जिससे बड़ा नुकसान हुआ है। प्रशासन को आंकलन कराकर नुकसान की भरपाई करानी चाहिए। तमाम किसानों की सब्जियों की फसल में बड़ा नुकसान है।

–रोहताश सैनी, नई बस्ती



झमाझम बारिश से खेत में जलभराव हो गया। टमाटर और गोभी की फसल को नुकसान हुआ है। अगर कुछ समय और बारिश नहीं होती तो फसल ठीक रहती। बरसात इसी तरह जारी रही तो सब्जियों की फसल को बचा पाना मुश्किल हो जायेगा।

–सौराम, शहजादी सराय



बड़ी उम्मीदों के साथ दो बीघा भूमि में गोभी की पौध लगाई थी। गोभी शुरुआत में महंगी भी बिकती है। बरसात से पौध पूरी तरह से बर्बाद हो गई। काफी नुकसान हुआ है। अब दोबारा पौध लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ेगी।

–परमानंद, शहजादी सराय

# नाला खोदाई से नहीं निकला तो पंपसेट से खींचा बरसात का पानी

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

- गांव गौहत में कई दिनों से जलभराव की वजह से दिक्कतों से जूझ रहे ग्रामीण
- राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी से पेड़ और शौचालय को हटवाया

**अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव में जलभराव से निजात दिलाने को नाला खुदवाया गया लेकिन यह जतन काम नहीं आया। अब पंपसेट लगवाकर पानी को निकालने का काम शुरू हुआ है। एक शौचालय को भी तोड़ा गया है। इतना ही नहीं, पेड़ को भी जेसीबी से हटाने का काम हुआ है।

गांव गौहत में बरसात से बाद से जलभराव के हालात बने हैं। कई दिन से ग्रामीण दिक्कतों से जूझ रहे हैं। अधिकारियों ने पानी निकासी के लिए नाला खुदाई कराई। जेसीबी से नाला खोदा गया ताकि पानी झील में जा सके लेकिन लगातार बारिश होने से पानी बढ़ता गया।

नाला खुदाई के बावजूद जब पानी नहीं निकल सका तो गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम ने दो पंपसेट लगवाकर पानी खिंचवाने का काम शुरू कराया।



पंप सेट से नाला खोदकर निकाला जा रहा आबादी में भरा बरसात का पानी।

जेसीबी से रास्ते से हटकर खड़े पेड़ को हटवाया गया। बराबर में ग्रामीण के शौचालय को भी तोड़ा गया। राजस्व विभाग की टीम ने गांव के पास तालाब की भूमि भी चिन्हित की। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई।

# बरातियोंऔर घरातियों में चले लात घूसे, दूल्हा पक्ष से पिता-पुत्र घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**विवाद**

- कहासुनी के बाद हुई मारपीट, तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान बराती और घरातियों के बीच कहासुनी के बाद गाली गलौज हुई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों में जमकर लात घूसे चले। मारपीट में दूल्हे पक्ष से पिता-पुत्र घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव देवरा भूरा निवासी रामखिलाड़ी के बेटे विनोद की बरात बुधवार को गांव करकौरा निवासी कुंवरपाल के यहां आई थी। बरात चढ़त के दौरान घरातियों व बरातियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता गया और दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मौके पर अफरातफरी मच गई। मारपीट में बरात में आए रामभूप और इसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित पक्ष ने रजपुरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर राम खिलाड़ी, विजेंद्र, गौतम और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# चार महिलाओं सहित सात लोग गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचारः** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार को अलग अलग जगह विवाद करने पर पुलिस ने चार महिलाओं सहित सात लोगों के गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी शहनाज फातिमा व मुस्कान पत्नी मोहम्मद अस्कू और नसीम जहां पत्नी मुसाहिद व गुलेराना पत्नी नाजिर हुसैन के बीच गुरुवार को संपत्ति बंटवारे को लेकर आपस में विवाद हो रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शहनाज फातिमा, मुस्कान, नसीम जहां व गुलेराना को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर गांव फिरोजपुर निवासी रानू व हजरतनगर गढ़ी निवासी समीर और सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी सादक सराय नाजिर हुसैन को विवाद करने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर शहनाज फातिमा, मुस्कान, नसीम जहां, गुलेराना व रानू, समीर, नाजिर हुसैन का चालान कर दिया।

# जलभराव होने से ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** बरसात रुकने के बाद भी जिले के कई गांवों और मुख्य मार्गों पर जलभराव के नजारे दिख रहे हैं। जलभराव के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवारों के साथ हादसे का अंदेशा है तो संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से जलभराव से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

विकास खंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनोटा में बरसात होने की वजह से मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया है। ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। गांव का मुख्य मार्ग होने के कारण ग्रामीण इसी का इस्तेमाल करते हैं। यहां पिछले कई दिनों से जलभराव है। जिसमें बाइक सवार भी गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास खंड के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाना चाहिए। बताते चलें कि बरसात के बाद जिले के दूसरे गांवों में भी जलभराव और कीचड़ फैली है। जिस कारण ग्रामीण दुश्वारियों से जूझने के लिए मजबूर हैं।



असमोली के मनोटा में मुख्य मार्ग पर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### रास्ते में जलभराव होने पर लोगों को हो रही परेशानी

**संभल/सौंधन अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव सिहाबली में सड़क टूटी पड़ी है। सड़क का निर्माण न होने से घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर बह रहा है। ऊपर से बारिश से जलभराव भी हो गया है। जिससे ग्रामीणों को निकलने में परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चे भी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। जलभराव होने से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है। बरसात होने पर कई घरों में पानी भी घुस गया। आलम यह है कि मुहल्ले के लोगों को दूसरे दूसरे मुहल्ले से होकर निकलना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

## सार-संक्षेप

### भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 10 जुलाई तक का दिया समय

**संभल, अमृत विचार :** भाकियू असली ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कई गांवों के लिए पुल का निर्माण कराने की मांग उठाई। 10 जुलाई तक कोई फैसला नहीं लिए जाने पर 11 जुलाई से नहर निर्माण खंड कार्यालय पर बेमियादी धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। भारतीय किसान यूनियन असली की ओर से एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि गांव मूसापुर से अझरा को जाने वाले दो रास्ते दर्जनों गांवों को जोड़ते हैं। क्षेत्र के लोग तीन साल से दोनों रास्तों पर पुल का निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन नहर निर्माण खंड द्वारा अभी तक किसानों की मांग को गंभीरता से नहीं लिया है। पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। अब भाकियू असली ने निर्णय लिया है कि 10 जुलाई तक पुल के निर्माण का फैसला नहर विभाग ने नहीं लिया तो 11 जुलाई से नहर निर्माण खंड 9 कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी संजीव गांधी, मोहम्मद हफीज, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद सुलेमान, जयवीर सिंह यादव, मोहम्मद वारिस, अशोक कुमार आदि रहे।



एंबुलेंस सेवा आरंभ करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### बिना स्वार्थ के समाज की मदद ही असली समाजसेवा

**बहजोई, अमृत विचार :** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने एंबुलेंस सेवा का फीता काटकर आरंभ किया और आमजन को सेवा देने वाली संस्था की सराहना की। वहीं स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर छात्र–छात्राओं से संवाद कर लिखित निबंध अपने दफ्तर में लगवाए जाने का आश्वासन दिया।एके हेल्पिंग समिति की निस्वार्थ एंबुलेंस सेवा का कलेक्ट्रेट पर डीएम राजेंद्र पेंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने फीता काटकर तथा एंबुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया। डीएम ने कहा कि असली समाज सेवा वही है जो बिना किसी स्वार्थ भाव के की जाए। समिति का कार्य सराहनीय है। वहीं निशुल्क कंप्यूटर क्लास सीखने के बाद स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में छात्र–छात्राओं ने अपने लिखित निबंध डीएम को सौंपे। डीएम ने अपने दफ्तर में यह निबंध लगवाने का आश्वासन दिया। संस्थापक अमन खुराना बताया कि एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था है और उसका कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस दौरान एआरटीओ पीके सरोज, एसीएमओ डॉ. पंकज बिश्नोई, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा के लिए समय से तैयारियां पूरी करें अधिकारी

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कावड़ यात्रा के मद्देनजर कावड़ मार्गों एवं राजघाट गंगा तट का निरीक्षण कर अधीनस्थ अफसरों को समय से व्यवस्थाएं मुकम्मल करने की हिदायत दी। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने बबराला राजघाट गंगा तट का निरीक्षण करते हुए घाट एवं परिसर की साफ़ सफाई की व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घाट एवं परिसर की साफ़ सफाई कराना सुनिश्चित करें। घाट पर विद्युत व्यवस्था एवं राजघाट मार्ग के विद्युत पोलों पर प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही सड़क की मरम्मत को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कांवड़ मार्ग का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केसरपुर तिराहा के मार्ग की मरम्मत कराने को कहा। रजपुरा टिकटा मार्ग पर ग्राम सैंडोरा तथा हिरौनी में सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या हल करने को कहा। निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने को भी निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पुलिस ड्यूटी व यातायात प्रबंधन को लेकर अधीनस्थों के साथ मंथन किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा,उप जिलाधिकारी गुन्नौर रमेश बाबू, यातायात प्रभारी अनुज मलिक आदि उपस्थित रहे।

### पुत्रवधू से विवाद पर ससुर ने खाया जहरीला पदार्थ

**संभल/ऐंचोड़ा कंबोह, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में पुत्रवधू से किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद ससुर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना देकर ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां ग्रामीण की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के मुर्थला कुतुबपुर निवासी शीशपाल का गुरुवार की शाम छह बजे किसी बात को लेकर पुत्रवधू शीला से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि शीशपाल ने पुत्रवधू की बातों से क्षुब्ध होकर जहरी पदार्थ निगल लिया। जिससे शीशपाल की हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान मुकुल मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद ग्राम प्रधान शीशपाल को लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ गए और शीशपाल को भर्ती कराया।

### जहरीले कीड़े के काटने से दो लोगों की हालत बिगड़ी

**संभल, अमृत विचार :** बरसात के मौसम में महिला सहित दो लोगों को जहरीले कीड़े ने काट लिया। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हयातनगर थाना इलाके के गांव सैजना निवासी गोविंद की पत्नी अनारो देवी बुधवार को खेत में धान पौध की रोपाई कर रही थी। पौध रोपते समय पानी के अंदर मौजूद किसी जहरीले कीड़े ने अनारो देवी के हाथ में काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन फानन में परिजन पहले अनारो देवी को उपचार के लिए झाड़ फूक करने वालों के पास लेकर घूमते रहे। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने अनारो देवी को उपचार के लिए देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गोविंद का कहना है कि पानी के अंदर मौजूद सांप ने पत्नी को काटा है। दूसरी ओर अमरोहा जिले के गांव शाहपुर भोला निवासी राजवीर बुधवार को शौचालय में जा रहा था। शौचालय के पास राजवीर को सांप ने काट लिया। परिजनों ने राजवीर को भी संभल जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# गरीबी-बेरोजगारी को बढ़ावा दे रही जनसंख्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में हुई विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने और उसे लागू करने को लेकर कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी को बढ़ावा दे रही है। जनसंख्या इसी तरह बढ़ती गई तो बेरोजगारी की समस्या और बढ़ जाएगी। गरीब व्यक्ति और ज्यादा गरीब होगा। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना बेहद जरूरी है।

मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री सुन्दर देवी खत्री धर्मशाला में हुई विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि कानून को लागू करने के लिए फाउंडेशन 11 जुलाई को प्रत्येक जिले के कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उन्होंने धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। ममता सहगल, कविता सिरोही, प्रवीण शर्मा, हेमा शारदा, राजेंद्र गुप्ता, मनीष शर्मा ने भी विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने नरेंद्र स्वामी को जनपद संभल का जिलाध्यक्ष नामित कर घोषणा की। महंत भगवानदास शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, चौधरी जयपाल सिंह, भोले सिंह त्यागी, संजीव शर्मा का सहयोग रहा। इस दौरान राजीव यादव, श्रीश पूठिया, आशुदत्त शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, वरुण गंभीर, राजीव कश्यप, अजय कश्यप, त्रिभुवन शर्मा, कुमोद शर्मा, राजीव शुक्ला, शैलानी राय, जयपाल सिंह यादव, दीपक खन्ना, कमल रावत, आनंदी आदि रहे।



जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

- 11 जुलाई को प्रत्येक जिले में जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए होगा धरना प्रदर्शन

# प्रधान व सचिव पर तिरंगे के अपमान का आरोप

**संभल, अमृत विचारः** ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव पर तिरंगे झंडे का अपमान करने का आरोप लगा है। आरोप है कि अस्थाई गोशाला परिसर में बने कमरे की छत पर पिछले कई महीनों से मैला व फटा हुआ तिरंगा फहर रहा है।

विकासखंड क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी पूर्व चीफ पेटी ऑफिसर नसीर अहमद ने बुधवार को बहजोई पहुंचकर डीएम राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र सौंपकर कहा कि ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव ने 26 जनवरी को गांव में ही स्थित अस्थाई गोशाला परिसर में बने कमरे की छत पर तिरंगा झंडा फहराया था। तभी से तिंरगा कमरे की छत पर फहर रहा है। मैला होने के साथ ही तिरंगा झंडा फट चुका है। तिरंगा मैला होने व फटने के बाद भी ग्राम प्रधान व सचिव ने तिरंगे झंडे को नहीं उतारा है। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि तिरंगे झंडे की ओर मैंने ध्यान नहीं दिया है और मेरी ओर से न ही तिरंगे झंडे का अपमान किया जा रहा है।

# वृद्धा का दर्द सुनकर उसके घर पहुंचे एसडीएम, खुलवाया बंद दरवाजा

कार्यालय संवाददाता, संभल

- पड़ोसी ने ईंट लगाकर बंद कर दिया था वृद्धा के घर का दरवाजा

**अमृत विचारः** पड़ोसी ने वृद्धा के घर का रास्ता ईंट लगाकर बंद कर दिया। इतना ही नहीं अपने मकान की छत का पानी उतारने के लिए वृद्धा के घर में परनाला उतार दिया। वृद्धा ने एसडीम से गुहार लगाई तो एसडीएम विनय मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर ईंट हटवाकर वृद्धा के घर का दरवाजा खुलवा दिया। इसके साथ ही उसके घर में उतारा गया परनाला भी बंद करा दिया। संभल के मुहल्ला बेगमसराय निवासी हमीदुल्ला की पत्नी अनवरी के मकान के आगे मुहल्ला के ही एक व्यक्ति ने निर्माण करा लिया। अनवरी के तमाम विरोध के बावजूद उसके घर के निजी रास्ते की तरफ अपना दरवाजा लगा दिया। वृद्धा के घर के दूसरे रास्ते पर पड़ोसी ने ईंटें लगाकर रास्ता बंद कर दिया। अनवरी के मकान में अपनी छत का परनाला उतार दिया। आरोप है कि विरोध करने पर व्यक्ति ने गाली गलौज की। विवाद की वजह से अनवरी का एक बेटा रहीस पत्नी व बच्चों सहित दिल्ली जाकर रहने लगा जबकि दूसरा बेटा नईम दूसरे मुहल्ले में रहने लगा। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा को वृद्धा ने अपना दुख सुनाया तो एसडीएम बाकी काम छोड़कर लेखपाल लेकर मौके पर पहुंच गये। एसडीएम ने ईंटें हटवाकर अनवरी के घर के रास्ते को खुलवाया।



वृद्धा को आश्वासन देते एसडीएम विनय मिश्रा।

# अतिक्रमण से जाम के हालात बाजार में पैदल निकलना दूभर

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** नगर में तहसील तिराहे के आसपास की दुकानों के आगे अतिक्रमण से दिनभर जाम जैसी स्थिति रहती है। जिसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों की छुट्टी के समय स्थिति गंभीर होती है। कई छात्र-छात्राओं को तिराहे पर जाम में काफी देर तक फंसे रहना पड़ता है। मुख्य बाजार सदर बाजार में पैदल निकलना दूभर हो जाता है।

मेन मार्केट का रोड बेहद संकरा है। सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकानदार सामान रख लेते हैं। हालात इस कदर बदतर हैं कि रोड पर घरों के सामने भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा गया है। इसके कारण इस मार्ग पर दिन भर में दर्जनों बार जाम जैसी स्थिति से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। दोनों साइड से चार पहिया वाहन आने की स्थिति में पैदल रास्ता बंद हो जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर जाम की समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है।



तहसील तिराहे पर अतिक्रमण की समस्या से हमेशा जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। –आरिफ अली



तहसील पास में है। इसलिए ई रिक्शा आदि वाहनों का आवागमन रहता है। ई रिक्शा तिराहे पर खड़े रहते हैं जिससे लोगों को रास्ता निकलने में दिक्कत होती है।– मनोज वार्ष्णेय

# जनसेवा केंद्र संचालक को महिला संग पकड़ा

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी जनसेवा केंद्र संचालक का एक युवती के साथ ग्रामीणों ने केंद्र के अंदर बंद कर पुलिस बुला ली।

कहा जा रहा है कि युवक का डेढ़ वर्ष से गांव की ही महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जनसेवा केंद्र संचालक की थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से शादी की बात पक्की हो चुकी है। गुरुवार की सुबह गांव के ही किसी व्यक्ति ने महिला व युवक को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर दुकान के शटर को गिराकर बाहर से बंद कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फोन कर पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। जिसके बाद पुलिस महिला व युवक को लेकर थाने आ गई। महिला ने अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताते हुए कहा कि जनसेवा केंद्र पर आधार कार्ड से खाते से रुपये निकालने गई थी। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र हित के लिए किया सर्वस्व न्योछावर

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समर्पण की भावना के साथ संविधान की रक्षा के लिए राष्ट्र हित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

अशोक कटारिया ने कहा कि जो आज संविधान की किताब लिए घूमते हैं उन्होंने समय-समय पर देश की आजादी के बाद संविधान को तार तार किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



पूर्व मंत्री अशोक कटारिया को स्मृति चिन्ह देते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह।

- भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि कार्यकर्ता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का काम करें। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह, हिरदेश यादव, कमल कुमार कमल, राजेश शंकर राजू, हरिओम शर्मा, प्रभात शर्मा, विपिन गुप्ता, सतीश अरोड़ा, चंद्रसेन राणा, सौरभ गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, सोनू चहल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के बाइक सवार मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से अमरोहा जिले में मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसा तब हुआ जबकि मजदूर ससुराल से वापस लौट रहा था। थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा की मढ़ैया निवासी शीशराम (45 वर्ष) पुत्र नन्हें असमोली की बायो ऑर्गेनिक धामपुर शुगर मिल में मजदूरी करता था। शीशराम तीन जुलाई को ससुराल जिला अमरोहा के गांव अलीपुर गया था। देर रात वापस लौटते वक्त थाना डिडौली क्षेत्र में गांव सोनाली के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शीशराम की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतकों से वसूला जा रहा दुकानों का किराया

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली नगर पालिका मृतकों से भी वसूली कर लेती है। बात हैरान करने वाली है लेकिन आधा दर्जन से अधिक ऐसे लोगों से नगर पालिका दुकानों का किराया वसूल रही है जिनकी वर्षों पूर्व मृत्यु हो चुकी है। उनके नाम की बाकायदा किराए की रसीद काटी जाती है।

# फंदे से लटका मिला शिक्षिका का शव

## बुलंदशहर की अविवाहित पीटीआई किराए के मकान में रहती थी अकेली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



शिक्षिका की मौत के बाद जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार



रचना का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के छोटे लाल कॉलोनी में अविवाहित पीटीआई (शिक्षिका) का शव पंखे पर फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शिक्षिका किराए के मकान में अकेली रहती थी। शिक्षिका मूलरूप से बुलंदशहर की रहने वाली थी। घटना की सूचना पर फारेसिंक टीम ने पहुंच सबूत जुटाए। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।

मूलरूप से बुलंदशहर जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराई निवासी रचना 32 वर्ष पुत्री शांति स्वरूप कई वर्षों से राम प्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पीटीआई के पद पर कार्यरत थी। वह काफी समय से गणेश कॉलोनी में रह रही थी। मात्र दो माह पहले ही शिक्षिका ने छोटे लाल कॉलोनी में मकान की दूसरी मंजिल का भाग किराए पर लिया था। छुट्टी के बाद शिक्षिका रविवार को आई थी। उसी मकान के दूसरे हिस्से में उसी विद्यालय की शिक्षिका शारदा परिवार के साथ रहती है। गुरुवार की शाम शारदा कपड़े उतारने गई, तो शिक्षिका के कमरे का दरवाजा बंद था। शारदा ने दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा देख चीख निकल गई। कमरे में रचना पंखे पर दुपट्टे के फंदे से लटकी थी। घटना की सूचना मकान मालिक राजीव कुमार शर्मा की पत्नी प्रगति शर्मा को दी। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और साथी शिक्षिका व मकान मालकिन से जानकारी की।

> महिला शिक्षिका के आत्महत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची है। फारेसिंक टीम को बुलाकर जांच कराई जा रही है। परिजनों के आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।
> –अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर की जानकारी, मृतका के परिजनों के आने का हो रहा इंतजार

### फंदे पर लटका मिला मजदूर का शव

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव रस्सी के फंदे से कमरे में लटका मिला। मजदूर घर में अकेला रहता था। थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी सलीम 26 वर्ष के पिता खलील व मां की मृत्यु हो चुकी है। सलीम का बड़ा भाई दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। सलीम की दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। बुधवार की रात सलीम खाना खाकर कमरे में सो गया था, लेकिन गुरुवार की सुबह घर से बाहर नहीं आया। परिवार के ही कल्लू ने देखा तो सलीम फंदे पर झूल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदा से उतारा और पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## सहायक बैंक प्रबंधक की पत्नी ने अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित आंबडेकर छात्रावास से सटे मार्ग पर प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक का शव मिला था। जिनकी कनपटी पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी की ओर से अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज है।

वैशाली नगर निवासी महिला सरिता राज ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनके पति षडानन गांव बहोरनपुर नरौली थाना बिलारी स्थित प्रथमा बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

शनिवार की सुबह नौ बजे घर से भोजन करके बैंक शाखा गए थे। मगर वह रात को नहीं आए और अगले दिन रविवार की सुबह पता चला कि उनके पति की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने शीघ्र ही हत्याकांड के खुलासे की मांग की है।

## सार-संक्षेप





एएम वर्ल्ड स्कूल में स्वीमिंग पूल का लोकार्पण करते अतिथि। ● अमृत विचार

### एएम वर्ल्ड स्कूल में इंडोर स्विमिंग पूल का हुआ उद्घाटन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मौलागढ़ स्थित एएम वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को इंडोर स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया गया। स्विमिंग पूल का उद्घाटन स्कूल के संस्थापक कृष्ण गोपाल मंगलम ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि आज के इस युग में तैराकी की शिक्षा बहुत ही जरूरी है। इस शिक्षा को पाकर विद्यार्थी किसी आपातकाल की स्थिति से खुद को बचा सकते हैं और दूसरो की भी रक्षा कर सकते हैं। प्रबंधक अनूप मंगलम् ने कहा कि स्विमिंग पूल विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन स्तर का बनाया गया है। बच्चे यहां से भविष्य में एक अच्छे तैराक बन कर निकलें और अपना एवं अपने स्कूल का नाम का गौरव बढ़ाएं। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी तैराकी से संबंधित कुछ विशेष जानकारी प्रदान कीं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।





चन्दौसी में शादी के लिए उपहार देतीं वूमेन शिखर की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### जरुरतमंद महिला की बेटी की शादी की मदद को बढ़ाए हाथ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से गुरुवार को ग्रुप सदस्य सोनिया गर्ग के साईं लोक कालोनी स्थित आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरुरतमंद महिला की बेटी की शादी के लिए गिफ्ट और नगद धनराशि, सूट, बेड सीट, साड़ी, बर्तन, मेकअप का सामान, क्राकरी, पंखा आदि दान स्वरुप भेंट किए गए। इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना, शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, सुनीता शर्मा, सोनिया गर्ग आदि सदस्य मौजूद रहीं।

### डारनी मार्ग पर दोनों ओर दलदल में फंस रहे वाहन

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** बारिश के चलते थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी–आसफपुर मार्ग पर बिचैटा चौराहे से गांव डारनी तक रोड के दोनों दलदल हो गई है। जिससे आए दिन वाहनों के पहिये दलदल में फंस रहे हैं। जिससे हादसे का भय बना हुआ है। कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के बिचैटा चौराहे से डारनी तक मार्ग की चौड़ाई कम होने एवं सड़क के दोनों ओर गड्ढों में बना दलदल राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। विधानसभा बिलारी के आंशिक क्षेत्र स्योंडारा से बिचैटा चौराहा होकर डारनी तक का मार्ग सिंगल रोड बना हुआ है। जिसके दोनों ओर सड़क किनारे बड़े–बड़े गड्ढे बने हैं। जिनमें बरसात का पानी भर गया है। रोड की चौड़ाई कम होने के कारण सामने से आ रहे वाहन को बचाते समय वाहन चालकों को बहुत दिक्कत होती है। सड़क से नीचे वाहन उतारने पर वाहन के पहिये दलदल में फंस जाते हैं और रोड पर जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार क्षेत्रीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से रोड के चौड़ीकरण की मांग की, परंतु विधानसभा बिलारी के आंशिक क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया है। बरसात के मौसम में रोड पर वाहन चलाते समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



लखनऊ में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को मांग पत्र देते अजीत यादव। ● अमृत विचार

### गंगा किनारे बांध बनवाने की उठाई मांग

**बबराला, अमृत विचार :** पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने प्रदेश के जलशक्ति मंत्री से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अवशेष तीन सौ मीटर बांध बनवाने की मांग की है। गुरूवार को राजू यादव ने यूपी के जलशक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से लखनऊ में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। जिसमें जुनावई विकास खंड के गांव अहरौला नवाजी और घनसेमर में गंगा पर बनाए गए बांध का अवशेष तीन सौ मीटर हिस्सा शीघ्र बनवाने की मांग की गई है।

### सीएचसी में नहीं एक्सरे टेक्नीशियन, भटक रहे मरीज



चन्दौसी सीएचसी में एक्सरे रूम में लटका ताला। ● अमृत विचार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तीन दिन पहले एक्सरे टेक्नीशियन का जिला अस्पताल संभल स्थानांतरण होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीएचसी में मरीजों के लिए एक्सरे व जांच की सुविधा काफी समय से उपलब्ध है। शासन के आदेश पर सीएचसी में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन श्याम कुमार का स्थानांतरण जिला अस्पताल कर दिया। जिन्होंने तीन दिन पहले जिला अस्पताल जाकर ज्वाइन कर लिया है। अब एक्सरे रूम में ताला लटका है। मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है या तो उन्हें जिला अस्पताल संभल जाकर एक्सरे कराना पड़ रहा है या फिर निजी दुकान पर एक्सरे करा रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। क्योंकि निजी दुकानों पर एक्सरे 250 से 300 रुपये में किया जा रहा है।

### बेटी की बरात से लापता पिता का शव फंदे पर मिला

**बदायूं, अमृत विचार :** बेटी की शादी के दौरान लापता हुए किसान का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। किसान के आत्महत्या करने के कारण का पता नहीं चल सका है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी अहलकार सिंह (50) पुत्र देवपाल सिंह खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। दो जुलाई को उनकी बेटी प्रियंका की शादी थी। पीलीभीत के गांव मीरापुर से बरात आई थी। समारोह चल रहा था। बराती खाना खा रहे थे। खुशी का माहौल था। रात लगभग 11 बजे अहलकार सिंह लापता हो गए। परिजनों ने इधर–उधर तलाश किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। अगले दिन बेटी की विदाई के बाद परिजनों ने फिर से उनकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह अहलकार सिंह का शव गांव नेता झुकसा के जंगल में नीम के पेड़ पर लटका मिला। परिजनों को जानकारी मिली तो बेहाल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अहलकार की किसी से भी दुश्मनी नहीं थी। मौत की बजह वे नहीं बता सके। पोस्टमार्टम में हैंगिंग की रिपोर्ट आई है।

# मंडी समिति रेलवे फाटक पर वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- नारायण सेवा समिति के प्रबंधक हरीश कठैरिया ने जिलाधिकारी को भेजा पत्र

**अमृत विचारः** मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य आरंभ हो गया है। पुलिस ने वहां से यातायात प्रतिबंधित कर दिया है। नारायण सेवा समिति के प्रबंधक व समाजिक कार्यकर्ता हरीश कठैरिया ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेज कर वैकल्पिक आवागमन सुचारु किए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसियो को भेजे प्रार्थना पत्र में समाजिक कार्यकर्ता हरीश कठैरिया का कहना है कि 36बी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण मार्ग को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया है। नगर का उत्तरी भाग अधिकांशतः 36बी फाटक से होकर ही गुजर रहा था। आजकल यातायात का संपूर्ण भाग शेष दो बचे रेलवे क्रॉसिंगों में से 35बी पर आ गया है। नतीजतन ट्रेन क्रॉस हो जाने के बाद भी लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं। ओवरब्रिज निर्माण में एक से डेढ़ वर्ष का लंबा समय लग सकता है। इस दीर्घकालिक मार्ग अवरोध से निजात दिलाने के लिए एक-दो वैकल्पिक मार्गों को दुरस्त करा कर आवागमन हेतु चालू कराया जाए। 36बी रेलवे क्रॉसिंग के पास छोटा रेलवे फाटक है। इसे कुष्ठ आश्रम की ओर ले जाकर मंडी के दूसरी तरफ चन्दौसी-गुमथल मार्ग में जोड़ा जा सकता है।

इसी प्रकार चंदौसी रेलवे स्टेशन की ओर सब्जी मंडी से कृष्णा नगर कॉलोनी की सड़क तक पार किया जा सकता है। वहीं 35बी फाटक के पास रेलवे की खाली भूमि से माल गोदाम रोड तक वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त किया जा सकता है।

## बिचैटा चौराहे पर गड्ढों को पत्थर डाल कर भरा

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचारः** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के आसफपुर बिलारी मार्ग स्थित बिचैटा चौराहे पर सड़क गड्ढो में तब्दील हो गयी। जलभराव के कारण आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे थे और कार फंसकर बंद हो रही थी। बिचैटा चौराहे पर सड़क पर गड्ढों में दुकानों व गांव के घरों का पानी इकठ्ठा होने व पानी की निकासी न होने से वहां हर समय जलभराव की स्थिति रहती थी। गुरुवार को ही अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया।

खबर प्रकाशित होने के बाद लोकनिर्माण विभाग की नींद खुली और बुद्धवार की शाम गड्ढों को पत्थर डाल कर भर दिया गया है। आस पास के लोगों का कहना है जब तक सड़क के दोनों ओर नाली नहीं बनेगी तब तक सड़क के किनारे दुकानों व घरों के आगे पानी भरा रहेगा। इसलिए शीघ्र ही नाली का निर्माण कराया जाए।

# दो जगह कूमल लगाकर माल उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मेडिकल स्टोर में लगा कूमल।



चोरी की जानकारी देता दुकानदार।

- चोरी की घटनाओं से लोगों में भय, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**अमृत विचारः** बुधवार की रात चोरों ने दो स्थानों पर नकब लगाकर नकदी सहित हजारों का माल साफ कर दिया। पीड़ितों की ओर से घटना की तहरीर कोतवाली व बनियाठेर थाने में दी गई है। चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है।

विकास नगर निवासी वेद प्रकाश का बहजोई रोड स्थित सीएल गैस एजेंसी के निकट मेडिकल स्टोर है। बुधवार की रात साढ़े नौ बजे वह अपना मेडिकल स्टोर बंद करके घर चले गए। गुरुवार की सुबह नौ बजे मेडिकल स्टोर खोला तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए हैं। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। मेडिकल स्टोर की दीवार में कूमल लगा हुआ था। चोरों ने मेडिकल स्टोर में घुसने पर अंदर लगे सीसीटीवी के तार काट दिए। चोर मेडिकल स्टोर से सात हजार रुपए की नकदी, वोर्नबीटा, होर्लिक्स, ग्लूकोज व दूध के डिब्बे चोरी करके ले गए। चोर मेडिकल स्टोर से 30 हजार रुपये का माल समेट ले गए। घटना की तहरीर पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक की ओर से कोतवाली में दी गई है। बताते दे कि इसी मेडिकल स्टोर में पहले भी दो बार कूमल लगाकर चोरी हो चुकी है।

चोरी की दूसरी घटना बनियाठेर थाना क्षेत्र के बदायूं रोड पर कंथरी रोड स्थित नई कॉलोनी में हुई। सीकरी गेट निवासी शाहिद पुत्र जमील अहमद का नई कॉलोनी के भूखंड में कमरा बना है। यहां पर लोहे का कार्य करता है। बुधवार की रात चोरों ने कूमल लगा लिया। चोर कमरे में रखी बैटरी, लोहे का काम करने वाले औजार आदि सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह हो सकी। पीड़ित की ओर से थाना बनियाठेर में तहरीर दी है।

# पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते समिति के सदस्य।

**अमृत विचारः** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने गुरुवार को संयुक्त रुप से महान देशभक्त, दार्शनिक, भारत के वेदांत दर्शन का शिकागो (अमेरिका) में डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि सुभाष प्राथमिक विद्यालय में मनाई गई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द महान विचारक, वक्ता, देशभक्त, समाज सुधारक, दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु थे। उनके द्वारा सबसे प्रचलित दिया गया संदेश है उठो जागो तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। हमारे भारत में स्वामी विवेकानन्द जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इसलिए उनका जन्म दिन 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में प्रसिद्ध कायस्थ परिवार में हुआ था। इनके बचपन का नाम नरेंद्र था। वह संत रामकृष्ण परमहंस के समर्पित शिष्य बन गए। संत रामकृष्ण परमहंस ने उन्हें स्वामी विवेकानंद नाम दिया। स्वामी विवेकानंद ने चार जुलाई 1902 में ध्यान करते हुए बेलूर मठ में महासमाधि ले ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार व अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से की। संचालन सच्चिदानन्द शर्मा ने किया। गुंजन बतरा, पूजा गुप्ता, एनके शर्मा, राजेंद्र सिंह राघव, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, हेमंत कुमार गुप्ता, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, राजेश कुमार ने विचार व्यक्त किए। राहुल, अनुज कुमार, ओमकार, आरिश, रिंकू, प्रिंस, नंदनी देवी, हेमा देवी, शिवम, प्रियांशु, अजीन ख़ान, पप्पू आदि छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

## पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट की अपर सत्र न्यायाधीश मिर्जा जीनत ने पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अलीगढ़ के छर्रा निवासी जीवाराम ने 18 फरवरी 2021 को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन उषा और शांति की शादी एक ही गांव गनगोली निवासी दो युवकों से हुई थी। शांति के बेटे पवन ने उन्हें फोन करके सूचना दी कि मौसा हरदेव ने सुबह पांच बजे मौसी उषा की फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी है।

विवेचना कर आरोपी हरदेव के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को न्यायाधीश ने साक्ष्य का अवलोकन किया। एडीजीसी ओमपाल कश्यप और बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद हरदेव को सजा सुनाई गई है।





स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाते भारत विकास परिषद के सदस्य।

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** भारत विकास परिषद की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की 122वीं पुण्यतिथि पुष्प विहार आवास विकास निकट शिव मंदिर में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत से हुआ। अध्यक्षता कर रहे अनिल शर्मा ने विवेकानंद जी के जीवन एवं आदर्शों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संचालन कर रही सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि चार जुलाई स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि के रूप में मनाई जाती है। भावना वार्ष्णेय ने भजन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि प्रकट की। डीसी गुप्ता ने विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अभिषेक कुमार गुप्ता, रेखा रस्तोगी, आशा गोस्वामी, यतेंद्र गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन बिछा कर गड्ढे भरना भूल गया जलनिगम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव आटा में कुछ माह पहले बिछाई गई थी पेयजल पाइप लाइन



पेयजल पाइप लाइन बिछाने के बाद खुले गड्ढे।

**अमृत विचारः** जहां एक ओर सरकार शहर से लेकर गांव-गांव अमृत योजना के तहत पेयजल पहुंचाने की योजना चला रहा है। जिससे ग्रामीणों को भी पेयजल के लिए भटकना न पड़े। वहीं संबन्धित विभाग की लापरवाही किसी से छिपी नहीं है। विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव आटा में कुछ माह पहले पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढे मानक के अनुसार नहीं भरे गए। जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव आटा में कुछ माह पहले ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए ओवरहेड टैंक निर्माण के साथ गांव में पेयजल पाइप लाइन बिछाई थी। इसके बाद गड्ढे ऐसे ही मिट्टी डालकर भर दिए गए। यहां अधिकांश सड़कों पर खडंजा पड़ा हुआ है। मिट्टी भरने के बाद गड्ढों को ईंटों से बंद नहीं किया गया। बारिश का मौसम शुरु हो गया है। ऐसे में जलभराव होने से ग्रामीणों को गड्ढे नजर नहीं आते। दोपहिया वाहन गड्ढों में अटक जाते हैं और सवार गिर कर चोटिल हो जाते हैं। इतना ही नहीं पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है। गड्ढों को मानक के अनुसार बंद कराए जाने की मांग की है।

महंगाई | बाजार में 35 से 40 रूपये प्रति किलो बिक रहा आलू, गरीब के निवाले से हो रहा गायब

# आसमान छू रहे आलू के दाम, घर की रसोई का बिगड़ा बजट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



आलू बेचता सब्जी विक्रेता। ● अमृत विचार

- अप्रैल-मई में आलू के दाम 20 से 25 रुपये प्रति किलो थे
- ठंड का मौसम आने तक आलू और महंगा होने की आशंका

> मंडी में आलू 25 से 26 रुपये की दर से बिक रहा है। ठेला व सब्जी दुकानदार मंडी से आलू खरीदकर जनता को अधिक दाम में बेचकर अधिक मुनाफा कमा रहे हैं। फिलहाल ठंड का मौसम आने तक आलू के दाम बढ़ने की आशंका है।
> उमेश चंद्र शर्मा, आढ़ती, सब्जी मंडी

**अमृत विचारः** दस दिन से आलू के दाम में बेताशा वृद्धि हो गई है। जो पहले 20 से 25 रुपये प्रति किलो फुटकर में बिक रहा था, अब 35 से 40 रुपये बिक रहा है। जिससे महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ना शुरू हो गया है। दाम बढ़ने पर लोगों ने आलू खाना कम कर दिया है। गरीब के निवाले से तो गायब होता जा रहा है।

फरवरी-मार्च में आलू की फसल आती है। उस समय आलू के भाव 8 से 10 रुपये प्रति किलो थे। किसानों व व्यापारियों ने आलू को शीत गृह में रखना शुरू कर दिया।

अप्रैल-मई में आलू के दाम 20 से 25 रुपये प्रति किलो थे। जून के अंत व जुलाई माह के आरंभ में आलू के दाम एकाएक बढ़कर 35 से 40 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। दस दिन में बढ़े आलू के भाव से महिलाओं की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। क्योंकि आमतौर पर लोग आलू को अधिक पसंद करते हैं। अधिकांश सब्जियों में आलू का प्रयोग होता है। अगर हरी सब्जी न हो तो घर में आलू बनाकर परिवार भोजन कर लेता है। मगर अब आलू के दाम आसमान छूने से आलू जरुरतमंद लोगों के निवाले तक नहीं पहुंच पा रहा है। आलू के व्यापारियों ने बताया कि ठंड का मौसम आने तक आलू और महंगा होने की आशंका है।

वहीं आलू थोक की सब्जी मंडी में 25 से 26 रुपये की दर से बिक रहा है। जिसे ठेला व सब्जी विक्रेता खरीदकर 10 से 15 रुपये अधिक दाम में बेचकर अपने बारे-न्यारे कर रहे हैं। जबकि इसकी सीधी मार जनता को भुगतनी पड़ रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पर्जन्यनाथा: पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा: ।
पतयो बान्धवा: स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा: ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है, राजा के रक्षक उसके मंत्री, पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।

## संपादकीय

# भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियों, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।**

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं, जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है, जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी, के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं, इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

**हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।**

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए, जैसा कि हाथरस में हुआ, तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए, लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए, जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया, जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकट्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा, जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन, पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं, बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए, जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

## प्रसंगवश

# विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु, धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा, जोगी, धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं, चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है, जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं, वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए, लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।**

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है, जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है, भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके, वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

## सोशल फोरम

# धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं, क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है, स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश ( 2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है, पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे, पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी, ऐसा पागलपन न था, बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

**-फेसबुक वॉल से**

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव, मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी, उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए, उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए। यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके, जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।



डॉ.अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में, आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है, क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह, श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था, क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई, किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं, न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ, तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है, जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है, लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।



प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है, जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है, जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता, उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

## एक नजर

### विद्युतीकरण न होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

**गजरौला, अमृत विचार :** मोहल्ले में विद्युतीकरण नहीं होने के विरोध में लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके चलते 20 से अधिक घरों में अंधेरा है। मोहल्ला बसंत विहार में एक ओर 20 से अधिक घर बने हैं। उन घरों में अभी तक बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। मोहल्ले में विद्युतीकरण की मांग लोग कई बार बिजली विभाग से कर चुके हैं, लेकिन अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। बीते दिनों विभाग ने विद्युतीकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में अधिकारी मुकर गए। गुरुवार को मोहल्ले वालों ने इसके विरोध में प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान शोभा, रीता, पूनम, रहे।

### डायल 112 की छह नई गाड़ियों को किया रवाना

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी कुमार अनुपम सिंह ने डायल 112 की छह नई गाड़ियों को झंडी दिखाकर पुलिस कार्यालय से रवाना किया। एसपी ने बताया कि कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को देखते हुए आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित जीपीएस से लैस डायल 112 की 6 नई गाड़ियां मिलीं हैं।

# करंट से बिजलीकर्मी की मौत, भड़के परिजनों ने लगाया जाम

## एंबुलेंस में शव रखकर पहुंचे नवाब गेट डिवीजन, मुआवजे की मांग पर अड़े, रजा बिजलीघर में तैनात था नवेद

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



**अमृत विचार:** रजा बिजलीघर में तैनात कर्मचारी की करंट से मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने नवाबगेट डिवीजन के सामने सड़क पर शव रखकर हंगामा किया और जाम लगा दिया। उन्होंने मुआवजे की मांग की और कार्रवाई की जिद पर अड़ गए। घटना की सूचना के बाद सीओ सिटी और कोतवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाकर कर शांत कराया और जाम खुलवाया।

शहर के मोहल्ला बेरियान अकब महल सराय निवासी नवेद (30) कई वर्ष से रजा बिजलीघर में पेट्रोलमैन के पद पर तैनात था। गुरुवार सुबह आठ बजे बिजली समस्या की शिकायत के बाद वह बिजलीघर से शटडाउन लेकर मिस्टन गंज गया था। यहां बिजली के खंभे चढ़कर काम कर रहा था। इस बीच तारों में करंट दौड़ गया। करंट से झुलसकर वह खंभे से नीचे गिर गया। यह देख नीचे मौजूद कर्मचारी घबरा गए। उसने नवेद की मौत की सूचना जेई को दी तो विद्युत निगम के अधिकारियों में खलबली मच गई। नवेद के साथी कर्मचारी ने उसके परिजनों को सूचना दी तो वे मौके पर पहुंच गए। वे शव का पोस्टमार्टम कराए बिना मुआवजे की मांग और एक्सईएन, एसडीओ को मौके पर बुलाने को लेकर जिद पर अड़ गए। एक्सईएन, एसडीओ के नहीं पहुंचने पर वे शव को एंबुलेंस में रखकर नवाबगेट डिवीजन पहुंचे, यहां उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। इसकी सूचना के बाद सीओ सिटी जितेंद्र कुमार, शहर कोतवाल पवन सिंह राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने गुस्साए परिजनों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। उधर, विद्युत निगम के अधिकारी तारों में बैक करंट आने की बात कहकर बचते दिखे। परिजनों का आरोप है कि विद्युत निगम का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जेई भी मौके पर नहीं पहुंचे। लेकिन जेई अपडेट लेते रहे। जेई ने बताया कि जब उनको पता चला कि नवेद की मौत हो गई तो उन्होंने एसडीओ, एक्सईएन को फोन कॉल की। दोनों अधिकारियों को काफी देर तक फोन कॉल करते रहे। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।



नवाबगेट डिवीजन के बाहर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार



मृतक के परिजनों से बातचीत करते थानाध्यक्ष कोतवाली पवन सिंह राणा।

> मामले की जांच कराई जा रही है, तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। दो दिन के भीतर टीम से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच में जो भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाएगी।
>
> **-इमरान खां**, एक्सईएन प्रथम, नवाब गेट पावर कॉरपोरेशन

### जान-जोखिम में डालकर कार्य करते हैं कर्मचारी

उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन निविदा-संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि अधिकतर बिजलीघरों में तैनात कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। विभाग की ओर से कर्मचारियों को सुरक्षा के उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। गलब्स, हेलमेट, प्लास और अर्थ चेन और सेफ्टी बेल्ट कर्मचारियों को नहीं मिल रही है। इस कारण हादसे हो रहे हैं। पेट्रोलमैन, एसएसओ, लाइनमैन के तबादले हुए हैं। ऐसे में जिस बिजलीघर पर कर्मचारी जाएगा तो उसके साथ कभी हादसा हो सकता है, उनको लाइनों की जानकारी नही हैं। बिजलीकर्मी की मौत के बाद कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान अब्दुल फरीद, मोहम्मद लईक, नूर उल नबी, नीरज कुमार, राकेश चंद्र शर्मा, अब्दुल खलील शामिल रहे। उधर, वर्ष 2023 में डूंगरपुर बिजलीघर में भी एक संविदा कर्मी की मौत हुई थी। तब भी अधिकारियों की लापरवाही सामने आई थी। विभागीय अधिकारियों के खिलाफ परिजनों का गुस्सा फूटा था।

### जेई और एसएसओ के खिलाफ दी तहरीर

बिजलीकर्मी मृतक नवेद के भाई नदीम ने जेई, एसएसओ के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने कहा कि सुबह आठ बजे उनका भाई शटडाउन लेकर मिस्टन गंज गया था। वह खंभे पर चढ़कर काम कर रहा था। उस समय बिजलीघर में जेई, एसएसओ मौजूद थे। विभागीय कर्मचारियों ने लाइन पर बिजली आपूर्ति को चालू करा दिया गया। इससे उसके भाई नवेद की मौत हो गई। इसके बाद नदीम ने बिजली अधिकारियों को कई बार फोन कॉल कीं। अधिकारियों ने कहा कि वह दिल्ली में हैं, किसी ने कहा कि वह लखनऊ में हैं और किसी ने मुंबई में होने की बात कही। इसके बाद वह और परिजन अपने भाई का शव एंबुलेंस में रखकर नवाबगेट बिजलीघर ले आए।

# अश्लील हरकतें करने वाले प्रधानाध्यापक जांच में दोषी

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के विद्यालय में महिला शिक्षिकाओं से अश्लील हरकतें करने के मामले में प्रधानाध्यापक पुलिस की जांच में दोषी पाए गए हैं। पुलिस ने न्यायालय में अपनी चार्ज शीट भी दाखिल कर दी है।

तीन माह पहले कोतवाली क्षेत्र गांव कृष्णानगर मानपुर ओझा के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर पर अश्लील हरकतें करने और छेड़खानी का आरोप लगाया था। शिक्षिकाओं और उनके परिजनों ने विद्यालय में हंगामा किया था। बाद में सभी शिक्षिकाएं परिजनों और अन्य शिक्षकों के साथ कोतवाली पहुंचीं थीं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। मंडलायुक्त ने इस प्रकरण का संज्ञान लेकर अपर मंडलायुक्त सर्वेश कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यता जांच कमेटी भी गठित की थी। कमेटी के सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर जांच की थी। शिक्षकाओं व विद्यालय के स्टाफ के बयान दर्ज करवाए थे। सुबह से लेकर देर शाम यह जांच हुई। अधिकारियों ने अपनी जांच आख्या तैयार कर मंडलायुक्त को सौंपी। उधर, कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच में शिक्षिकाओं के बयान दर्ज करवाए थे। विवेचक ने जांच आख्या कोर्ट में पेश की है। चार्ज शीट में आरोपी प्रधानाध्यापक दोषी पाए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि विवेचक ने मामले में चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल कर दी है। प्रधानाध्यापक पर लगे आरोप सही पाए गए हैं।

## सिसौना गांव में राजस्व टीम ने भूमि को कराया कब्जा मुक्त

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राजस्व प्रशासन की टीम ने गांव सिसौना में सरकारी गूल की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। दोबारा कब्जे करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने तहसील के अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर गूल की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम को राजस्व भूमि को कब्जा मुक्त करवाने का निर्देश दिया। गुरुवार को टीम गांव पहुंची और भूमि की पैमाइश की। टीम ने जेसीबी चलवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। अधिकारियों ने दोबारा जमीन पर कब्जा करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

# आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में विवेचक की हुई गवाही

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** सपा नेता आजम खां ने अमर सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। इस मामले में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में गुरुवार को विवेचक की गवाही हुई। अब इस प्रकरण में 12 जुलाई की तारीख नियत की गई है।

सपा नेता आजम खां ने काफी साल पहले अमर सिंह और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अमर सिंह ने लखनऊ में मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला रामपुर का होने के कारण यहां आ गया था। अजीमनगर पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि विवेचक की गवाही हो गई है। अब इस मामले में 12 जुलाई को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर मामले में बचाव पक्ष की बहस शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में गुरुवार से कोर्ट में बचाव पक्ष की बहस शुरू हो गई। अब शुक्रवार को भी बचाव पक्ष की बहस होगी। गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगे थे। आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो चुकी है। गुरुवार से बचाव पक्ष की बहस शुरू हो गई है।

## चांदी और 10 हजार लेकर नौकर फरार

**रामपुर, अमृत विचार :** सुनार के यहां से तीन किलो चांदी और 10 हजार रुपये नकद ले जाने के मामले में तहरीर पर पुलिस ने नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला कैथ वाली मस्जिद निवासी दीपक रस्तोगी का कहना है कि वह घर ही सुनार का काम करते हैं। उनकी दुकान पर उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी सूरज रस्तोगी भी काम करता था। 23 जून को दीपक किसी काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरान सूरज दुकान से तीन किलो चांदी, एक मोबाइल और घर की चाभी लेकर फरार हो गया था। सुनार ने जब आरोपी के घर जाकर पूछताछ की तो सही जानकारी नहीं मिली। बाद में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# बापू मॉल में 149 दुकानों की कल होगी नीलामी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● तीसरे चरण में नगर पालिका के अधिकारियों ने शुरू की तैयारी

**अमृत विचार :** तोपखाना स्थित करोड़ों रुपये की लागत से बने बापू मॉल की 149 दुकानों की नीलामी तीसरे चरण में छह जुलाई को होगी। इसके लिए नगर पालिका के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। दो बार हुई दुकानों की नीलामी में लोगों ने रुचि नहीं दिखाई। दुकानों का प्रीमियम और अधिक किराया होना इसका कारण माना जा रहा है।

सपा सरकार में तोपखाना गेट स्थित बापू मॉल का निर्माण नगर विकास विभाग की सवेरा योजना के तहत 24.96 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसका उद्घाटन किया था। बापू मॉल में भूतल, प्रथम और द्वितीय तल पर 316 दुकानें, बड़े-बड़े 16 हॉल हैं। लेकिन नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की कोशिशों के बाद भी दुकानें नीलाम नहीं हो रही है। बीते दिनों दूसरे चरण की नीलामी में 155 में से महज छह दुकानें ही व्यापारियों ने ली थी। इसके बाद पालिका तीसरे चरण की नीलामी की तैयारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार इस बार मॉल की तीसरी मंजिल की दुकानें नीलाम की जाएगी। दुकान लेने के इच्छुक व्यापारी को एक लाख रुपये सिक्योरिटी धनराशि जमा करनी होगी। साथ ही 30 प्रति रुपये स्कवायर फीट के हिसाब से किराया देना होगा। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने दुकानों का किराया 60 रुपये स्कवायर फीट से घटाकर 30 रुपये स्कवायर फीट कर दिया है।

# लंबित विवेचनाओ का करें निस्तारण

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** एसपी देहात ने कोतवाली परिसर में पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया।

गुरुवार की देर शाम एसपी देहात संदीप मीणा ने सर्वप्रथम मालखाना का निरीक्षण किया। उसके बाद हवालात, दस्तावेज व शस्त्रों का रख रखाव देखा। साथ ही पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कोतवाली परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी देखा। कोतवाली परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। बाद में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर उप निरीक्षकों को निर्देश दिए। साथ ही लंबित पड़ी विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान डिप्टी एसपी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, नितिन कुमार, आसिम खान, रजत कुमार तेज़ प्रताप सिंह, सतेंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोरा आदि मौजूद रहे।




ठाकुरद्वारा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते एसपी देहात संदीप मीणा।

### पर्वों को लेकर चौकीदारों को दिए निर्देश

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट में आगामी पर्वों को लेकर चौकीदारों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकीदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना छजलैट में आगामी त्योहारों को लेकर सभी चौकीदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकीदारों को सावन एवं मोहर्रम के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष लखपत सिंह ने कहा कि किसी भी गांव में 12 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं निकाला जाए। सावन का पवित्र माह शुरू हो रहा है। कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी।

## डिप्टी डायरेक्टर से समस्याओं पर चर्चा

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी डायरेक्टर कृषि विभाग से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी डायरेक्टर कृषि विभाग मुरादाबाद से मुलाकात कर कांठ तहसील में मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित करने, बीज इकाई छजलैट की बाउंड्री बाल बनाने, किसानों को मिलने वाले अनुदान की सूची सार्वजनिक करके चस्पा करने, किसान सम्मान निधि सभी किसानों के अकाउंट में भेजने में आ रही त्रुटियों को दूर करने आदि की मांग की गई। इस दौरान डीडी कृषि ने जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह बिश्नोई, चौधरी सतवीर सिंह मान, सियाराम विश्नोई, पुष्पेंद्र सिंह, रामकला गुर्जर, महेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# घर-घर जाकर जागरूक करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री

**संवाददाता, छजलैट**

**निर्देश**

- दस्त की रोकथाम के लिए घर-घर ओआरएस का पैकेट भी बटेंगे
- आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्त्रियां लोगों में बढ़ाएंगी जागरूकता

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान, डायरिया रोको अभियान हेतु भीकनपुर स्थित ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का संवेदीकरण किया गया। घर-घर ओआरएस का पैकेट भी बटेंगे।

ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ियों को बुलाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए बैठक की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि 1 से 31 जुलाई तक चलाए जाने वाले संचारी रोग अभियान में आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों व एएनएम के साथ मिलकर जन जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग करें एवं 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी साथ-साथ घर-घर भ्रमण कर लोगों को संचारी रोगों से बचने के लिए सलाह दे।

साथ ही दस्त की रोकथाम हेतु प्रत्येक घर-घर में 5 साल से छोटे बच्चों के लिए एक ओआरएस का पैकेट का वितरण करना सुनिश्चित करेगी। बैठक में सीडीपीओ निगार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार, यूनिसेफ से बीएमसी एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थिति रहीं।

## सार संक्षेप

### चार दिन बाद ट्रांसफार्मर फिर फुंका

**हल्दौर, अमृत विचार :** ट्रांसफार्मर के फुंकने आधे गांव के लोग चार दिन से परेशानी झेल रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम अम्हेडा में बिजली का ट्रांसफार्मर फुंक जाने से आधे गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। इसकी शिकायत पर जब दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया तो यह भी 10 मिनट बाद ही फुंक गया। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं, जो अपने मोबाइल चार्ज करने से भी वंचित हैं। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने लोगों की शिकायत पर चार दिन बाद ट्रांसफार्मर बदला था, जो दस मिनट बाद ही फुंक गया। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल हो रहा है। जहां बच्चे गर्मी से बिलबिला रहे हैं, बिजली न होने के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। जबकि विभागीय कर्मचारियों पर आरोप है कि वह ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ग्रामीणों से रुपये मांग रहे हैं।

### आज चार घंटे बाधित होगी आपूर्ति

**नहटौर, अमृत विचार :** शुक्रवार को नहटौर विद्युत उपकेंद्र के फीडर नंबर दो की लाइन में कार्य किये जाने के कारण सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए अवर अभियंता नूतन प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को दो नम्बर फीडर पर बिजली के खंभे लगाने का कार्य किया जाएगा। जिस कारण सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

### सास और जेठ पर लगाया पति को गाली देने का आरोप

**नहटौर, अमृत विचार :** महिला ने अपनी सास, जेठ व दो अन्य पर उसके पति के साथ गाली गलौच तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मोहल्ला होलियान निवासी आंचल पत्नी सोनू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि जब वह घर पर नहीं थी। इसी दौरान उसके जेठ सौरभ, सास विमला, शिवम तथा राहुल पुत्रगण संजू ने उसके पति सोनू के साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ई रिक्शा से चार बैटरी और चार्जर चोरी

**नहटौर, अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से चार बैटरी, चार्जर चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है। ग्राम सादिकाबाद निवासी ताराचंद पुत्र रामस्वरूप सिंह ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ी करके सो गया था। रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर उसकी ई- रिक्शा चोरी कर ले गए। चोरी का पता सुबह उस समय चला जब वह उठकर घर के बाहर आया तो उसकी ई-रिक्शा गायब थी। तलाशने पर उसकी ई-रिक्शा कोतवाली मार्ग स्थित नहटौर डिग्री कॉलेज के पास गड्ढों में पड़ी हुई मिली। जिससे चार बैटरी तथा चार्जर गायब था। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क पर जलभराव से लोगों को परेशानी

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला नेजो सराय से गांव सराय काजियान की ओर जाने वाले रास्ते पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग की है। नहटौर-नूरपुर बाईपास पर मोहल्ला नेजो सराय से गांव सराय काजियान जाने वाले रास्ते पर जलभराव होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शहर से कुछ पानी गांव की सड़क पर आ गया है। नगर पालिका गांव के रास्ते को बताकर समस्या का समाधान नहीं कर रही है। जबकि ग्राम पंचायत नगर का पानी होने की बात कह रही है। नगर पालिका व ग्राम पंचायत के बीच फंसकर समस्या बढ़ती चली जा रही है। इस मार्ग से नगर के मोहल्ला नेजो सराय, गांव सराय काजियान, झारखंडी, अमीनाबाद, फिरोजपुर के ग्रामीणों का आना जाना होता है।

### मारपीट करने के आरोप में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरजननगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र चन्द्रप्रकाश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर शाम गांव से ही दवा लेने जा रहा था। तभी गांव के ही गौतम पुत्र रामचंद्र, चिन्टू पुत्र हरकेश द्वारा उसके साथ गाली गलौज की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडे व सरिया से हमला कर दिया। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी।

## बिजनौर

## आत्महत्या करने जा रही महिला को पुलिस ने बचाया

**नहटौर, अमृत विचार :** ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने जा रही महिला को पुलिस ने बचाया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

डेढ़ वर्ष पहले नगीना निवासी तलाकशुदा महिला का निकाह नहटौर निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद कुछ समय तक महिला युवक के साथ रही। बाद में युवक उसे छोड़कर दुबई काम के सिलसिले में चला गया। युवक ने वहां फर्जी आईडी बनाकर महिला के संबंध में गलत बातें लिखनी शुरू कर दीं। जिसकी शिकायत महिला ने ससुरालियों से की। महिला ने शिकायत पुलिस से भी की। महिला ने कोतवाल को फोन से जानकारी दी कि वह आत्महत्या करने जा रही है। पुलिस ने महिला के फोन की लोकेशन निकलवाई। तब महिला एक तालाब पर मिली जहां वह आत्महत्या करने जा रही थी। पुलिस ने उसे रोककर समझाते हुए आत्महत्या करने से बचा लिया।

# भनेड़ा टोल प्लाजा पर भाकियू का धरना जारी

**संवाददाता, किरतपुर**

**अमृत विचार :** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर ग्राम भनेड़ा में बने टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों की मनमानी के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों ने टोल कर्मियों को वाहन चालकों से कोई टोल वसूलने नहीं दिया।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष देवदत्त शर्मा के नेतृत्व में मेरठ-पौड़ी नेशनल हाइवे के ग्राम भनेड़ा में बने टोल प्लाजा पर हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न होने पर टोल कर्मियों की टोल वसूलने की हटधार्मिता के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। टोल प्लाजा पर भाकियू नेता बाबूराम तोमर व देवदत शर्मा के नेतृत्व में किसान तीसरे दिन गुरुवार को भी धरना प्रदर्शन करते रहे। टोल टैक्स वसूलने ओर हाईवे पर काम पूरा नहीं होने और किसानों की समस्याओं की सुध न लेने पर भाकियू में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि किसान गर्मी और बारिश में खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हुए हैं। हमारी मांगें पूरी होने तक हम धरना स्थल से नही हटेंगे। आसपास के ग्रामीण धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन देने के लिए स्थल पर आ रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्य पूर्ण नहीं हुआ है और टोल प्लाजा पर टोल टैक्स वसूलना शुरू कर दिया है। परन्तु किसानों ने टोल टैक्स की वसूली बन्द करा दी है। कहा कि भनेड़ा टोल पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों के धरना-प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के बाबूराम तोमर सहित देवदत शर्मा, सुमित चौधरी, सोनू कुमार, संजय कुमार सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

वहीं, भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के नेता भी भनेड़ा टोल प्लाजा को टोल फ्री कराने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसान यूनियन का समर्थन दे रहे हैं। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चौधरी नरपल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नीरज चाहल, जिला कौशल कुलदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विशेष राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मदपुर देवमल मयंक राजपूत आदि किसान मौजूद रहे।



टोल प्लाजा पर मौजूद किसान। ● अमृत विचार

● भाकियू जनशक्ति और क्षेत्र के ग्रामीण भी कर रहे समर्थन

## बिल के भुगतान के बाद महिला ने नहीं दिए रुपये

**नहटौर, अमृत विचार :** जन सुविधा केन्द्र पर बिजली का बिल जमा करने के बाद भुगतान नहीं करने वाली महिला के खिलाफ पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

गांव सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी मोहम्मद शाहनवाज का गांव में जन सुविधा केन्द्र है। गांव की महिला उसके पास अपना बिजली का बिल जमा कराने के लिए आई थी। उसने अपनी आईडी से 18057 रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान होने के बाद महिला मात्र उसे 1800 रुपये देने लगी। लेकिन जब उसने बताया कि आपका बिल भुगतान 18057 रुपये हुआ है। उसने उसे भुगतान की स्लिप भी दिखाई लेकिन मानने को तैयार नहीं है। गांव के कई ग्रामीणों ने भी रुपये दिलाने का प्रयास किया, लेकिन महिला ने किसी की बात नहीं मानी। जन सुविधा केन्द्र संचालक दिव्यांग है। पीड़ित ने रुपये नहीं मिलने पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### अवैध संबंध के चक्कर में मुरादाबाद में तैनात हेड कांस्टेबल ने पत्नी को पीटा

**बरेली कैंट, अमृत विचार :** पीएसी में तैनात हेड कांस्टेबल दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते अपनी पत्नी को मारता पीटता है। खर्चे के लिए पैसे भी नहीं देता है। पीड़ित पत्नी ने उसके खिलाफ कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया राजीव नगर डिफेंस कॉलोनी निवासी गीता यादव ने बताया कि उनका पति हरिराम यादव मुरादाबाद जिले में पीएसी 24 बटालियन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। पति के फरीदपुर की एक महिला से अवैध संबंध हैं। और वह उसे अपने साथ रखता है। उसे घर चलाने को खर्चा नहीं देता, मांगने पर मारपीट करता है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे पीड़ित पत्नी ने हेड कांस्टेबल पति से खर्च को पैसे मांगे। इस पर उसने उसे पीटा। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। कैंट पुलिस ने महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। पीड़ित महिला ने हेड कांस्टेबल पति के खिलाफ कैंट थाने में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 18 परिवारों को दिया घर खाली करने का नोटिस

**नैनीताल, अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र के चार्टन लॉज में भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने गुरुवार को क्षेत्र के 18 परिवारों को घर खाली करने का नोटिस दिया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद खतरे की जद में आ रहे 18 परिवारों को सुरक्षा के मद्देनजर घर खाली करने का नोटिस दिया गया है। इन सभी परिवारों को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशासन ने जिन लोगों को नोटिस दिया है उनमें चन्द्रशेखर, कैलाश चन्द्र मिश्रा, पासंग डोमा, भरत कापड़ी, रमेश सिंह धामी, मंगल सिंह बिष्ट, मोईनुद्दीन, सैफउद्दीन, आसिफ अली, किशन सिंह, मोना, बिलाल, कमल सिंह, शिवप्रसाद, गिरीश कुमार, मुख्तार अली, बंसती देवी, मेहंदी हसन, आसिम आदि शामिल हैं।

# रुविवि परिसर में लागू होगा एकेडमिक कैलेंडर

## एक साथ होंगी परीक्षाएं, अभी तक विभागों की प्रवेश और अन्य परीक्षाएं होती थीं अलग-अलग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- कुलपति के आदेश पर बनी समिति ने की बैठक, जल्द जारी होगा कैलेंडर

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में भी अब महाविद्यालयों की तरह एकेडमिक कैलेंडर लागू होगा। इसके तहत सभी विभागों के प्रवेश और परीक्षाएं भी एक साथ होंगी। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर प्रवेश सेल में शिक्षा संकायाध्यक्ष की अध्यक्षता में गुरुवार को इस संबंध में बैठक हुई। अब जल्द ही एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय परिसर में अभी छह संकाय हैं, जिनमें अलग-अलग विभाग हैं। इनमें बीटेक, एमबीए, एलएलएम, एमए और एमएससी, बीफार्मा, बीएचएम समेत कई पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती हैं। इनमें डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। अभी सभी विभागों के प्रवेश अलग-अलग समय तक होते हैं और इसके अलावा सब की परीक्षाएं भी अलग-अलग समय पर होती हैं। इसकी वजह से कुछ विभागों की परीक्षा गर्मी से पहले हो जाती हैं तो कुछ गर्मी में होती हैं। इसकी वजह से विद्यार्थी छात्रावासों में भी रहते हैं। इस वर्ष भी कुछ विभागों की परीक्षाएं हो गई थीं तो कुछ का शेड्यूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद रखा गया था। इसकी वजह से भीषण गर्मी में छात्रों को परीक्षा के दौरान दिक्कत हुई थी। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने भी गर्मी में परेशानी की वजह से विरोध किया था। इस समस्या के समाधान के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षिक कैलेंडर लागू करने का निर्देश दिया था। इसके तहत शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. एसके पांडेय की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई। इस समिति के सचिव डॉ. अतुल कटियार, प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. भोला खान, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. विजय सिन्हाल, डॉ. प्रतिभा और डॉ. अमित सिंह हैं। गुरुवार को समिति की प्रवेश सेल में बैठक हुई। इसमें सभी सदस्यों से राय ली गई कि किस समय तक प्रवेश पूरे होने चाहिए और कब तक परीक्षाएं होनी चाहिए। इसके तहत 15 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया। इसके बाद नियमों के तहत 90 दिन की पढ़ाई के बाद सेमेस्टर परीक्षाएं कराने पर सहमति बनी। ऐसे में एक सेमेस्टर दिसंबर तक और दूसरा सेमेस्टर 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। सभी विभागों की मिड टर्म यानी इंटरनल और एंड टर्म और एक्सटर्नल की परीक्षाएं भी एक साथ ही होंगी। विश्वविद्यालय एक साथ ही सभी का परीक्षा कार्यक्रम जारी करेगा। एक साथ परीक्षा होने पर सभी विद्यार्थियों की छुट्टियां भी एक साथ हो जाएंगी। बैठक के बाद अब जल्द ही पूरा कैलेंडर तैयार किया जाएगा और संभव है कि इसे एक सप्ताह या 10 दिन में कुलपति की अनुमति के बाद जारी कर दिया जाएगा।

### इग्नू से एमए ज्योतिष और भगवत गीता की करें पढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सत्र 2024-25 में एमए और एमबीए के कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसमें एमए ज्योतिष और भगवत गीता भी शामिल है। जुलाई में इन पाठ्यक्रमों प्रवेश शुरू हो गए हैं। इग्नू के बरेली अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि इस सत्र से नए विशेष पाठ्यक्रम एमबीए एग्रो बिजनेस, कंस्ट्रक्शन, लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन और हॉस्पिटल हेल्थ केयर मैनेजमेंट शुरू किए हैं। इसके अलावा एमए ज्योतिष, एमए भगवद् गीता शामिल हैं। इसके अलावा बीए, बीएससी और बीकॉम भी कर सकते हैं। इग्नू ने ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि भी 30 जून से बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है। अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा कर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

# रेलवे की टनल में फंसे 8 श्रमिकों को बमुश्किल किया गया रेस्क्यू

ब्यूरो, देहरादून

- प्रदर्शनकारी ग्रामीणों द्वारा काम रुकवा देने से टनल में फंस गए थे मजदूर

**अमृत विचार :** प्रदर्शनकारी ग्रामीणों के ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम रुकवा देने से उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब निर्माणाधीन टनल में आठ श्रमिक अंदर फंस गए। इससे निर्माण एजेंसी एलएनटी के इंजीनियरों की सांस अटक गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अंदर फंसे श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के कार्य को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। रेलवे की कार्यप्रणाली को लेकर पास में ही स्थित रामपुर-कांडा ग्राम पंचायत के लोगों में खासी नाराजगी है। ग्रामीण लंबे समय से आंदोलन भी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है रेलवे द्वारा यहां ब्लॉटिंग की जा रही है। जिस वजह से उनके भवनों में दरार पड़ रही है। कई लोगों के घर जर्जर हो गए हैं। वहीं गांव के आसपास के स्रोत्र भी सूख गए हैं, जिससे क्षेत्र में पानी का संकट हो गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने कांडा- रामपुर में रेलवे टनल का काम रुकवा दिया। एकाएक काम रुकने से उस वक्त टनल में अंदर काम कर रहे आठ मजदूर फंस गए।

मजदूरों के टनल में फंसने से निर्माणदायी संस्था एलएनटी के इंजीनियर के हाथ-पांव फूल गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। श्रमिकों के बाहर आने पर सबने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विकास निगम, प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन, आज तक उनकी मांगों को हल नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा वे काम नहीं होने देंगे।

# रॉयल्टी से बचने के लिए डंपर चालक ने युवक को कुचला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- खाना बनाने के लिए चावल लेकर पैदल घर लौट रहा था युवक
- घटना को अंजाम देकर भागा चालक पकड़ा, डंपर किया सीज

**अमृत विचार :** रॉयल्टी से बचने के लिए खनिज से लदे डंपर ने पैदल जा रहे युवक को कुचल डाला। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से डंपर व चालक को पकड़ लिया है।

चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी मोहन राम (35 वर्ष) पुत्र स्व. बहादुर राम पेशे से मजदूर था। उसकी पत्नी छोटी बेटी के साथ अलग रहती है और वह अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ अलग रहता था। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वह खाना बनाने के लिए घर से कुछ दूर स्थित दुकान से चावल लेने गया था। वापसी में रकसिया नाले से मिट्टी लेकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने चांदनी चौक किला मार्ग पर उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। आरोपी डंपर समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों के मुताबिक रामपुर रोड पर गन्ना सेंटर से कुछ दूरी पर खनिज वाहनों से रॉयल्टी ली जाती है। इस रॉयल्टी से बचने के लिए खनिज लदे डंपरों को अंदरूनी मार्गों से ले जाए जाता है। जबकि अंदरूनी मार्ग महज 10 फीट के हैं। टीपीनगर पुलिस ने बताया कि चालक व डंपर की तलाश की जा रही है।

## खेत कब्जा कराने पर चौकी इंचार्ज निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला थाना क्षेत्र की रामनगर चौकी इंचार्ज पवन कुमार पर एक व्यक्ति ने खेत पर कब्जा कराने का आरोप लगाया। आरोप है कि जब वह चौकी में शिकायत करने गया तो उसे भगा दिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने जांच में दोषी पाए जाने पर चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

मऊ चन्दपुर चौकी क्षेत्र रामनगर निवासी शालिग्राम वर्मा ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की कि वह अपने खेत पर कई साल से काबिज हैं। खतौनी में भी उनका नाम दर्ज है। आरोप है कि गांव तिगरा खानपुर निवासी बुद्धि सिंह ने चौकी इंचार्ज की मिलीभगत से 29 जून को उनके खेत पर कब्जा कर लिया। उनके सामने ही खेत की जुताई कराई। उन्होंने चौकी रामनगर में शिकायत की तो कार्रवाई के बजाय चौकी इंचार्ज पवन कुमार ने उन्हें भगा दिया।

# सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, पंतनगर/दिनेशपुर

**हादसा**

- देर रात मटकोटा के पास सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराई कार
- रक्तदान करने दिनेशपुर से आए थे युवक

**अमृत विचार :** मटकोटा मोड के पास एक सड़क हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का हल्द्वानी के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिनकी गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी गई।

बुधवार की शाम वार्ड नंबर-पांच दिनेशपुर निवासी गोपाल मल्लिक (28) पुत्र केशव मल्लिक व दीपू ढाली (26) पुत्र बाबू ढाली और वार्ड नंबर-चार दिनेशपुर निवासी सोनू सरकार (26) पुत्र धरम चंद्र सरकार आई-20 कार संख्या यूके 06/एम 9200 से किसी मरीज के लिए रक्तदान करने रुद्रपुर आए थे। रक्तदान के बाद देर रात रुद्रपुर से दिनेशपुर की ओर जाते समय उनकी कार मटकोटा एनएच-87 हाईवे पर बन रहे ब्रिज के पास खड़े पेवर मशीन (सड़क बनाने वाली मशीन) से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में गोपाल मल्लिक और सोनू सरकार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दीपक ढाली गंभीर रूप से घायल हो गया।

## रोडवेज परिसर की गिरी दीवार

**काशीपुर, अमृत विचार :** बारिश के चलते रोडवेज डिपो परिसर में बने शौचालय से सटी एक दीवार भरभरा कर गिर गई। करीब आठ फीट की दीवार के अचानक गिरने से रोडवेज कर्मचारी चकित रह गए। आवाज सुनकर सभी दौड़ पड़े। वहां देखा की शौचालय और परिसर के बीच बनी हुई दीवार पूरी तरह से गिर चुकी है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर**

पत्रांक- सीएमओ/स्वार/भवन ध्वस्तीकरण/2024-25 दिनांक -04 जुलाई 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वार जनपद रामपुर में भवन ध्वस्तीकरण मूल्यांकन उपरान्त उक्त भवन को ध्वस्त करने एवं ध्वस्तीकरण के उपरान्त मलबे के निस्तारण की नीलामी जैसा कि जिस स्थिति में है के आधार पर दिनांक- 11-07-2024 (बृहस्पतिवार) को अपराहन 12:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वार, रामपुर पर नीलामी प्रस्तावित है। अतः इच्छुक बोलीदाता नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु धरोहर राशि रूपये 10,000/- रूपये दस हजार मात्र का डिमांड ड्राफ्ट Chief Medical Officer, Rampur के नाम जो कि जनपद रामपुर पर देय हो दिनांक 08-07-2024 से 09-07-2024 तक (प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर टोकन प्राप्त कर सकते है। डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन पत्र फोटो सहित, आधार कार्ड, पैनकार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की स्वप्रमाणित छाया प्रति जमा करना होगा। धरोहर राशि जमा करने वाले बोलीदाता ही नीलामी प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर।

# केयर टेकर युवती ने प्रेमी के साथ की थी महिला की हत्या

संवाददाता, किच्छा

- 64 वर्षीय अस्थमा पीड़ित की हत्या को दुर्घटना दिखाने का किया था प्रयास
- पुलिस की जांच में घटना का हुआ खुलासा, दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चार दिन पहले नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू जायसवाल की जेठानी विजयलक्ष्मी देवी जायसवाल की संदिग्ध हालातों में हुई मौत का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में अस्थमा पीड़ित विजयलक्ष्मी की देखभाल करने वाली केयर टेकर युवती और उसके शाहजहांपुर निवासी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लूटपाट की इरादे से महिला की तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी और महिला के जेवर व नगदी लूट कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने चोरी हुए जेवर, नगदी सहित हत्या में प्रयुक्त तकिया बरामद कर लिए हैं।

नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू जायसवाल की पंजाबी मोहल्ला वार्ड नंबर 15निवासी जेठानी विजयलक्ष्मी देवी (64) का शव विगत 29 जून की सुबह उनके अपने घर के कमरे में मिला था। विजयलक्ष्मी के बिस्तर पर पड़े शव के निकट इनहेलर पंप तथा दवाई की गोलियां बिखरी हुई थीं। घटना की सूचना पर जयपुर से पहुंचे मृतका के पुत्र आशीष जायसवाल तथा दिल्ली से वापस लौटे पति हरीश चंद की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की थी। गत 2 जुलाई को मृतका के पुत्र आशीष जायसवाल ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि माता विजयलक्ष्मी देवी के गले में पड़ी सोने की चेन, हाथ की अंगूठी तथा उनके पास सदैव रहने वाली कपड़े की पोटली गायब है। आशीष के अनुसार घटना वाली रात उनकी माता विजय लक्ष्मी के साथ पंत कॉलोनी किच्छा निवासी अंजली शर्मा नाम की युवती मौजूद थी जो कि विजयलक्ष्मी की पूरा दिन साथ रहकर देखभाल करती थी। शिकायत में उन्होंने कहा कि माता विजय लक्ष्मी की तबीयत के बारे में पूछताछ तथा उनके जेवरात के बारे में जानकारी हासिल करने पर अंजली लगातार परिजनों को गुमराह करती रही। शक होने के बाद परिजनों ने जब जांच की तो पता चला कि अंजली शर्मा द्वारा पंत कॉलोनी में नया मकान बनवाया जा रहा है। इसके चलते उस पर कई लोगों का कर्जा हो गया है और वे लोग लगातार अंजली से पैसे वापस करने का दबाव बना रहे हैं।

पुलिस को दी शिकायत में आशीष ने बताया कि जब परिजनों द्वारा अंजली शर्मा की हरकतों को देखने के लिए घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई तो घटना की रात अंजली शर्मा एक अनजान युवक के साथ घर के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में टहलती नजर आई। आशीष ने युवती अंजली शर्मा एवं अज्ञात युवक पर लूटपाट करने के इरादे से माता विजयलक्ष्मी देवी की हत्या करने तथा सोने की चेन, सोने की अंगूठी व पर्स लूटने का आरोप लगाया। गुरुवार को कोतवाली परिसर में घटना का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के बाद आरोपी अंजलि शर्मा एवं ग्राम चिनोर, थाना सदर, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश निवासी शिवम सक्सेना का नाम प्रकाश में आया। पुलिस टीम ने अंजली शर्मा एवं उसके प्रेमी शिवम सक्सेना को सूचना के आधार पर हल्द्वानी रोड पर निर्माणाधीन जेल के सामने से हिरासत में ले लिया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र अनमोल व उसकी पत्नी मुन्नी देवी गलत संगत में पड़ गये हैं। दोनों लोग मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा-फसाद व मारपीट करते रहते हैं। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। दोनों के द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों के वह स्वंय जिम्मेदार होगें। वरन सिंह पुत्र खमानी सिंह निवासी- ग्राम नसीर पुर तह० व थाना- कांठ, जि० मुरादाबाद, (उ.प्र.)।

**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0650614 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो काफी तालाश करने के बाद भी नही मिला सका। गोविन्दा पुत्र श्री चरनसिंह ग्राम कन्डौव्वा तह. हसनपुर जिला अमरोहा।

**NAME CORRECTION**

Aina Shahwez, D/o Gayasuddin R/o Reti Street, Qayam ki beriyan Moradabad class IX ICSE Registered UID No. is 6817 2015 5229 From Wilsonia College Moradabad. My Father name is incorrect in the School Record as SHAHWEZ, whereas the correct name as Per the Govt. ids of my Father is Gayasuddin.

**मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि गाटा सं०- 127, 128 तथा 129 / 1 ग्राम मैनाठेर लाकडी फाजलपुर रोड, मुरादाबाद की 1904.66 वर्गमी० भूमि पर हेल्थ क्लब / जिमनेजियम भवन के निर्माण की स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। मुरादाबाद महायोजना- 2021 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग "आवासीय आर0-1" के अन्तर्गत प्रदर्शित है। मुरादाबाद महायोजना- 2021 के जोनिंग रेगूलेशन्स के प्राविधान के अनुसार "आवासीय आर०- 1" भू-उपयोग में हेल्थ क्लब / जिमनेजियम क्रिया अनुमन्य है। महायोजना- 2021 के जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार प्रश्नगत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व एक माह का समय पूर्व एक माह का समय देते हुए जनसामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान हैं। अतः उपरोक्तानुक्रम में जनसामान्य से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था अपना कोई सुझाव / आपत्ति देना चाहें तो मुख्य नगर नियोजक, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद के प्रथम तल पर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त किसी आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद।

## भीषण गर्मी के बाद अब भीषण ठंड झेलनी होगी

**पंतनगर, अमृत विचार :** इस बार अल-नीनो वर्ष होने की वजह से मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी पड़ी थी। रिकॉर्ड दिन तक उष्ण लहर रही जिस वजह से जन जीवन तक प्रभावित हो गया था। मौसम विभाग के अनुसार अब अल-नीनो का असर खत्म हो गया है। साथ ही अब ला-नीना का प्रभाव शुरू होगा। जिस वजह से भीषण गर्मी के बाद अब लोगों को भीषण ठंड देखने को मिलेगी।

- अल नीनो समाप्त, अब शुरू होगा ला-नीना का प्रभाव

अल-नीनो के प्रभाव की वजह से पिछले दिसंबर में दिन के समय अपेक्षाकृत ज्यादा तापमान दर्ज किया जा रहा था। साथ ही गर्मियों के मौसम में मार्च के अंतिम सप्ताह से गर्मी शुरू हो गई थी। पहले उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में सामान्य तौर पर नौ से 10 दिन ही उष्ण लहर रहती थी लेकिन इस बार 25 से ज्यादा दिन तक उष्ण लहर रही। साथ ही जून माह में रिकॉर्ड 12 दिन तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा था। यहां तक की अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया और पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। मौसम विज्ञानी के अनुसार अल-नीनो एक मौसमी घटना जो गर्मी के लिए जिम्मेदारी होती है। इसी तरह से ला-नीना भी मौसमी घटना है। जो ठंड के लिए जिम्मेदारी होती है। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अब अल नीनो का असर पूरी तरह से समाप्त हो गया है और 10-15 दिन के अंदर ला नीना का प्रभाव शुरू हो गया।

**कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश**
**( प्रसार अनुभाग )**
**कृषि भवन, लखनऊ।**

पत्रांक-प्रसार 411/स. सेवा प्रदाता पत्रा./लखनऊ/2024-25/दिनांक-03 जुलाई, 2024

**:प्रेस विज्ञप्ति:**

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मैनपावर आपूर्ति हेतु सेवा प्रदाताओ के चयनार्थ जेम पोर्टल पर क्लस्टरवार निविदाएं दिनांक 03-07-2024 को अपलोड की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है।

| क्लस्टर सं. | निविदा संख्या- | निविदा आमंत्रण तिथि | सम्मिलित मण्डल/क्षे. | निविदा का अनुमानित मूल्य (रु.में) |
|---|---|---|---|---|
| क्लस्टर-1 | GEM/2024/B/4976874 | 03-07-2024 | आगरा, बरेली, मेरठ मुरादाबाद एवं सहारनपुर मंडलों के समस्त जनपद | 319563952.13 |
| क्लस्टर-2 | GEM/2024/B/4980491 | 03-07-2024 | अलीगढ़, झांसी, कानपुर एवं लखनऊ मंडलों के समस्त जनपद | 324642017.52 |
| क्लस्टर-3 | GEM/2024/B/4999776 | 03-07-2024 | प्रयागराज, आजमगढ़ चित्रकूट. मिर्जापुर एवं वाराणसी मंडलों के समस्त जनपद | 329178970.40 |
| क्लस्टर-4 | GEM/2024/B/5006311 | 03-07-2024 | बस्ती,देवीपाटन,अयोध्या एवं गोरखपुर जनपद के समस्त मण्डल। | 302887823.23 |
| क्लस्टर-5 | GEM/2024/B/5099447 | 06-12-2021 | कृषि निदेशालय (मुख्यालय) | 66453613.81 |

उक्त क्लस्टरवार निविदाओं को दिनांक 17-07-2024 को खोला जायेगा। निविदा से संबंधित नियम/शर्तो का विवरण जेम पोर्टल पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है। इच्छुक प्रतिभागी जेम पोर्टल पर उक्त निविदाओं में प्रतिभाग कर सकते है। उक्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश का होगा।

( डा. जितेन्द्र कुमार तोमर )
कृषि निदेशक,उत्तर प्रदेश

उ.प्र.217039 दिनांक 03-07-2024
विज्ञापन वेबसाइट- www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**तलाश गश्ती**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फोटो में दर्शित कु० आरती पुत्री श्री अमर सिंह निवासी ग्राम नसरतनगर थाना शहजादनगर, जनपद रामपुर दिनांक 17.04.2024 के घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना शहजादनगर पर गुमशुदगी पंजीकृत की गई है। **हुलिया-** कद 05 फुट 1 इंच, रंग गोरा, आंख, नाक, कान औसत उम्र 19 वर्ष, कपड़े गुलाबी रंग का सूट सलवाल कुर्ती व पैरों में चप्पल पहने है। यदि किसी सज्जन को उक्त गुमशुदा के सम्बन्ध में कोई जानकारी मिले तो थाना शहजादनगर जनपद रामपुर को निम्न मो0नं0 पर सूचित करने की कृपा करें।

(हरेन्द्र यादव) थानाध्यक्ष थाना शहजादनगर जनपद रामपुर मो0 9454404169
(सोहन सिंह) जांचकर्ता, थाना शहजादनगर जनपद रामपुर मो0 7830882443

**तलाश गश्ती**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.03.2024 को थाना शहजादनगर, जनपद रामपुर, क्षेत्र के ग्राम ककरौआ के जंगल में एक अज्ञात शव मिला है। जिसकी शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं किन्तु अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। यदि यह किसी थाने/शाखा से सम्बन्धित हो तो थाना शहजादनगर से तत्काल सम्पर्क करने की कृपा करें। **हुलिया-** इकहरा जिस्म, कद करीब 5 फुट 06 इन्च, रंग गंधूम, नीला लोअर, चैक की शर्ट व नीचे गोल गले की टी-शर्ट पहने हैं, थोड़ी सी सफेद रंग दाढ़ी बढ़ी हुई व काली मूंछे है।

(सोहन सिंह) उ0नि0/जांचकर्ता थाना शहजादनगर जनपद रामपुर मो0 7830882443
(हरेन्द्र यादव) थानाध्यक्ष थाना शहजादनगर जनपद रामपुर मो0 9454404169

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## अमृत विचार कार्यालय पहुंचे पर्यावरण एवं वन मंत्री ने प्रकट की जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर चिंता

# पौधरोपण महाभियान को बनाएं महापर्व: डॉ. अरुण कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र.के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे तो मनुष्य के बिना रह सकते हैं, लेकिन इनके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरिश करते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की परवरिश करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए आने वाले समय में हमें अपनी परंपराओं और आस्था से जुड़े पौधों को लगाने की आवश्यकता है। इस कड़ी में पीपल, बरगद, नीम, बेल, पाकड़ लगाया जाना महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही फलदार पौधे भी लगाने होंगे। जैसे देसी आम, जामुन, अमरूद आदि। जुलाई माह में हम व्यापक स्तर पर पौधरोपण करेंगे। इसके लिए जनता से भी अपील कर रहे हैं। गुरुवार को दैनिक अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय पहुंचे मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एक विशेष बातचीत में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की दिशा में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग प्रजाति के पौधे पूरे प्रदेश भर में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। वन मंत्री ने महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करने की जानकारी साझा करते हुए 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को एक महापर्व की मनाना है, जिसमें हर व्यवसाय और प्रोफेशन से जुड़े लोगों को हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि इन पौधों की देखभाल ओर सुरक्षा अच्छे से होती रहे।

**उष्मा प्रभाव से मिलेगी निजात:** मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की वजह से प्रदेश में वन क्षेत्र की सीमाएं कम होती रही हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में उष्मा प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्वस्थ जीवन के लिए हमें पौधे लगाने ही होंगे।



अमृत विचार, लखनऊ कार्यालय पहुंचे वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

### डॉ. सक्सेना ने देखा अमृत विचार कार्यालय

आपसी वार्ता के बाद मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अमृत विचार कार्यालय को भी देखने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने अखबार के विभिन्न विभागों को जाकर देखा और खासकर संपादकीय विभाग की कार्यप्रणाली भी समझी। संपादकीय टीम के साथ उन्होंने हल्के-फुलके अंदाज में अपने तमाम अनुभव भी साझा किए और समाचार-पत्र की प्रगति के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, संपादकीय प्रभारी अनिल त्रिगुणायत, राज्य ब्यूरो प्रमुख अजय दयाल, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्र और डिजिटल इंचार्ज वीरेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने वाले अभियान में आगे आएं:

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई दूजा नहीं होता है। उसके ममत्व की महत्ता अपरंपार। 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अभियान को तत्पर हैं। इस क्रम में हम प्रदेश में अधिकाधिक पौधे लगाने को कृतसंकल्प हैं। अपनी मां के नाम पर पौधे लगाने को लोग आगे आएं। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा।

## राज्य सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है : अखिलेश



**लखनऊ, अमृत विचार:** हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है। अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

# सुरक्षित न हों तो तत्काल बंद कराएं पुराने सेतुओं पर यातायात: योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का कराएं निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाए, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गों के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।


लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाए।

### चले साफ बसें और बस अड्डों को रखें दुरुस्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों व जल ले जा रहे कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसे लेकर रोडवेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट और उनसे जुड़ी समस्याओं का खाका खींचते हुए तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इनमें अधिक आवागमन वाले रूट पर अतिरिक्त बसों को चलाने, बस व बस अड्डों को साफ रखने और कांवड़ियों के लिए बस अड्डों पर विशेष व्यवस्था करने को कहा। बरेली, आगरा, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं सहारनपुर क्षेत्र के अफसरों को खासतौर पर तैयारियां करने को कहा गया है।

## सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री पर केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** सआदतगंज से लेकर अयोध्या नया घाट तक बने रामपथ को लेकर सियासत के फेर में सपा के दो नेता फंस गए हैं। अपने फेसबुक अकाउंट पर रामपथ का फर्जी वीडियो वायरल करने के मामले में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा और साकेत महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। कोतवाल नगर अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि कुशवाहा और अवधेश द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। जिसमें एक महिला को सड़क में बने गड्ढे में गिरते हुए दर्शाया गया था। पोस्ट में इसे रामपथ बताया गया था। इसकी जांच कराई गई, जो रामपथ का नहीं निकला।

## सार-संक्षेप

### किसान सम्मान निधि के लिए 8 से कराएं रजिस्ट्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले मे पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन ने इसके लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। जिले में रजिस्ट्री का कार्य आठ जुलाई से शुरू हो जाएगा। जो 30 सितंबर तक चलेगा। किसान रजिस्ट्री न कराने पर सम्मान निधि या सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं रुक सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने गुरुवार को बताया की यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी। जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है, तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

### प्रो. विनय कुमार पाठक को मिला दूसरा कार्यकाल

**कानपुर, अमृत विचार :** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दूसरा कार्यकाल प्रदान करते हुए तीन साल के लिए दोबारा कुलपति नियुक्त किया है। गुरुवार को राजभवन से इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया। आदेश मिलते ही विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल रहा। शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो पाठक ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए गुरुवार को जॉइन कर लिया। प्रो पाठक के कार्यकाल में ही सीएसजेएमयू को नैक ए प्लस प्लस, यूजीसी कैटेगरी 1 का दर्जा भी हासिल हुआ है।

### राशन की दुकानों की निगरानी के लिए नया साफ्टेवयर

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टेवयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वत: संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी।

### बिजली उपभोक्ता 20 केवी तक ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे लोड

**लखनऊ, अमृत विचार :** अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से सभी वितरण निगमों को पत्र लिखा गया है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएल ऑनलाइन डॉट कॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोड बढ़वाने के लिए अब उपभोक्ताओं को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### इरफान सोलंकी ने हाईकोर्ट में की अपील

**कानपुर, अमृत विचार :** आगजनी कांड में दोषी करार दिए गए सीसामऊ सीट से सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी व उसके भाई रिजवान ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सोलंकी की ओर से सजा पर रोक लगाने की मांग की गई है। मामले में दोषी करार दिए गए अन्य तीन लोगों ने याचिका दाखिल नहीं की है।

# सदमे में एसिड अटैक में झुलसी पीड़िता

**नफरत का तेजाब**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बुधवार सुबह हुए एसिड अटैक की शिकार युवती की हालत गंभीर है। वह सदमे में है। केजीएमयू में भर्ती पीड़िता का 40 फीसदी चेहरा तेजाब से झुलसा है। इसमें दोनों गाल और पलकों पर घाव हैं। इसके रिकंस्ट्रक्शन में इलाज का निर्धारण करीब एक से डेढ़ सप्ताह बाद,घाव सूखने पर किया जाएगा। वहीं उसके मौसेरे भाई की पीठ 20 प्रतिशत झुलसी है।

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.विजय कुमार ने बताया कि युवती के घाव ताजे हैं, इसलिए घाव की गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। एक से दो सप्ताह में घाव सूखने पर, बर्न की गंभीरता पता चलेगी। इसके बाद तय किया जाएगा कि स्किन ग्राफ्टिंग (शरीर के अन्य हिस्से से स्वस्थ त्वचा लेकर प्रत्यारोपित करना) की जाए या रक्त आपूर्ति बरकरार रखते हुए त्वचा प्रत्यारोपण लगेगा। उसके भाई की पीठ के घाव ज्यादा गंभीर हैं। चेहरे को सामान्य स्थिति में लाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि घाव के निशान नहीं होंगे, लेकिन ग्राफ्टिंग के निशान जरूर दिखेंगे। घाव चेहरे के मुख्य हिस्से पर हैं, इसलिए प्रयास किया जाएगा कि चेहरे की सुंदरता को सुरक्षित रखा जाए और ग्राफ्टिंग के निशान कम दिखाई पड़ें।

### योगी ने लिया हालचाल

तेजाब पीड़िता छात्रा के इलाज और उसकी स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू प्रशासन को कॉल कर जानकारी हासिल की। वहीं, डॉक्टरों को निर्देश दिया कि किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### बाजार में चार तरह के तेजाब ही उपलब्ध

केजीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ.शीतल वर्मा ने बताया कि सात प्रकार के तेजाब में अमूमन बाजार में चार प्रकार के तेजाब उपलब्ध होते हैं। सभी की मारक क्षमता बराबर होती है। यह उनके कन्संट्रेशन पर निर्भर करता है। बाजार में उपलब्ध सामान्य तेजाब में हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड और फ्लोरिक एसिड प्रमुख हैं। इनमें सबसे ज्यादा घातक फ्लोरिक एसिड होता है जो कि पानी डालने पर बढ़ता है।

**उन्नाव में बुधवार देर रात हुआ हादसा**

# झोपड़ी पर पलटा ट्रक, मां और दो बेटों की मौत

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई।

बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देर रात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।


झोपड़ी पर पलटा ट्रक।

## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**
1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**
2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दु | ■ | 2 वा |
| ■ | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| ■ | फ़ा | ■ | भि | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | यो | ■ | 4 रो |
| 5 पी | त | ■ | ज | ■ | च |
| ह | ■ | 6 सु | न | गु | न |
| री | ■ | खी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04 .26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष:** आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन:** आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क:** आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह:** आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला:** आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

**धनु:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर:** आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ:** आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग

बु. 4, चं., गु. 2, 5, शु. सू. 3, 1 मं., के., रा., 6, 12, 9, 7, 11, 8, 10 श.

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04 .06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES: लोहा सुबह : 11.02; शास्त्र रात : 07.00

&pictures: धड़क सुबह :11.14; मिशन रानीगंज रात : 08.00

SONY PIX: पैसिफिक रिम सुबह : 11.11; जॉन विक : चैप्टर 2 रात : 09.00

ZEE CINEMA: धमाल दोपहर : 12.31; नाग भूमि रात : 08.00

colors CINEPLEX: बाजी सुबह : 11.30; कार्तिकेय 2 शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120
**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 890

## मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75-78 रुपये मसूर : 60-68 रुपये मलका : 62-68 रुपये अरहर : 140-150 रुपये उड़द : 100-110 रुपये धोआ उड़द : 110-130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95-105 रुपये मूंग साबुत : 90-105 रुपये चना देसी : 60-70 रुपये चना कावली : 90-130 रुपये राजमा लाल : 130-140 रुपये राजमा चित्ता : 125-130 रुपये लोबिया लाल : 90-110 रुपये लोबिया सफेद : 80-100 रुपये ।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74500 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 55500-55700 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 90,700 |

# सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

## प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।



● प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

### अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

## धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

# देश के 12 बंदरगाहों पर माल आवाजाही जून में 6.8% बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी**

देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल की आवाजाही जून में 6.8% बढ़कर 6.90 करोड़ टन हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 6.46 करोड़ टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के आंकड़ों के मुताबिक, 10 बंदरगाहों पर माल की आवाजाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जबकि दो पर गिरावट देखी गई।

जून में महाराष्ट्र स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर माल ढुलाई में सर्वाधिक 15.12% की वृद्धि हुई। इसके बाद कोचीन बंदरगाह (15.12%), कामराजर (10.70%), दीनदयाल बंदरगाह (8.57%) और न्यू मैंगलोर बंदरगाह (8.53%) का स्थान रहा। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मुरगांव, न्यू मैंगलूर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजार), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं।

## जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

**तोक्यो।** जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

# देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने को कर रही काम
● वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसके उपयोग के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज हैं।

उन्होंने दिल्ली में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है। 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।

# स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।



## एक नजर

### पीएफआई नेता की जमानत पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूएपीए के तहत गिरफ्तार पीएफआई नेता ओएमए सलाम की अंतरिम जमानत याचिका पर गुरुवार को एनआईए का रुख जानने के लिए नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने सलाम को राहत नहीं देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। पीठ ने एनआईए से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत की मांग की कि सलाम की बेटी की अप्रैल में मृत्यु हो गई थी और उनकी पत्नी अवसाद में हैं। अदालत ने सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सलाम को एनआईए ने 2022 में गिरफ्तार किया था।

### अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालाकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

### शिक्षा मंत्री के बयान पर हंगामा, विस दो बार स्थगित

**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में प्रदर्शन के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज होने एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करने का भाव उनके मन में कभी नहीं रहा। विपक्ष चाहता था कि मंत्री इस मुद्दे पर माफी मांगे। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बोलने दिया। जूली ने मंत्री के बयान के बाद मुख्यमंत्री का बयान इस पक्ष में नहीं आया कि मंत्री ने गलत शब्द कहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

## संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।



● उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

# परिवार से मिल सकेंगे अमृतपाल दिल्ली से जाने की अनुमति नहीं

**चंडीगढ़/अमृतसर, एजेंसी**



● अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट ने तय शर्तों पर जारी किया पेरोल

जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए पैरोल पर दिल्ली लाया जा रहा है। उन्हें परिवार से मिलने की अनुमति होगी, लेकिन दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट के जारी पैरोल आदेश में तय शर्तों के अनुसार, दिल्ली में रहने के दौरान सिंह और उनके रिश्तेदार- परिजन मीडिया में बयान नहीं दे सकते हैं। उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था। असम के डिब्रूगढ़ जिले से पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट जीतने वाले खालिस्तान समर्थक सिंह शुक्रवार को शपथ लेने वाले हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया था कि सिंह को शपथ के लिए विमान से दिल्ली लाया जाएगा और उनकी चार दिन की पैरोल अवधि 5 जुलाई से शुरू होगी। पैरोल में 10 शर्तों का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि अस्थायी रिहाई की अवधि में डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से दिल्ली तक जाने और वापस आने में लगने वाला समय शामिल होगा। वह अस्थायी रिहाई के दौरान दिल्ली के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे। सिंह या उनके रिश्तेदार को अमृतपाल के बयान की वीडियोग्राफी करने या प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# विस अध्यक्ष बोले- सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं

**कोलकाता।** टीएमसी के नवनिर्वाचित दो विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया।

उन्होंने कहा कि सदन का कामकाज पूरी तरह से राज्यपाल पर निर्भर नहीं है। बनर्जी ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी, जिसमें सत्र की अवधि पर फैसला किया जाएगा। विशेष सत्र शुक्रवार अपराह्न दो बजे से शुरू होगा। अगर कोई सोचता है कि हम असहाय हैं, तो वह (पुरुष/महिला) गलत है। विधानसभा असहाय नहीं है और सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं है। आप हम पर अपनी बात थोप नहीं सकते। नियम, कानून और संवैधानिक मानदंड है। हम सभी को उनका पालन करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बृहस्पतिवार को छठे दिन भी पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना दिया। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने उन्हें राजभवन में शपथ के लिए आमंत्रित किया था। बारानगर विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला विधायक रयात हुसैन सरकार ने 27 जून को धरना शुरू किया जो चार जुलाई को भी जारी रहा।

## एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी**

● मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

# 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

आतिशी ने गुरुवार को कहा कि इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए।इन्ही शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है। शिक्षा नीति कहती है कि शिक्षकों के लिए बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली- श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

### मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : ख़रगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।

# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम




## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड 7:30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित शर्मा! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।



नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की



वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।






1. विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक।
2. मरीन ड्राइव पर डबल डेकर बस में सवार भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया प्रशंसकों का अभिवादन।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते खिलाड़ी।
4. दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान बातचीत करते भारतीय खिलाड़ी।
4. प्रधानमंत्री मोदी को नमो 1 की जर्सी भेंट करते बीसीसीआई अधिकारी रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह।

# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक और एलेक्जेंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।




### मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगेरी (कनाडा)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकेंड) के बाद 52.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

टी-20 श्रृंखला



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महीने में तीसरे जापानी पर्वतारोही ने गंवाई जान

**पेशावर।** उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलालंपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

# बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें

बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।



### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं – भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैंत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।

### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# एससीओ का लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई

## शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्र प्रमुखों के समक्ष विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया मुद्दा

अस्ताना, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करोते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।

हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल का किया जिक्र :** भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल, एससीओ सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, एससीओ थिंक-टैंक सम्मेलन और साझा बौद्ध विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। हम स्वाभाविक रूप से अन्य देशों के इसी तरह के प्रयासों का समर्थन करेंगे। विदेश मंत्री ने सफल मेजबानी के लिए कजाखस्तान की तारीफ की।

**बीजिंग से संचालित होता है एससीओ :** एससीओ का कामकाज बीजिंग से संचालित होता है। इसके नौ सदस्य देशों में भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिज, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है। बेलारूस इसमें 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। ● एजेंसी

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

## फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास चुनावी पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं और वह अपना प्रचार जारी रखेंगी।

# कमांडर की हत्या पर हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

बेरूत, एजेंसी

वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। यह हमला ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे।



## द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं।

स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ।

# गाजा के सुरक्षित क्षेत्र में भी जीवन पर खतरा

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा में इजराइल द्वारा घोषित किए गए सुरक्षित क्षेत्र में भी लोगों का जीवन खतरे में है जहां भोजन की किल्लत है और लोग इजराइली हमलों के डर में जी रहे हैं। बुधवार को खान यूनिस के एक प्रमुख अस्पताल के पास एक रिहायशी इमारत पर इजराइल की ओर से किया गया हमला इसका ताजा उदहारण है।

गाजा के खान यूनिस शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित नासेर अस्पताल के पास किए गए हवाई हमले में सात लोग घायल हो गए। इजरायल की सेना द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार यह शहर सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और फिलिस्तीनियों को इस क्षेत्र में शरण लेने को कहा गया है। संरा के अनुमान के अनुसार इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइल की ओर से दिए गए निकासी आदेश का असर लगभग ढाई लाख फिलिस्तीनियों पर पड़ा है। नासेर अस्पताल के पास हुए हमले हवाई हमले के बाद के दृश्य का वीडियो एक संवाददाता द्वारा बनाया गया, जिसमें चारों तरफ धूल उड़ती दिख रही है और लोग भाग रहे हैं। साथ ही दो युवक एक व्यक्ति को ले जा रहे हैं जो संभवता हमले में घायल हुआ है। खान यूनिस के पूर्वी हिस्से से विस्थापित हुए परिवारों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढ़ने के वास्ते एक और जंग लड़नी पड़ रही है।

### युद्ध विराम को लेकर कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है। उन्होंने पुष्टि की कि इजरायल हमास की प्रतिक्रिया पर विचार करेगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।

- भोजन की किल्लत व इजराइली हमले का डर भी सता रहा

## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

## भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव

एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।